


दैनिक

# जयपुर टाइम्स

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

नई सोच नई रफ्तार

jaipurtimes.org
twitter.com/JaipurTimes2
dainikjaipurtimes
youtube.com/c/JaipurTimes
instagram.com/jaipurtimesjt

वर्ष : 10 | अंक : 71 | ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 | जयपुर, शुक्रवार 4 अप्रैल, 2025 | ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 | ■ मूल्य : 1.5 रुपए | ■ पृष्ठ : 8+2


न्यूज इनबॉक्स

## सुप्रीम कोर्ट ने पटाखों पर बैन हटाने से किया इनकार

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में पटाखों के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर लगे प्रतिबंध को हटाने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि लंबे समय से यहां वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर बना हुआ है। मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस अभय एस ओका और उज्जल भुइयां की बेंच ने कहा कि सड़कों पर काम करने वाले लोग सबसे ज्यादा प्रदूषण से प्रभावित होते हैं। हर किसी के पास अपने घर या कार्यस्थल पर वायु शुद्धिकरण यंत्र लगाने की सुविधा नहीं होती।

**दिल्ली में वायु प्रदूषण की स्थिति बहुत खराबः**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पिछले छह महीनों में इस अदालत ने कई आदेश दिए हैं, जो दिखाते हैं कि दिल्ली में वायु प्रदूषण की स्थिति बहुत खराब रही है। संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत स्वास्थ्य का अधिकार हर नागरिक का हक है, जिसमें स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त वातावरण में जीने का अधिकार भी शामिल है।

**पटाखों पर रोक लगाना बिल्कुल जरूरी:**

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि जब तक यह साबित नहीं हो जाता कि ग्रीन पटाखों से बेहद कम प्रदूषण होता है, तब तक इस बैन पर दोबारा विचार करने का सवाल ही नहीं उठता। कोर्ट के अनुसार, दिल्ली में जो असाधारण स्थिति बनी हुई है, उसके चलते पटाखों पर रोक लगाना बिल्कुल जरूरी है।

## कर्नाटक में सिद्वारमैया की बढ़ी मुश्किलें, मुडा मामले में करेगी ईडी जांच

जयपुर टाइम्स

बंगलुरू(एजेंसी)। कर्नाटक हाईकोर्ट ने बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को मैसूरू शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) भूखंड आवंटन मामले में एमयूडीए के पूर्व आयुक्त डीबी नटेश को छोड़कर सभी आरोपियों की जांच करने की



टीबी अनुमति दे दी। इसके चलते मामले में आरोपी सीएम सिद्धारमैया की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। मुख्य न्यायाधीश एनवी अंजारिया और जस्टिस केवी अरविंद की खंडपीठ ने फैसला सुनाया कि ईडी को कानून के अनुसार अन्य आरोपियों के खिलाफ जांच आगे बढ़ाने का अधिकार है।

ईडी ने एकल न्यायाधीश की पीठ के आदेश पर रोक लगाने की मांग करते हुए खंडपीठ का दरवाजा खटखटाया था, जिसने नटेश को जारी समन को रद्द कर दिया था।

अदालत ने कहा, पीएमएल अधिनियम के तहत जांच में बाधा नहीं डाली जाएगी या उसे रोका नहीं जाएगा। जांच अधिकारी, प्रवर्तन निदेशालय को विद्वान एकल न्यायाधीश के निर्णय और आदेश के बावजूद, मामले की जांच करने की अनुमति दी जाती है। लोकायुक्त के साथ-साथ ईडी भी एमयूडीए साइट आवंटन मामले की जांच कर रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उनकी पत्नी पार्वती बीएम, उनके भाई मल्लिकार्जुन स्वामी और भूमि विक्रेता देवराजू आरोपी हैं।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रयास फलीभूतः लॉजिस्टिक्स हब बनने की ओर बढ़ा राजस्थान



जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। राजस्थान को वर्ष 2030 तक 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने और निवेश अनुकूल औद्योगिक वातावरण सुनिश्चित करने के क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान लॉजिस्टिक्स पॉलिसी-2025 जारी की है। यह नीति राज्य में औद्योगिक विकास को प्रोत्साहन देने और कनेक्टिविटी में वृद्धि करते हुए लॉजिस्टिक्स लागत में कमी लाएगी और राजस्थान को लॉजिस्टिक्स हब के रूप में स्थापित करेगी। राजस्थान भारत का सबसे बड़ा राज्य है। राज्य की भौगोलिक स्थिति इस प्रकार की है कि यहां लगने वाले उद्योग लॉजिस्टिक्स व परिचालन लागत को कम रखते हुए निर्यात के साथ-साथ स्थानीय मांग को भी बखूबी पूरा कर सकते हैं। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और गुजरात के साथ सीमा साझा करते हुए, हमारा राज्य देश के लगभग 40 प्रतिशत बाजार तक पहुंच रखता है। यह भारत के उत्तरी और पश्चिमी भागों के बीच प्रमुख बुनियादी ढांचे की सुविधा के रूप में उद्योगों को कच्चे माल तथा तैयार उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने में पूरी तरह से सक्षम है।

देश के राष्ट्रीय राजमार्गों का तीसरा सबसे बड़ा नेटवर्क और दूसरा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क राजस्थान में ही है। इसके अलावा 9 इनलैंड कंटेनर डिपो, 7 एयरपोर्ट और एक एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स हमें लॉजिस्टिक्स और व्यापार के क्षेत्र में मजबूत स्थिति प्रदान कर रहे हैं। राजस्थान लॉजिस्टिक्स पॉलिसी-2025 राजस्थान की भौगोलिक स्थिति का लाभ लेते हुए औद्योगिक विकास को प्रोत्साहन देगी और लॉजिस्टिक्स लागत में कमी लाते हुए उद्योगों को भी आगे बढ़ने के भरपूर अवसर प्रदान करेगी।

### लॉजिस्टिक्स सेक्टर में युवाशक्ति के लिए सृजित होंगे रोजगार के अवसरः

राज्य सरकार ने नीति के माध्यम से युवाओं को सक्षम बनाने और उन्हें निजी क्षेत्र में रोजगार के उचित अवसर उपलब्ध कराने के दृष्टिगत भी कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए हैं। इसमें दक्षता एवं प्रशिक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए कार्मिक प्रशिक्षण की कुल लागत का 50 प्रतिशत पुनर्भरण (अधिकतम 4000 रुपए प्रति वर्कर प्रति माह, 6 माह तक) का प्रावधान शामिल है। तकनीकी उन्नयन के तहत ट्रक ट्रैकिंग उपकरणों की लागत पर प्रति ट्रक 2000 तक 50 प्रतिशत पुनर्भरण, लॉजिस्टिक्स प्रबंधन सॉफ्टवेयर के प्रति इंस्टॉलेशन पर 2 लाख रुपए तक 50 प्रतिशत पुनर्भरण और फायर डिटेक्शन सिस्टम की लागत पर 20 प्रतिशत (अधिकतम 10 लाख रूपए) एकमुश्त पुनर्भरण की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

### ईएफसीआई की 25 प्रतिशत तक कैपिटल सब्सिडी होगी दस वर्षों तक देय

मुख्यमंत्री शर्मा की ओर से जारी राजस्थान लॉजिस्टिक्स पॉलिसी-2025 में राजस्थान को लॉजिस्टिक्स के लिए पसंदीदा गंतव्य स्थल बनाने के लिए कई आकर्षक प्रावधान किए गए हैं।

इनमें कई तरह की विशेष छूट और अनुदान शामिल हैं। वेयरहाउस, साइलो, कोल्ड स्टोरेज, इनलैण्ड कन्टेनर डिपो, कन्टेनर फ्रेट स्टेशन, एयर फ्रेट स्टेशन, कार्गो टर्मिनल, ट्रकर पार्क इत्यादि के लिए 5 से 50 करोड़ रुपए तक इलिजिबल फिक्स्ड कैपिटल इन्वेस्टमेंट (ईएफसीआई) की 25 प्रतिशत तक कैपिटल सब्सिडी दस वर्षों तक देने का प्रावधान किया गया है।

### लॉजिस्टिक्स पार्क विकसित करने पर मिलेंगी विशेष रियायतें

प्रदेश में लॉजिस्टिक्स पार्क का विकास करने वाले निवेशकों को भी विशेष रियायतें दी गई हैं। निजी मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क और एकीकृत लॉजिस्टिक्स पार्क डेवलपर्स को 7 वर्षों तक 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान मिलेगा, जिसकी वार्षिक सीमा 50 लाख रुपए होगी। कर व शुल्कों में विभिन्न रियायतें भी दी जाएंगी, जिसमें स्टाम्प ड्यूटी पर 75 प्रतिशत छूट और 25 प्रतिशत पुनर्भरण, इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी पर 7 वर्षों तक 100 प्रतिशत छूट, कन्वर्जन ऑफ लैंड चार्जेज पर 75 प्रतिशत छूट और 25 प्रतिशत पुनर्भरण और मंडी फीस पर 7 वर्षों तक 100 प्रतिशत छूट शामिल हैं।

### आगामी औद्योगिक क्षेत्रों में 10 प्रतिशत भूमि लॉजिस्टिक्स सुविधाओं के लिए होगी आरक्षित

प्रदेश में अधिक से अधिक लॉजिस्टिक्स सुविधाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रीको के आगामी औद्योगिक क्षेत्रों में अधिकतम 10 एकड़ अथवा 10 प्रतिशत आवंटन योग्य भूमि लॉजिस्टिक्स सुविधाओं के लिए ही आरक्षित होगी। नीति में पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहन देने की दिशा में महत्वपूर्ण बिन्दु शामिल हैं। इसमें 12.5 करोड़ रूपये तक हरित प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है, जिसके अंतर्गत ईटीपी, सीईटीपी, औद्योगिक अवशिष्ट का पुनः उपयोग व रीसाइक्लिंग, कॉमन स्प्रे ड्रायर आदि पर लागत का 50 प्रतिशत एकमुश्त पुनर्भरण किया जा सकेगा।

### आर्थिक विकास को गति देंगी 13 नई नीतियांः

राज्य सरकार पारदर्शिता, सुशासन और त्वरित नीतिगत सुधारों के माध्यम से राजस्थान को देश का सर्वश्रेष्ठ निवेश गंतव्य बनाने के लिए मजबूती से प्रयास कर रही है। गत सवा साल में प्रदेश के आर्थिक व औद्योगिक विकास को रफ्तार देने के लिए राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना 2024, राजस्थान एमएसएमई नीति 2024, राजस्थान निर्यात संवर्द्धन नीति, राजस्थान एक जिला एक उत्पाद नीति 2024, एकीकृत क्लस्टर विकास योजना, राजस्थान-ड्डलष्ट×ड्डक्र नीति 2024, राजस्थान पर्यटन इकाई नीति 2024, राजस्थान एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति 2024, राजस्थान खनिज नीति 2024, राजस्थान एम-सेण्ड नीति 2024 , राजस्थान टैक्सटाइल एण्ड अपैरल पॉलिसी 2025, राजस्थान डेटा सेंटर पॉलिसी 2025, राजस्थान लॉजिस्टिक्स पॉलिसी 2025 जैसी 13 नीतियां लाई गई हैं। इन नीतियों को लेकर देशी-विदेशी और स्थानीय, छोटे-बड़े और मध्यम सभी वर्गों के निवेशकों व उद्यमियों में अच्छा रुझान देखने को मिला है।

## पोषण पखवाड़े में राज्य को पहले स्थान पर लाने के लिए करे ठोस कार्यः दिया कुमारी

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि महिला व बाल विकास विभाग के अन्तर्गत निदेशालय समेकित बाल विकास सेवाएं आईसीडीएस के अधिकारियों को प्राकृतिक रूप से अवसर मिला हुआ है कि वे आंगनबाड़ियों के बच्चों की पोषण सेवा करके स्वस्थ राज्य और राष्ट्र का निर्माण करने में अपना योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि 8 से 22 अप्रैल तक आयोजित हो रहे राजष्ठीय पोषण पखवाड़ा में राष्टीय स्तर पर राज्य के पिछले साल के चौथे स्थान के प्रदर्शन में सुधार कर, पहले स्थान पर लाने के लिए कार्य किया जाना चाहिए। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने राज्य मंत्री महिला व बाल विकास डॉ. मंजू बाघमार और शासन सचिव महेन्द्र सोनी की उपस्थिति में गुरुवार को सचिवालय से वीसी के माध्यम से महिला व बाल विकास विभाग के समस्त उपनिदेशकों व बाल विकास परियोजना अधिकारियों के साथ विभागीय योजनाओं व कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक में उक्तानुसार आईसीडीएस अधिकारियों को आंगनबाड़ियों के बच्चों के लिए तत्परता और सेवाभाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आदर्श आंगनबाड़ियों के निर्माण कार्य को गति प्रदान की जाए और साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशन



में चल रही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में बेहतर प्रदर्शन कर राज्य को इस योजना में नम्बर एक राज्य बनाने का कार्य किया जाए। उपमुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने आदर्श आंगनबाडी केन्द्र की प्रगति पर चर्चा की। नवीन आंगनबाडी केन्द्र की प्रगति पर चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने PMMVY Soft & CAS योजना में सुपरवाईजर व बाल विकास परियोजना अधिकारी के वेरीफिकेशन की समीक्षा की साथ ही सक्षम आंगनबाडी केन्द्र की प्रगति और आंगनबाडी केन्द्रों पर उपलब्ध कराये गये सूचना बोर्ड की प्रगति पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं ओ पी बुनकर, वित्तीय सलाहकार पदमचंद, अतिरिक्त निदेशक अनुपमा टेलर, अतिरिक्त निदेशक मेघराज मीणा, उपनिदेशक डॉ. मंजू यादव सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

काली माई मंदिर के पास खाकी की काली करतूत

## रिश्वत लेते हैड कांस्टेबल रंगे हाथों गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

भरतपुर(निस)। एसीबी ने पुलिस हेड कांस्टेबल को धौलपुर काली माई मंदिर के पास गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि वह रिश्वत के लिए एक शख्स को काफी परेशान कर रहा था। वहीं परिवादी की ओर से शिकायत करने के बाद जाल बिछा कर हेड कांस्टेबल को गिरफ्तार किया है।

धौलपुर जिले की एसीबी की टीम ने गुरुवार को सैपऊ पुलिस थाने में तैनात हेड कांस्टेबल कृष्ण मुरारी को 4000 की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है।

हेड कांस्टेबल की ओर से परिवादी से दर्द मुकदमा में राहत देने के एवज में 5000 की रिश्वत की मांग की गई थी।

**4000 हजार रुपये में हुआ था सौदा**

एसीबी के एडिशनल एसपी सुरेंद्र सिंह ने बताया एसीपी कार्यालय धौलपुर उपस्थित होकर एक परिवादी ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में परिवादी का आरोप था कि सैपऊ पुलिस थाने में तैनात हेड कांस्टेबल कृष्ण मुरारी दर्ज हुए एक मुकदमा में परेशान कर रहा है और राहत देने के लिए 5000 की रिश्वत की मांग कर रहा है। उन्होंने बताया परिवादी और हेड कांस्टेबल का सौदा 4000 रुपये में हो गया था। उन्होंने बताया परिवादी की शिकायत का एसीबी की टीम ने भौतिक सत्यापन कराया।

इसके बाद हेड कांस्टेबल को रंगे हाथों गिरफ्तार करने की रणनीति बनाई गई। उन्होंने बताया हेड कांस्टेबल की ड्यूटी रहना वाली माता मेले में लगी हुई थी लेकिन धौलपुर शहर में आया हुआ था।

**हेड कांस्टेबल को काली माई मंदिर बुलाया**

हेड कांस्टेबल ने परिवादी को रिश्वत की राशि लेने के लिए काली माई मंदिर के पास बुला लिया था। इसी दौरान एसीबी की टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार करने के लिए रूपरेखा बनाई। हेड कांस्टेबल ने परिवादी से 4000 रुपये की घूस प्राप्त कर ली। इसी दौरान एसीबी की टीम ने घेराबंदी कर हेड कांस्टेबल को गिरफ्तार कर लिया। रंगे हाथ गिरफ्तार करने के बाद 4000 की रिश्वत की राशि भी बरामद की है। उन्होंने बताया आरोपी को गिरफ्तार कर एसीबी पूछताछ कर रही है। जांच के बाद आरोपी को कोर्ट पेश किया जाएगा।

## जयपुर कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी, 200 कमरे खाली, अफरा-तफरी का माहौल



जयपुर टाइम्स

जयपुर (का.सं.)। जिला कलेक्ट्रेट को गुरुवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पूरे परिसर में हड़कंप मच गया। कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी की सरकारी ईमेल आईडी पर यह धमकी भरा संदेश आया, जिसमें कलेक्ट्रेट को उड़ाने की चेतावनी दी गई थी। कलेक्टर ने तुरंत जयपुर पुलिस कमिश्नर को इसकी सूचना दी, जिसके बाद पूरे कलेक्ट्रेट भवन को खाली कराया गया और सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया।

**बम स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड ने की सघन तलाशी**

करीब 200 कमरों की गहन जांच के लिए बम डिस्पोजल स्क्वॉड और इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम को बुलाया गया। डॉग स्क्वॉड की मदद से संपूर्ण भवन की तलाशी ली गई, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इसके बावजूद सुरक्षा एजेंसियों ने दो घंटे तक परिसर को पूरी तरह सील रखा और मॉडर्न इक्विपमेंट की मदद से पूरी इमारत की जांच की।

**कर्मचारियों में दहशत, प्रशासन अलर्ट**

सुबह 11:30 बजे अचानक कलेक्ट्रेट के अंदर अफरा-तफरी मच गई। अधिकारियों और कर्मचारियों को बाहर निकलने का निर्देश दिया गया, जिसके बाद सैकड़ों लोग कलेक्ट्रेट के बाहर एकत्र हो गए। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और सुरक्षा घेरा बढ़ा दिया गया। कर्मचारियों ने बताया कि जब उन्हें बाहर आने को कहा गया तो उन्हें समझ नहीं आया कि क्या हो रहा है, लेकिन बाद में जब बम धमकी की जानकारी मिली, तो डर और बढ़ गया।

**धमकी भरे ईमेल से प्रशासन सतर्क**

धमकी भरे ईमेल में लिखा था कि कलेक्ट्रेट को आईडी पाइप बम से उड़ाया जाएगा। मेल में 2% घोटाले और सादिक बलवा की हिरासत में हुई मौत का बदला लेने की बात लिखी गई थी। ईमेल भेजने वाले ने सुरक्षा एजेंसियों को चुनौती दी और यह दावा किया कि बम पहले से ही कलेक्ट्रेट परिसर में लगा दिया गया है और इसे किसी भी समय विस्फोट किया जा सकता है।

**साइबर सेल कर रही जांच, आरोपी की तलाश जारी**

घटना के बाद पुलिस और साइबर सेल ने ईमेल के सोर्स का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि यह ईमेल कहां से भेजा गया और किसके द्वारा भेजा गया, इसका पता लगाने के लिए तकनीकी टीम काम कर रही है।

### धमकी से हड़कंप, सूचना झूठी निकली

जयपुर जिला कलेक्ट्रेट को गुरुवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिससे प्रशासन में हड़कंप मच गया। धमकी मिलने के बाद पूरे कलेक्ट्रेट परिसर को खाली करा लिया गया। पुलिस और बम निरोधक दस्ते की टीम मौके पर पहुंची और कलेक्ट्रेट के सभी कमरों की गहन तलाशी शुरू कर दी। सुबह 11:30 बजे जयपुर कलेक्टर की सरकारी आईडी पर यह धमकी भरा मेल देखा गया, जिसके तुरंत बाद जिला कलेक्टर ने जयपुर पुलिस कमिश्नर को इसकी सूचना दी। पुलिस ने तत्काल एक्शन लेते हुए सर्च ऑपरेशन के लिए टीमों को मौके पर भेजा।

### 20 फरवरी को एसएमएस मेडिकल कॉलेज को भी मिली थी धमकी

इससे पहले 20 फरवरी को जयपुर के एसएमएस मेडिकल कॉलेज को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। हालांकि एसएमएस अस्पताल को मेल पर बम से उड़ने की धमकी दी गई थी। यह धमकी कॉलेज के प्रिंसिपल की मेल आईडी पर भेजी गई थी, लेकिन अस्पताल प्रशासन ने इस पर तुरंत ध्यान नहीं दिया। 22 फरवरी की शाम को जब मेल खोला गया, तब इसकी जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम को दी गई। इसके बाद बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा और पूरे परिसर की तलाशी ली, लेकिन कुछ संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

## मणिपुर में राष्ट्रपति शासन के प्रस्ताव का अनुमोदन

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(एजेंसी)। मणिपुर के मामले में संसद में चर्चा के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार आधी रात के बाद लोकसभा में रात करीब दो बजे प्रस्ताव पेश किया। विपक्ष ने आधी रात चर्चा के औचित्य पर सवाल खड़े किए। इस पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि चर्चा की जा सकती है। स्पीकर के निर्देश पर चर्चा की शुरुआत कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने की। सांसदों के वक्तव्य के बाद गृह मंत्री शाह ने बताया कि मणिपुर में शांति बहाली के क्या प्रयास किए जा रहे हैं। देर रात लगभग 1.40 घंटे की चर्चा के बाद मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने का प्रस्ताव लोकसभा में 3.40 बजे अनुमोदित किया गया।

भारत के संसदीय इतिहास में गुरुवार सुबह एक दुर्लभ मौका आया जब लोकसभा से वक्फ विधेयक पारित होने के बाद रात दो बजे संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने सदन की कार्यवाही जारी रखने की अपील की। इसके बाद गृह मंत्री अमित शाह ने प्रस्ताव रखा। शाह ने कहा कि इसी साल फरवरी में राष्टपति द्रौपदी मुर्मू की तरफ से पेश वैधानिक संकल्प पर चर्चा की जाए। स्पीकर ओम बिरला ने चर्चा की शुरुआत कराई।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने चर्चा की शुरुआत की। पूरा मामला मणिपुर से जुड़ा है, जहां लंबे समय तक सांप्रदायिक हिंसा के कारण अशांति रही। बता दें कि शाह ने जिस वैधानिक संकल्प का जिक्र कर उसका अनुमोदन किया है, उसे राष्टपति ने 13 फरवरी को जारी किया था। शाह की तरफ से पेश प्रस्ताव का मकसद मणिपुर में राष्टपति शासन के मुद्दे पर बात कर संसद से इसा अनुमोदन करना है।

देश के कानून के मुताबिक किसी राज्य में छह माह के लिए राष्टपति शासन लगाया जा सकता है। इसे संसद में स्वीकृत कराना जरुरी होता है।

राजधानी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
04 अप्रेल, 2025

## आवेदक करें पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)।। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री घुमन्तु आवास योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त करने हेतु ऐसे पात्रताधारी विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध घुमन्तु समुदाय के आवासहीन व्यक्ति एवं परिवार जिन्हे कि पंचायती राज विभाग व स्थानीय निकाय विभाग द्वारा सर्वे कर आवासीय पट्टे वितरित किये गये है। वे व्यक्ति या परिवार स्वयं का मकान बनवाने के लिए आर्थिक सहायता हेतु ई-मित्र कियोस्क एवं सिटिजन के माध्यम से पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन कर संबंधित विकास अधिकारी (पंचायत समिति), अधिशाषी अधिकारी (नगर निगम, परिषद, पालिका) को प्रेषित कर सकते है। योजना की अधिक जानकारी हेतु आवेदक संबंधित पंचायत समिति, नगर निगम, परिषद, पालिका में स पर्क कर सकते है। उल्लेखनीय है कि विभाग द्वारा स्थायी आश्रय और आवास से वंचित डी-नोटिफाइड ट्राइब्स के परिवारों हेतु मु यमंत्री घुमन्तु आवास योजना संचालित की गई है। इस हेतु विभाग द्वारा सीएम घुमन्तु आवास योजना' पोर्टल प्रारंभ किया गया है।

## बीच सड़क गाड़ी का गेट खोल सो गया नशे में धुत युवक

जयपुर टाइम्स

राजगढ़(नि.सं.)।। राजगढ़ कस्बे में कार सवार युवक नशे में धुत होकर हॉस्पिटल के पास बीच सड़क गाड़ी लगा गेट खोल कर सो गया



जिसके कारण सड़क पर मार्ग अवरुद्ध हो गया सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची और नशे में धुत युवक को ले गयी और पुलिस ने गाड़ी जब्त कर ली है।

## ऑनलाइन पंजीकरण करवाना आवश्यक

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)।। राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक जिले को चयनित उत्पादों के आधार पर निर्यात हब के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से एक जिला एक उत्पाद नीति 2024' लागू की गई है। ओडीओपी के तहत समस्त लाभ प्राप्त करने के लिए विनिर्माता इकाइयां एसएसओ पोर्टल के माध्यम से अपना ऑनलाइन पंजीकरण करा सकती हैं।


जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के महाप्रबंधक एम.आर मीणा ने बताया कि अलवर जिले से ओडीओपी के तहत ऑटो क पोनेट उत्पादों का चयन किया गया है।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार ओडीओपी के तहत विनिर्माता इकाइयों का ऑनलाइन पंजीकरण किया जाना आवश्यक है। इसके लिए आवेदन पत्र एसएसओ पोर्टल पर जी2सी एप्लीकेशन के अंतर्गत ओडीओपी एप्लीकेशन में उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि ओडीओपी के संबंध में किसी भी प्रकार की अन्य सहायता के लिए कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

## नगरपालिका क्षेत्र मे आवारा पशुओ का आतंक, आमजन ने नगरपालिका से निजात दिलाने की मांग

जयपुर टाइम्स

राजगढ़(नि.सं.)।। कस्बे के नगरपालिका क्षेत्रों मे आवारा पशुओ का



आतंक बढ़ता जा रहा है आवारा पशुओ के आतंक से महिलाओ व बाइक सवार सहित आमजन को काफ़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है गोलमार्किट हो या बस स्टैंड या मेला का चौराहा सभी जगह इन्होने आतंक मचाया हुआ है लोगो ने पालिका प्रशासन से आवारा पशुओ से निजात दिलाने की मांग की है।

## खेलकूद एवं सांस्कृतिक संध्या का हुआ शुभारंभ

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)।। राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. दिनेश सूद ने बताया कि महाविद्यालय में अकादमिक सत्र 2024-25 के छात्रों की इन्डोर खेलकूद प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक संध्या के आयोजन का शुभारंभ किया गया जिसमें विद्यार्थियों द्वारा उत्साह के साथ भाग लिया। उन्होंने बताया कि यह आयोजन 5 अप्रेल तक किया जाएगा। इस दौरान महाविद्यालय के चिकित्सक, कार्मिक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

## देश के नामी चिकित्सक और टीम करेगी निःशुल्क चिकित्सा, मौके पर ही होगी निःशुल्क जांच

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)।। नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से मेदांता गुरुग्राम के सहयोग से 6 अप्रेल रविवार को रिवाज रिसोर्टस मंगल परिणय में सुबह 10 बजे से ह्रदय व श्वास रोग चिकित्सा निदान शिविर आयोजित किया जाएगा। डॉ. नरेश त्रेहान की चिकित्सकों की टीम चिकित्सा परामर्श करेगी।

मेदांता समूह की ओर से राजीव शुक्ला ने बताया कि शिविर में ह्रदय व श्वास रोग के इलाज के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों और उनकी सहायक टीम आ रही है जो मौके पर ही कई जांच करेंगी। शिविर में कार्डियोलोजी टेस्ट, मेडिसन टेस्ट, ईसीजी, रकत चाप, बलड शुगर, पीएफटी, बीएमडी और चेस्ट एकसरे निश्शुल्क होगा।

मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगा जिसमें मौके पर ही पंजीयन किया जाएगा। शिविर की तैयारियों को लेकर हुई बैठक में संरक्षक दौलत राम हजरती, मंजू चौधरी अग्रवाल, डॉ. आशुतोष शर्मा, सौरभ कालरा, सोनिका अरोड़ा, प्रवीन बत्रा, ललित बेनीवाल, गुरप्रीत सिंह पवित्र, अजय आनंद गोयल व निष्ठा नारंग आदि ने विचार व्यकत किए। इस शिविर में डॉ. गोपाल रॉय

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सोनी ने किया इरादा बालगृह अलवर का निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)।। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश), अलवर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश), अलवर सचिव मोहनलाल सोनी के द्वारा गुरुवार को इरादा बालगृह, अलवर का निरीक्षण किया गया।सोनी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान कुल 17 बालकों में से 15 बालक मौके पर उपस्थित पाए गए एवं 02 बालकों का स्कूल जाना बताया गया। मौके पर 03 कर्मचारी उपस्थित मिले। निरीक्षण के दौरान दिनांक 06.03.2025 एवं 15.03.2025 को डॉ. प्रगति मित्तल, सैटेलाइट हॉस्पिटल, काला कुंआ, अलवर द्वारा गृह में निवासरत बालकों की स्वास्थ्य जांच किया




जाना पाया गया। गृह के रिकॉर्ड का अवलोकन किया जाने पर गृह का अंतिम निरीक्षण 28 मार्च को सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग, अलवर तथा संरक्षण अधिकारी, बाल अधिकारिता विभाग, अलवर द्वारा किया जाना पाया गया। बालगृह में बाल समिति की बैठक 16 मार्च को और प्रबन्ध समिति की बैठक 28 मार्च को किया जाना पाया गया।

सोनी द्वारा निरीक्षण के दौरान गृह में आवासित बालकों के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। निरीक्षण के दौरान गत 06 माह में 30 बालकों को पुनर्वासित किया जाना बताया गया। गृह में कुल 17 बच्चों में से 14 बालक ऐसे पाए गए जिनके परिजनों के मोबाइल नं. अथवा घर के पते का विवरण ज्ञात होने के कारण पुनर्वास योग्य पाए गए, जिनका रिकॉर्ड लिया जाकर उनके पुनर्वास के संबंध में आवष्यक कार्यवाही किए जाने के मौके पर ही निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान मौके पर उपस्थित गीता सिंह, मामला कार्यकर्ता/बाल कल्याण अधिकारी द्वारा गत माह में 01 बच्चे का पुनर्वास किए जाने एवं 02 बच्चों के पुनर्वास के आदेष सीड्ब्ल्यूसी से प्राप्त होने के संबंध में जानकारी दी गई। गृह में आवासित 03 बच्चों के परिजनों के संबंध में कोई विवरण नहीं होना पाया गया। सोनी द्वारा गृह में निवासरत बालकों को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं एवं साफ-सफाई का जायजा लिया गया।

**बेहतर पहल का मिलेगा शहरवासियों को लाभ**

## वन एवं पर्यावरण मंत्री शर्मा की अनुशंसा पर पेयजल समस्या ग्रस्त क्षेत्र हेतु 4 थ्री फेस ट्यूबवेल हुए स्वीकृत

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)।। शहर अलवर में पेयजल समस्या ग्रस्त क्षेत्र आदर्श कालोनी दाऊदपूर, नरुका कालोनी मेहंदीबाग, सैनी धर्मशाला के पास सेड माता मंदिर के आसपास, सेडकीबावड़ी, जगन्नाथ मंदिर के सामने मालवीय नगर के आमजन की पेयजल समस्या की निराकरण हेतु जन् स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा की अनुशंसा पर पेयजल समस्या ग्रस्त क्षेत्र हेतु 4 थ्री फेस ट्यूबवेल हुए स्वीकृत किए हैं। यह स्वीकृति रजवट के पास आदर्श कालोनी, सेड माता मंदिर के आसपास सैनी धर्मशाला के पीछे, सेठ की बावड़ी, नरुका कालोनी, मेहंदीबाग, श्री जगन्नाथ मंदिर के सामने मालवीय नगर आदि स्थानों पर राशि 74.77 लाख के 4 थ्री फेज ट्यूबवेल लगाने की स्वीकृति प्रदान की गई है उक्त ट्यूबवेलों की जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग जयपुर द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति भी प्रदान कर दी गई है। शीघ्र ही जलदाय विभाग अलवर द्वारा उक्त स्वीकृत स्थलों पर ट्यूबवेल लगाने की कार्रवाई शुरू कर दी जावेगी, उक्त समस्या ग्रस्त क्षेत्रों में पेयजल समस्या के निराकरण हेतु ट्यूबवेल स्वीकृत करने पर वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का आभार व्यक्त किया है।



## गिव अप अभियान के तहत 30 अप्रैल तक अपात्र व्यक्ति हटवा सकते हैं खाद्य सुरक्षा योजना से नाम

जयपुर टाइम्स

अलवर (नि.सं.)। राज्य सरकार द्वारा अपात्र खाद्य सुरक्षा लाभार्थियों को स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा सूची से नाम हटवाने के लिए जिले में 30 अप्रैल तक गिव अप अभियान चलाया जा रहा है। जिला रसद अधिकारी विनोद जुनेजा ने बताया कि विभाग द्वारा गिव अप अभियान के तहत नाम हटाने की प्रक्रिया का सरलीकरण कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अभियान में खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित ऐसे लाभार्थी जो आर्थिक रूप से सक्षम हैं जैसे आयकरदाता, 1 लाख रूपये से अधिक वार्षिक आय, चौपहिया वाहन धारक स्वेच्छा से अपने नजदीकी उचित मूल्य दुकानदार/जिला रसद अधिकारी कार्यालय अलवर में उपलब्ध निर्धारित प्रपत्र भरकर अपना नाम हटवा सकते हैं। प्रपत्र जिले की सभी उचित मूल्य दुकानों पर उपलब्ध है। अब कोई भी अपात्र व्यक्ति खाद्य विभाग राजस्थान के पोर्टल https://food.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध लिंक गिव अप अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा योजना (हस्न्म्) से स्वतः हटने के लिए आवेदन करें पर आवेदन कर अपना नाम स्वयं खाद्य सुरक्षा सूची से हटा सकते हैं।


उन्होंने बताया कि अभियान के तहत अब तक 2157 परिवारों की 9059 यूनिटस हटाई जा चुकी है। उन्होंने नाम नहीं हटवाने वाले अपात्र व्यक्तियों की सूचना के आधार पर उनके खिलाफ विशेष अभियान चलाकर वसूली की कार्यवाही तथा दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी एवं योजना के प्रारंभ से ही प्राप्त किए गए कुल गेहूं की बाजार दर से वसूली की जाएगी।

## प्रदेश सरकार पर नेता प्रतिपक्ष जूली का बड़ा हमलाः बोले- 'राइजिंग' राजस्थान को बना दिया 'लाइजिंग' राजस्थान

जयपुर टाइम्स

अलवर/जयपुर(नि.सं.)। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने राइजिंग राजस्थान' पर गंभीर सवाल उठाते हुए प्रदेश सरकार पर बड़ा हमला किया। जूली ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि जैसे ही उन्होंने इस योजना पर सवाल उठाए, भाजपा के मंत्री, विधायक और पूर्व मंत्री सरकार के बचाव में उतर आए। उन्होंने कहा कि सबकी भाषा एक जैसी है, जिससे स्पष्ट होता है कि मुख्यमंत्री कार्यालय ने ही जनता को गुमराह करने के निर्देश दिए हुए हैं।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ पर तंज कसते हुए जूली बोले आप तो स्वयं नेता प्रतिपक्ष रहे हैं, मुझे विश्वास था कि आप इस पद की जिम्मेदारियों से भली-भांति परिचित होंगे लेकिन अब प्रतीत होता है कि आप भी सरकार और इनके मंत्रियों के साथ जनता को गुमराह करने में लगे हुए है तभी राइजिंग राजस्थान को लाइजिंग राजस्थान बना दिया। जूली ने कहा कि सरकार ने 35 लाख करोड़ रुपए से अधिक के एमओयू का दावा किया



है लेकिन जब उन्होंने सदन में इन निवेशकों की जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की तो प्रदेश के मुखिया कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे सके।

उन्होंने कहा कि कोई बात नहीं कम से कम ट्वीट करके ही जनता को 35 लाख करोड़ के आंकड़े उपलब्ध करवा दीजिए ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके।

जूली ने सरकार पर लगाया फर्जी एमओयू का आरोप जूली ने आरोप लगाया कि कई एमओयू केवल जमीन हथियाने के लिए किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कई कंपनियां सिर्फ कागजों में हैं लेकिन हजारों करोड़ रुपए के एमओयू किए गए यही वजह है कि मु यमंत्री को कहना पड़ा कि निवेशक फोन नहीं उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान को लेकर रोज खबरें आ रही हैं कि न तो कोई जमीन आवंटित हो रही है और न ही निवेशक इसमें दिलचस्पी दिखा रहे हैं। जूली ने भाजपा सरकार के 15 महीनों में राज्य की जीएसडीपी में 30.78 प्रतिशत की वृद्धि के दावे को भी झूठ का पुलिंदा करार दिया है।

जूली बोले सरकार ने छलावे के सिवाय धरातल पर कुछ काम नहीं किया नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार के 15 महीने के कार्यकाल में छलावे के सिवाय कोई ठोस कार्य नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की प्राथमिकता जनता नहीं बल्कि उद्योगपति मित्रों की जेबें भरना है। जूली ने कहा कि इस सरकार की उपलब्धि तो मिट्टी से बन रही सड़कें, स्कूल के विद्यार्थियों के मुंह से छिनता निवाला, खेल सामग्री में घोटाले, अवैध बजरी खनन, भूमाफिया राज, बदहाल कानून व्यवस्था और बेलगाम अफसरशाही है।

## लाखों रूपयों की लागत से बनी सीवरेज लाईन ठप

### सीवरेज का दूषित पानी भर रहा गलियों में, लोगों को हो रही भारी परेशानी

जयपुर टाइम्स



कोटपूतली(नि.सं.)। जिले के बहरोड़ क्षेत्र के ग्राम कुतीना में लाखों रुपये की लागत के बाद भी गाँव में सीवरेज व्यवस्था ठप पड़ी हुई है। गांव की हर दूसरी गली में सीवरेज व्यवस्था बदहाल है। कई जगह सीवरेज के ढ़क्कन उखड़े हुये हैं तो कहीं ढ़क्कन टूटे पड़े हैं।

जिससे सीवरेज का दूषित पानी गलियों में भर जाता है और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि सीवरेज का दूषित पानी गलियों में भरा होने से मक्खी-मच्छर पनप रहे हैं। जिससे बीमारियां फैलने का अंदेशा बना हुआ है। सीवरेज व्यवस्था को लेकर कई बार शिकायत की जा चुकी हैं, लेकिन शिकायत के बावजूद उनकी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। पंसस सुरेंद्र सिंह, सतपाल सिंह, महावीर सिंह, नवीन सिंह व वेदप्रकाश आदि का कहना है कि सीवरेज व्यवस्था पर सरकार की ओर से लाखों रुपये खर्च किये जा रहे हैं, लेकिन हालात सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। सीवरेज लाईन के कुछ समय बाद ही सीवरेज व्यवस्था ठप हो गई थी।

कई जगह सीवरेज के ढ़क्कन टूटे हुये हैं तो कहीं सीवरेज ढ़क्कन खुले पड़े हैं। सीवरेज की सफाई करने की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लोगों का गली से निकलना दूभर हो रहा है। खास कर बच्चों को ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों का आरोप है कि अधिकारियों ने ये बजट कैसे पास कर दिया। सीवरेज का पानी लाईन में ही नहीं जाता है। हल्की बारिश में भी गलियां जलमग्न हो जाती हैं। जिससे कई गलियों में बड़े-बड़े गड्ढे बने हुये हैं। कृष्ण सिंह ने बताया कि बाबा कुंदनदास की ढ़ाणी में सीवरेज लाईन डालने के कुछ समय बाद ही सीवरेज लाईन के पम्प बाहर निकल गये। ग्राम विकास अधिकारी का कहना है कि 15 लाख रुपये की लागत से सीवरेज लाईन डाली गई थी, लेकिन गाँव के कुछ हिस्सों में सीवरेज लाईन चौक हो गई थी इसलिये ठेकेदार की पेमेंट होल्ड कर रखी है।

## छात्राओं को एसपी कार्यालय व पुलिस थाने का करवाया भ्रमण

जयपुर टाइम्स

कोटपूतली(नि.सं.)। पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे स्टूडेन्ट पुलिस कैडेट योजनान्तर्गत एसपी राजन दुष्यन्त के निर्देशानुसार एएसपी वैभव शर्मा के सुपरविजन व एसपीसी प्रभारी कुसमिला यादव, स्टॉफ सदस्य लक्ष्मी यादव, एचटीयू प्रभारी हैड कानि. कविता द्वारा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय हरसौरा की कुल 41 छात्राओं को कार्यालय जिला पुलिस अधीक्षक व पुलिस थाना कोटपूतली का भ्रमण करवाया गया। जहाँ उनको एसपी कार्यालय व थाना की कार्यप्रणाली के बारे में व राजकॉप एप के नीड हैल्प फिचर, पोक्सो एक्ट, महिला संबंधित कानून, गुड टच बैड टच, साईबर




अपराध व बचाव, आत्म कौशल शिविर, यातायात नियमों व अन्य महत्वपूर्ण हैल्पलाईन नम्बरों के बारे में जानकारी दी गई।

**कोटपूतली में डीजे कोर्ट की मांग को लेकर वकील अब महात्मा गाँधी की शरण में . . . . . . .**

## 06 अप्रैल को कोटपूतली से पावटा तक निकालेगें दांडी न्याय यात्रा पैदल मार्च

जयपुर टाइम्स

कोटपूतली(नि.सं.)। नवगठित जिला कोटपूतली-बहरोड़ के जिला मुख्यालय कोटपूतली में जिला एवं सत्र न्यायालय एवं इसके समकक्ष न्यायालय खुलवाये जाने की मांग को लेकर जिला अभिभाषक संघ के तत्वाधान में विगत 51 दिनों से स्थानीय न्यायालय परिसर में पेन डाउन हड़ताल, क्रमिक अनशन व धरना प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ता अब राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की शरण में है। अपने अहिंसात्मक आन्दोलन से अंग्रेजों के छक्के छुड़ा देने वाले बापू की दांडी यात्रा की तर्ज पर अधिवक्ता आगामी 06 अप्रैल को कोटपूतली से पावटा तक दांड़ी न्याय यात्रा पैदल मार्च निकालकर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के समक्ष कोटपूतली में डीजे कोर्ट खोले जाने की मांग को पुरजोर तरीके से उठायेगें।

उल्लेखनीय है कि पावटा के बावड़ी स्थित बाबा बालनाथ आश्रम में एक वर्ष से अनवरत चल रहे 108 कुण्डीय रूद्र महामृत्युंजय महायज्ञ की पूर्णाहुति में केन्द्रिय गृह मंत्री अमित शाह, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एवं भारत सरकार के कैबिनेट मंत्री भूपेन्द्र यादव भाग लेने आ रहे है। इसको लेकर जिला अभिभाषक संघ की बैठक गुरूवार को अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें आगामी 06 अप्रैल को कोटपूतली सहित बानसूर, विराटनगर, नारायणपुर व पावटा के अधिवक्ताओं के संयुक्त तत्वाधान में पैदल मार्च दांडी न्याय यात्रा के रूप में निकालने का निर्णय लिया गया। उक्त मार्च में अधिवक्ताओं समेत जनप्रतिनिधि, व्यापारी, समाजसेवी, स्वयंसेवी संस्थान, सामाजिक संगठन, शिक्षण संस्थान



समेत हजारों की संख्या में आमजन भी भाग लेगें। जो कार्यक्रम में पहुँचकर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को कोटपूतली में डीजे कोर्ट खुलवाने को लेकर ज्ञापन देगें। बैठक के दौरान अधिवक्ताओं में राज्य सरकार के विरूद्ध भारी आक्रोश देखने को मिला।

अधिवक्ताओं का कहना था कि डीजे कोर्ट कोटपूतली मुख्यालय के अलावा किसी अन्य स्थान पर किसी भी सुरत में स्थापित नहीं होने देगें। यात्रा की तैयारियों को लेकर शुक्रवार 04 अप्रैल को संघ के जिलाध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर के नेतृत्व में बानसूर, पावटा, विराटनगर, नारायणपुर एवं कोटपूतली के अधिवक्ता जगह-जगह जाकर लोगों को पीले चावल बांटकर यात्रा में पहुँचने का आह्वान करेगें। वहीं दुसरी ओर गुरूवार को संघ के अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर के नेतृत्व में रूपेश सेहरा, सुभाष चंद मीणा, किशन यादव, दिनेश गुर्जर व राजकुमार कुमावत आदि अधिवक्ताओं ने क्रमिक अनशन किया। धरने को सम्बोधित करते हुये अधिवक्ताओं ने कहा कि कोटपूतली में डीजे कोर्ट खुलवाने के लिये हरसम्भव संघर्ष किया जायेगा। इस दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं ने जमकर नारेबाजी एवं प्रदर्शन भी किया। संघ के अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर ने कहा कि जब तक कोटपूतली मुख्यालय पर डीजे कोर्ट खोले जाने के आदेश जारी नहीं हो जाते, तब तक सभी सैशन न्यायालय, सिविल एवं राजस्व न्यायालयों में सम्पूर्ण रूप से पेन डाउन हड़ताल के साथ-साथ क्रमिक अनशन निरन्तर जारी रहेगा। वहीं दुसरी ओर गुरूवार को भाजपा नेता मुकेश गोयल भी धरना स्थल पर पहुँचे। उन्होंने अपने सम्बोधन में कोटपूतली में डीजे कोर्ट खुलवाये जाने की मांग को लेकर हरसम्भव सहयोग का आश्वासन दिया। गोयल ने कहा कि कोटपूतली के हितों को लेकर कोई भी समझौता नहीं होगा। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक कुमार सैनी, सागरमल शर्मा, सुरेश चंद मीणा, के के शर्मा, उप प्रधान प्रतिनिधि एड. राजेन्द्र रहीसा, चेतराम रावत, मनोज चौधरी, अमरसिंह पूनियां, बदलूराम जाट, दयाराम खटाना, अशोक यादव, राजाराम रावत, हितेश यादव, भूपेश शर्मा, गोविंद रावत, मुकेश यादव, नवीन जैफ, विकास मीणा, विकास जांगल, अशोक रहीसा, डिप्टी चौधरी, अजय रोहिला, विजय सैनी, योगेश सैनी, विक्रम कसाना, रमेश चंद वर्मा, रेखा चतुर्वेदी, संजू यादव, रजनीश शर्मा, हरिसिंह यादव, श्रीराम शर्मा, अनिल शर्मा, दिनेश शर्मा समेत बड़ी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे।

**न्यायालय परिसर से करेगें पावटा के लिये कूच**

आगामी 06 अप्रैल को प्रस्तावित दांडी न्याय यात्रा पैदल मार्च में भाग लेने के लिये कोटपूतली, बानसूर, पावटा, विराटनगर व नारायणपुर के अधिवक्ता संयुक्त रूप से स्थानीय न्यायालय परिसर में एकत्रित होकर प्रातः 07.30 बजे पावटा के लिये कूच करेगें। इसके लिये बानसूर के अध्यक्ष बनवारी लाल यादव, विराटनगर के अध्यक्ष गोपाल टांक, पावटा के अध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी व नारायणपुर के अध्यक्ष रविन्द्र शर्मा के नेतृत्व में अधिवक्ता कोटपूतली पहुंचेगें।

साथ ही बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों व व्यापारियों समेत डीडराईटर, स्टॉम्प वेंडर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, मुंशी समेत विभिन्न वर्गो के लोग भी भाग लेगें। यात्रा की तैयारियां जोरों पर है।

# राजधानी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
4 अप्रेल, 2025


## ट्रांसपोर्ट नगर के आवंटियों को बड़ी राहत, ब्याज-पेनल्टी छूट की अवधि बढ़ी

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर, (का.सं.)। जयपुर विकास प्राधिकरण ने ट्रांसपोर्ट नगर के आवंटियों को बड़ी राहत देते हुए ब्याज और पेनल्टी में छूट की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2025 तक बढ़ा दी है। पहले यह छूट 31 मार्च 2025 तक थी। जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी ने बताया कि नगरीय विकास विभाग ने आवंटियों को चार त्रैमासिक किस्तों में भुगतान करने की सुविधा दी थी, बशर्ते पहली किस्त 31 मार्च तक जमा हो। अब यह अवधि 30 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। ट्रांसपोर्ट नगर के व्यापारियों ने जेडीए से कई बार बिना ब्याज व शास्ति के राशि जमा करने की मांग की थी। इसके बाद सरकार ने एक माह की अतिरिक्त छूट दी है। जेडीए ने सभी आवंटियों से अपील की है कि वे 30 अप्रैल तक पहली किस्त जमा कर इस लाभ का फायदा उठाएं।

## मुख्यमंत्री शर्मा ने किया श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण–नवरात्र में श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण बहुत सौभाग्य की बातः शर्मा

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर, (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को वैशाली नगर स्थित 'गोविन्द धाम' जानकी पैराडाइज पहुंचकर महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 ईश्वरानंद ब्रह्मचारी श्री उत्तम स्वामी जी महाराज के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्र में श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण बहुत सौभाग्य की बात होती है। श्रीमद् भागवत कथा से भगवान श्रीकृष्ण के साक्षात स्वरुप का ज्ञान होता है और एक नई ऊर्जा मिलती है। उन्होंने कहा कि हमारे ऋषि-मुनियों, साधु-संतों, महंतों ने सनातन संस्कृति को दुनिया में आगे बढ़ाते हुए अपना जीवन जनमानस के लिए समर्पित किया है। शर्मा ने युवा पीढ़ी का आह्वान किया कि कथा के माध्यम से प्राप्त ज्ञान को अपने जीवन में आत्मसात् करें। उन्होंने इस अवसर पर भव्य आरती में सम्मिलित होकर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन के लिए प्रार्थना भी की। इस अवसर सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम दक, विधायक शत्रुघ्न गौतम, गोपाल शर्मा, बालमुकुंदाचार्य सहित संत, साध्वी व बड़ी संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे ।



## मुख्यमंत्री भजनलाल के निर्देशानुसार जयपुर जिला प्रशासन ने रास्ते खोलकर आम जनता को दी राहत

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर, (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों पर जयपुर जिले में चल रहा 'रास्ता खोलो अभियान' ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हो रहा है। प्रशासन द्वारा बरसों से बंद पड़े रास्तों को खोलने से हजारों लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है। इसी कड़ी में फागी की लसाड़िया पंचायत के गडूड़ा से चकवाड़ा तक का 30 साल पुराना रास्ता खुलने से दूरी 10 किलोमीटर कम हो गई, जिससे लगभग 5,000 ग्रामीणों की राह आसान हो गई। प्रशासन ने न केवल यह रास्ता खुलवाया बल्कि इस पर ग्रेवल सड़क बनाने का कार्य भी प्रारंभ कर दिया है।



**चार महीने में 863 रास्ते हुए आसान**

अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अभियान के नोडल अधिकारी देवेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में प्रत्येक तहसील में हर सप्ताह तीन रास्ते खोले जा रहे हैं। विगत एक सप्ताह में ही जिलेभर में 63 रास्ते खुलवाए गए हैं। 15 नवंबर 2024 से 28 मार्च 2025 तक प्रशासन ने 863 रास्तों को अतिक्रमण मुक्त कर ग्रामीणों के लिए सुगम बना दिया है।

**फागी तहसील में सर्वाधिक 70 रास्ते खुले**

अभियान के तहत जयपुर जिले की विभिन्न तहसीलों में रास्ते खुलवाने का कार्य जारी है। फागी तहसील में सबसे अधिक 70 रास्ते खोले गए, जिनमें से 40 पर ग्रेवल सड़क और दो पर ब्लॉक सड़क निर्माण कार्य जारी है। अन्य तहसीलों में भी प्रशासन ने प्रभावी कार्रवाई की–

| | | |
|---|---|---|
| जयपुर तहसील | : | 4 रास्ते |
| कालवाड़ तहसील | : | 8 रास्ते |
| आमेर तहसील | : | 56 रास्ते |
| जमवारामगढ़ तहसील | : | 38 रास्ते |
| आंधी तहसील | : | 34 रास्ते |
| बस्सी तहसील | : | 41 रास्ते |
| तूंगा तहसील | : | 39 रास्ते |
| शाहपुरा तहसील | : | 56 रास्ते |
| जोबनेर तहसील | : | 55 रास्ते |
| किशनगढ़-रेनवाल तहसील | : | 45 रास्ते |
| फुलेरा तहसील | : | 49 रास्ते |
| रामपुरा-डाबड़ी तहसील | : | 32 रास्ते |
| जालसू तहसील | : | 26 रास्ते |
| चौमूं तहसील | : | 56 रास्ते |
| सांगानेर तहसील | : | 21 रास्ते |
| चाकसू तहसील | : | 51 रास्ते |
| कोटखावदा तहसील | : | 33 रास्ते |
| माधोराजपुरा तहसील | : | 46 रास्ते |
| दूदू तहसील | : | 49 रास्ते |
| मौजमाबाद तहसील | : | 54 रास्ते |

**ग्रामीणों ने जताया आभार**

रास्तों के खुलने से लाभान्वित ग्रामीणों ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया है। प्रशासन ने जहां सहमति और समझाइश से अतिक्रमण हटाया, वहीं विवादित मामलों में कानूनी प्रक्रिया का पालन किया गया।

**भविष्य में भी जारी रहेगा अभियान**

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि खुलवाए गए रास्तों पर शीघ्र ग्रेवल और सीसी रोड निर्माण सुनिश्चित किया जाए। न्यायालय में लंबित प्रकरणों में संबंधित पक्षों को विधिक प्रक्रिया अपनाने की सलाह दी गई है।'रास्ता खोलो अभियान' से ग्रामीणों को न्यायालय के चक्कर लगाने से बचाने, धन-समय की हानि रोकने और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने में मदद मिल रही है। प्रशासन का यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा ताकि अंतिम व्यक्ति तक सुगम आवागमन की सुविधा पहुंच सके।

## द ग्रेट इंडियन ट्रेवल बाजार 25 (जीआईटीबी) के माध्यम से राजस्थान और जयपुर में आईफा जैसे आयोजनों के लिए बनेंगी संभावनाएं:- उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी



**जयपुर टाइम्स**

जयपुर (का.सं.)। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी अध्यक्षता में पर्यटन विभाग की ओर से 4 से 6 मई 2025 तक जयपुर में होने वाले 14वें द ग्रेट इंडियन ट्रेवल बाजार 25 (जीआईटीबी) के सम्बन्ध गुरुवार को शासन सचिवालय में बैठक आयोजित की गई।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बैठक में निर्देश दिए की राजस्थान और भारत को एम.आई.सी.ई. (बैठकें, प्रोत्साहन, सम्मेलन और प्रदर्शनियाँ) के लिए अग्रणी गंतव्य के रूप में प्रदर्शित करने के आयोजित होने वाली इवेंट जीआईटीबी को सफलता पूर्वक आयोजित करने के लिए आवश्यक तैयारी की जाए। उन्होंने कहा कि जयपुर में आईफा जैसे भव्य आयोजन सफलता पूर्वक किये जाने के बाद जीआईटीबी का आयोजन बेहतरीन हो। जिससे आईफा जैसे अन्य बड़े राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय इवेंट आयोजित होने की इस इवेंट के माध्यम से सम्भावनाएं प्रबल हो सके।महानिदेशक पर्यटन, भारत सरकार मुग्धा सिन्हा ने बैठक में जीआईटीबी के आयोजन से सम्बंधित प्रस्तुति करण देते हुए बताया कि ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाज़ार (जीआईटीबी) 2008 में अपनी स्थापना के बाद से 13 वर्षों से जयपुर, राजस्थान में आयोजित किया जा रहा है।

महानिदेशक पर्यटन, भारत सरकार ने बताया कि जीआईटीबी एक अखिल भारतीय, विशिष्ट इन-बाउंड पर्यटन मंच है, जिसे पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार (मेजबान राज्य), पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार और फिक्की द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाता है।

उन्होंने बताया कि जीआईटीबी को राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (आरएटीओ), इंडियन हेरिटेज होटल्स एसोसिएशन (आईएचएचए), होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (एचआरएआर) का समर्थन प्राप्त है। 2008 से अब तक ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाज़ार के पिछले 13 संस्करणों में 99 देशों के लगभग 3000 अग्रणी विदेशी टूर ऑपरेटरों ने विदेशी खरीदारों के रूप में भाग लिया है।सिन्हा ने बताया कि जीआईटीबी का 14वां संस्करण 4-6 मई, 2025 को जयपुर, राजस्थान में आयोजित किया जाएगा।राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री, माननीय केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री, राजस्थान के माननीय उप मुख्यमंत्री, राजस्थान के मुख्य सचिव, पर्यटन सचिव, भारत सरकार और महानिदेशक पर्यटन, भारत सरकार को जीआईटीबी 2025 के उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि विदेशी खरीदारों के रूप में 280 विदेशी टूर ऑपरेटरों की उपस्थितिपूरे भारत में राज्य सरकारें और पर्यटन उद्योग विक्रेता के रूप में प्रदर्शन करेंगे। क्रेताओं और विक्रेताओं के बीच 11000 से अधिक विशिष्ट पूर्व-निर्धारित बी2बी बैठकें आयोजित की जाएंगी।

उन्होंने यह भी बताया कि जीआईटीबी के दौरान राजस्थानी व्यंजन, कला और शिल्प का प्रदर्शन।वर्ष 2023 में, भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के नेतृत्व में जी-20 पर्यटन एक्सपो 2023 का आयोजन जीआईटीबी 2023 के साथ किया गया। वर्ष 2024 में, भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के नेतृत्व में जीआईटीबी 2024 के साथ वेड इन इंडिया एक्सपो का आयोजन किया गया।

महानिदेशक पर्यटन, भारत सरकार ने बताया कि एक्सपो का उद्देश्य राजस्थान और भारत को अग्रणी विवाह पर्यटन स्थल के रूप में प्रदर्शित करना था।वर्ष 2025 में पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार की अगुवाई में मीट इन इंडिया कॉन्क्लेव का आयोजन जीआईटीबी 2025 के साथ किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि कॉन्क्लेव का उद्देश्य राजस्थान और भारत को एम.आई.सी.ई. के लिए अग्रणी गंतव्य के रूप में प्रदर्शित करना है।



## शेखावाटी की हवेलियों के संरक्षण के हो काम : दिया कुमारी

### रामगढ़ को एक मॉडल के रूप में तैयार किया जाए

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर,(का.सं.)। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में गुरूवार को शासन सचिवालय में शेखावाटी क्षेत्र की हवेलियों के संरक्षण के संबंध बैठक आयोजित की गई।

दिया कुमारी ने प्रमुख शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास विभाग, शासन सचिव पर्यटन, झुन्झुनूं,सीकर,चुरू जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट तथा पर्यटक स्वागत केन्द्र, बीकानेर,झुन्झुनूं,सीकर उप निदेशक / सहायक निदेशक, अतिरिक्त निदेशक पर्यटन (विकास) की उपस्थिति में आयोजित बैठक में निर्देश दिए कि शेखावाटी की हवेलियों के संरक्षण के लिए आवश्यक उपाय किये जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए इस क्षेत्र से सम्बन्धित बिन्दुओं का ध्यान में रखकर यदि आवश्यक हो तो विरासत संरक्षण बॉयलॉज को भी अपडेट किया जाए। उपमुख्यमुत्री ने निर्देश दिए कि सीकर,झूंझनूं और चूरू कलेक्टर पटवारियों के माध्यम से शेखावाटी की हवेलियों का सर्वे कर उसका डिजिटलाइजेशन करवाये। उन्होंने कहा कि शेखावाटी क्षेत्र की हवेलियों के संरक्षण के लिए वृहद स्तर पर विरासत संरक्षण बॉयलॉज की आवश्यता है। जिसके लिए चरणबद्ध कार्य किये जाने की आवश्यकता है।

## अनियमितताएं पाए जाने पर सत्रह मेडिकल स्टोर्स के अनुज्ञापत्र निलंबित एवं एक निरस्त

**जयपुर टाइम्स**

बीकानेर(निसं.)। जांच के दौरान विभिन्न अनियमितताएं पाए जाने पर सत्रह मेडिकल स्टोर्स के अनुज्ञापत्र निलम्बित एवं एक का निरस्त किया गया है।अनुज्ञापन प्राधिकारी एवं सहायक औषधि नियंत्रक देवेंद्र कुमार केदावत ने बताया कि श्रीडूंगरगढ़ स्थित अभिषेक हेल्थ केयर का अनुज्ञापत्र 14 अप्रैल को एक दिन के लिए, जवाहर नगर स्थित नीलकंठ मेडिकोज का अनुज्ञापत्र 15 से 17 अप्रैल 3 दिनों के लिए, रीको करणीनगर एग्रीजॉन स्थित बीकाजी मेडिकोज का अनुज्ञापत्र 14 से 18 अप्रैल 5 दिनों के लिए, रानीबाजार स्थित दुर्गा मेडिकल्स का अनुज्ञापत्र 4 से 10 अप्रैल 7 दिनों के लिए, श्रीडूंगरगढ़ स्थित आदिल मेडिकल एंड जनरल स्टोर, घड़सीसर रोड स्थित बिस्मे रबी मेडिकल एंड जनरल स्टोर, आरडी 682 स्थित बीकानेर मेडिकल स्टोर, डागा बिल्डिंग स्थित डेली केयर फार्मेसी एंड जनरल स्टोर के अनुज्ञापत्र 14 से 23 अप्रैल तथा घड़सीसर स्थित एम. आई. मेडिकोज, हॉस्पिटल रोड नोखा स्थित नामदेव मेडिकल स्टोर के अनुज्ञापत्र 16 से 25 अप्रैल तक 10 दिनों के लिए, रावला तिराहा खाजूवाला स्थित गुरु नानक दवा सेवा केंद्र का अनुज्ञापत्र 4 से 18 अप्रैल एवं सादुलगंज स्थित ग्लोबल मेडिकोज का अनुज्ञापत्र 14 से 28 अप्रैल तक 15 दिनों के लिए, रोझा स्थित अमित मेडिकोज, पूगल स्थित भारत मेडिकल स्टोर के अनुज्ञापत्र 14 अप्रैल से 1 मई तक 18 दिनों के लिए, बज्जू स्थित बालाजी मेडिकल स्टोर का अनुज्ञापत्र 14 अप्रैल से 3 मई तक 20 दिनों के लिए, श्रीडूंगरगढ़ स्थित जे. एम. मेडिकोज का अनुज्ञापत्र 15 अप्रैल से 4 मई तक 20 दिनों के लिए, बीठनोक स्थित जय भवानी मेडिकल एंड जनरल स्टोर का अनुज्ञापत्र 16 अप्रैल से 5 मई तक 20 दिनों के लिए अनुज्ञापत्र निलंबित किए गए हैं। अनुज्ञापन प्राधिकारी ने बताया कि औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 नियमावली 1945 के नियम 66 (1) के तहत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए हॉस्पिटल रोड खाजूवाला स्थित बाबर मेडिकोज का अनुज्ञापत्र निरस्त किया गया है।

## सरसों-चना खरीद को लेकर भंडारण व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश



**जयपुर टाइम्स**

जयपुर, (का.सं.)। सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने समर्थन मूल्य पर सरसों एवं चना खरीद को देखते हुए पर्याप्त भंडारण व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया 10 अप्रैल से पहले पूरी करने के प्रयास किए जाएं।

अपेक्स बैंक में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए दक ने कहा कि इस वर्ष बाजार भाव की तुलना में समर्थन मूल्य अधिक होने के कारण खरीद केंद्रों पर बड़ी मात्रा में आवक होने की संभावना है। ऐसे में भंडारण की समुचित व्यवस्था करना अनिवार्य होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि आवश्यक हो तो प्राइवेट गोदाम किराए पर लिए जाएं और तिलम संघ एवं बीज निगम के गोदामों का उपयोग भी किया जाए।

मंत्री ने राजफेड के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिलेवार खरीद लक्ष्य एवं रूट चार्ट को राजस्थान राज्य भंडार व्यवस्था निगम और केन्द्रीय भंडारण निगम के अधिकारियों के साथ साझा किया जाए, ताकि खरीदी गई उपज का भंडारण समीपस्थ स्थानों पर किया जा सके।

बैठक में राजस्थान राज्य भंडार व्यवस्था निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक संदीप वर्मा, सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के शासन सचिव राजन विशाल, राजफेड के प्रबंध निदेशक टीकमचंद बोहरा, केन्द्रीय भंडारण निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक प्रिंस कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## कृषक कल्याण के लिए राज्य सरकार सदैव कटिबद्धः अध्यक्ष किसान आयोग

### विभागीय अधिकारी योजनाओं द्वारा अधिक से अधिक किसानों और पशुपालकों को करें लाभान्वित

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सी.आर. चौधरी की अध्यक्षता में गुरूवार को पंत कृषि भवन के समिति कक्ष में कृषकों, पशुपालकों, कृषि श्रमिकों एवं अन्य सहभागियों की समस्याओं एवं उनके समाधान के संबंध में राज्य सरकार को प्रस्तुत किये जाने वाले प्रतिवेदन पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित अधिकारियों द्वारा विभागों की योजनाओं, कार्यक्रमों की जानकारी देकर उनमें किये जाने संभावित सुधारों एवं नवाचारों पर विस्तार से चर्चा की गई हैं। सी.आर. चौधरी ने बताया कि कृषक कल्याण के लिए राज्य सरकार सदैव कटिबद्ध है। विभागीय अधिकारी योजनाओं द्वारा अधिक से अधिक किसानों और पशुपालकों को लाभान्वित करें। हमारा प्रदेश कृषि प्रधान होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों की अधिकांश आबादी कृषि एवं पशुपालन से जुड़ी हुई थी, जिनकी संख्या में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। अध्यक्ष महोदय ने बताया कि किसानों एवं पशुपालकों की समस्याओं का निवारण कर ''प्राकृतिक खेती'' को मिशन के रूप अपनाकर इसे अधिक लाभकारी बनाया जाये। विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के क्रियान्यवन में आ रही समस्याओं को दूर कर अधिक से अधिक कृषकों को लाभ पहुंचाये। किसान आयोग पशुपालकों, किसानों, सहभागियों एवं विभागों के मध्य एक सेतु का कार्य करता है। विभागों के कार्यों एवं योजनाओं को निर्बाध गति से संचालित किये जाने हेतु किसानों की समस्याओं के निराकरण के क्रम में आयोग द्वारा प्रतिवेदन तैयार कर राज्य सरकार को प्रस्तुत किया जाना हैं। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड पर मिलने



वाले ऋण की सीमा को किसान आयोग की सिफारिश एवं प्रयासों से 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख कर दिया गया है, कृषक हित में फार्म पोण्ड के लक्ष्य भी बढ़ाये गये हैं, जो किसान आयोग का एक सेतु के रूप में कार्य किये जाने का जीवंत उदाहरण है। अध्यक्ष द्वारा कृषि यंत्रों पर अनुदान, अतिवृष्टि से होने वाले फसल खराबा का मुआवजा समय पर पर देने, प्रमाणित बीज बुआई से पहले देने, जैविक खेती को बढ़ाने एवं जैविक उत्पादो को विक्रय हेतु मंडियों में सुविधाएं बढ़ाने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

बैठक में कृषि, उद्यान, पशुपालन, कृषि विपणन विभाग, जलग्रहण विकास, सहकारिता विभाग, राजफेड, राजस्थान राज्य बीज एवं जैविक प्रमाणीकरण संस्था, महाराणा प्रताप कृषि विश्वविद्यालय, उदयपुर, कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर व बीकानेर, केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान केन्द्र, टोंक, राजस्थान कॉपरेटिव डेयरी फेडरेशन एवं अन्य संबद्ध विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

# माता का छठा भव्य, विराट स्वरूप माँ कात्यायनी

कात्यायनी नवदुर्गा या हिंदू देवी पार्वती (शक्ति) के नौ रूपों में छठवें रूप में अबतरित हुई है। यह अमर कोष में पार्वती के लिए दूसराआ नाम है, संस्कृत शब्दकोश में उमा, कात्यायनी, गौरी,काली, हैमावती, ईश्वरी इन्हीं के अन्य पवित्र नाम भी उल्लेखित हैं। शक्तिवाद में उन्हें शक्ति या दुर्गा, जिसमें भद्रकाली और चंडिका भी उच्चारित किया जाता है। यजुर्वेद के तैत्तिरीय आरण्यक में उनका उल्लेख प्रथमतः किया है। स्कंद पुराण में उल्लेख है कि वे परमेश्वर के नैसर्गिक क्रोध से उत्पन्न हुई थी, जिन्होंने देवी पार्वती द्वारा दिए गये सिंह पर आरूढ़ होकर महिषासुर का वध किया था। वे शक्ति की आदि रूपा है, जिसका उल्लेख पाणिनि पर पतांजलि के महाभाष्य में किया गया है, जिसे दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व में लिखी गयी थी। उनका वर्णन देवी-भागवत पुराण,और मार्कंडेय ऋषि द्वारा रचित मार्कंडेय पुराण के देवी महात्म्य में किया गया है जिसे 400 से 500 ईसा में लिपि बद्ध किया गया था। बौद्ध और जैन ग्रंथों और कई तांत्रिक ग्रंथों, विशेष रूप से कालिका-पुराण (10वीं शताब्दी) में उनका उल्लेख है, जिसमें उद्यान या उड़ीसा में देवी कात्यायनी और भगवान जगन्नाथ का स्थान बताया गया है।परंपरागत रूप से देवी दुर्गा की तरह वे लाल रंग से जुड़ी हुई हैं। नवरात्रि उत्सव के षष्ठी में उनकी पूजा की जाती है। उस दिन साधक का मन 'आज्ञा' चक्र में स्थित होता है। योगसाधना में इस आज्ञा चक्र का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। इस चक्र में स्थित मन वाला साधक माँ कात्यायनी के चरणों में अपना सर्वस्व निवेदित कर देता है। परिपूर्ण आत्मदान करने वाले ऐसे भक्तों को सहज भाव से माँ के दर्शन प्राप्त हो जाते हैं।माँ का नाम कात्यायनी कैसे पड़ा इसकी भी एक कथा है- कत नामक एक प्रसिद्ध महर्षि थे। उनके पुत्र ऋषि कात्य हुए। इन्हीं कात्य के गोत्र में विश्वप्रसिद्ध महर्षि कात्यायन उत्पन्न हुए थे। इन्होंने भगवती पराम्बा की उपासना करते हुए बहुत वर्षों तक बड़ी कठिन तपस्या की थी। उनकी इच्छा थी माँ भगवती उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लें। माँ भगवती ने उनकी यह प्रार्थना स्वीकार कर ली। कुछ समय पश्चात जब दानव महिषासुर का अत्याचार पृथ्वी पर बढ़ गया तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु, महेश तीनों ने अपने-अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सर्वप्रथम इनकी पूजा की। इसी के फलस्वरुप यह कात्यायनी कहलाईं।ऐसी भी कथा मिलती है कि ये महर्षि कात्यायन के वहाँ पुत्री रूप में उत्पन्न हुई थीं। आश्विन कृष्ण चतुर्दशी को जन्म लेकर शुक्त सप्तमी, अष्टमी तथा नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन ऋषि की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषासुर का वध किया था।माँ कात्यायनी अमोघ फलदायिनी हैं। भगवान कृष्ण को पतिरूप में पाने के लिए ब्रज की गोपियों ने इन्हीं की पूजा कालिन्दी-यमुना के तट पर की थी। ये ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित हैं।माँ कात्यायनी का स्वरूप अत्यंत तेजस्वी और भास्वर है। इनकी चार भुजाएँ हैं। माता जी का दाहिनी तरफ का ऊपर वाला हाथ अभय मुद्रा में तथा नीचे वाला वरमुद्रा में है। बाईं तरफ के ऊपरवाले हाथ में तलवार और नीचे वाले हाथ में कमल-पुष्प सुशोभित है। इनका वाहन सिंह है।माँ कात्यायनी की भक्ति और उपासना द्वारा मनुष्य को बड़ी सरलता से अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति हो जाती है। वह इस लोक में स्थित रहकर भी अलौकिक तेज और प्रभाव से युक्त हो जाता है। नवरात्रि का छठा दिन माँ कात्यायनी की उपासना का दिन होता है। इनके पूजन से अद्भुत शक्ति का संचार होता है व दुश्मनों का संहार करने में ये सक्षम बनाती हैं। इनका ध्यान गोधुली बेला में करना होता है। प्रत्येक सर्वसाधारण के लिए आराधना योग्य यह श्लोक सरल और स्पष्ट है। माँ जगदम्बे की भक्ति पाने के लिए इसे कंठस्थ कर नवरात्रि में छठे दिन इसका जाप करना चाहिए। 'या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम॥अर्थ हे माँ ! सर्वत्र विराजमान और शक्ति -रूपिणी प्रसिद्ध अम्बे, आपको मेरा बार-बार प्रणाम है। या मैं आपको बारंबार प्रणाम करता हूँ।इसके अतिरिक्त जिन कन्याओ के विवाह में विलम्ब हो रहा हो, उन्हें इस दिन माँ कात्यायनी की उपासना अवश्य करनी चाहिए, जिससे उन्हे मनोवान्छित वर की प्राप्ति होती है। विवाह के लिये कात्यायनी मन्त्र- ? कात्यायनी महामाये महायोगिन्यधीश्वरि ! नंदगोपसुतम् देवि पतिम् मे कुरुते नम माँ को जो सच्चे मन से याद करता है उसके रोग, शोक, संताप, भय आदि सर्वथा विनष्ट हो जाते हैं। जन्म-जन्मांतर के पापों को विनष्ट करने के लिए माँ की शरणागत हो कर उनकी पूजा-उपासना के लिए तत्पर होना चाहिए।

"जय माता कात्यायनी की जय"।



संजीव ठाकुर
(वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक लेखक) संकलनकर्ता, चिंतक स्तंभकार,रायपुर, छत्तीसगढ़

# जल और ऊर्जाः मितव्ययिता के साथ विवेकपूर्ण उपयोग जरूरी !

> *यह बढ़ी हुई मांग बिजली ग्रिड पर दबाव डालती है, जिससे संभावित रूप से बिजली की कटौती होती है और निरंतर ऊर्जा आपूर्ति पर निर्भर व्यवसायों पर असर पड़ता है और ऊर्जा की मांग में अभूतपूर्व वृद्धि होती है। कहना चाहूंगा कि अत्यधिक गर्मी से कई तरह से वित्तीय नुकसान हो सकता है, जिसमें कृषि में फसल की विफलता, पर्यटन पर निर्भर व्यवसायों के लिए पैदल यातायात में कमी, तथा क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे के रख-रखाव की लागत में वृद्धि शामिल है। बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि मौसम वैज्ञानिक बहुत लंबे समय से यह चेतावनी जारी कर रहे हैं कि ग्लोबल वार्मिंग(वैश्विक तापमान) में बढ़ोत्तरी की वजह से दुनिया भर में चरम मौसमी घटनाएं बढ़ेंगी और भारत भी इससे अछूता नहीं रहेगा। गौरतलब है कि पिछले ही वर्ष यानी कि वर्ष 2024 में पहली हीटवेव ओडिशा में अप्रैल की शुरुआत में महसूस की गई थी, जबकि इस वर्ष कोंकण व तटीय कर्नाटक के कुछ हिस्सों में फरवरी का अंत आते-आते ही होटवेव जैसी स्थितियां पैदा होने से मौसम को लेकर पहले ही अनेक प्रकार की आशंकाएं व्यक्त की जा रही थीं। यह बात ठीक है कि हम ग्लोबल*

वर्तमान में अप्रैल का महीना चल रहा है और अभी से ठीक-ठाक गर्मी पड़ने लगी है।अभी से ही उत्तर भारत गर्मी का सामना करने लगा है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि हाल ही में इस संदर्भ में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अलर्ट जारी किया है।आईएमडी का यह अनुमान है कि इस बार अप्रैल में सामान्य से ज्यादा गर्मी पड़ेगी। गौरतलब है कि आईएमडी द्वारा कई इलाकों में 'लू'(गर्म हवाएं)का भी अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़ और ओडिशा सहित कुछ राज्यों में 10 से 11 दिन लू चलने की संभावना है। कहना चाहूंगा कि मौसम विभाग ने आने वाले महीनों में सामान्य से अधिक गर्मी और हीटवेव को लेकर जो अलर्ट जारी किया है, वह जलवायु परिवर्तन के गहराते संकट को इंगित करता है।आईएमडी के मुताबिक देश में अप्रैल से जून तक तापमान सामान्य से अधिक रह सकता है। इसके अलावा मध्य और पूर्वी भारत और उत्तर-पश्चिमी मैदानी इलाकों में 'लू' चल सकती है। आशंका जताई गई है कि पश्चिमी और पूर्वी भारत के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहेगा। वास्तव में,उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, पंजाब, मध्यप्रदेश के साथ-साथ महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप दिखेगा। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि आज के समय वैश्विक तापमान(ग्लोबल वार्मिंग)में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे धरती पर गर्म लहरों की तीव्रता बढ़ रही है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण पारिस्थितिकी तंत्र, मानव स्वास्थ्य, जीवों के स्वास्थ्य, वनस्पतियों और देश की अर्थव्यवस्था पर व्यापक असर पड़ता है। सच तो यह है कि अत्यधिक गर्मी उधोगों और व्यवसायों के लिए अनेक प्रकार की चुनौतियां प्रस्तुत करती है। कहना ग़लत नहीं होगा कि गर्मी बढ़ने से उत्पादकता में अभूतपूर्व कमी आती है।उच्च तापमान के संपर्क में आने वाले कर्मचारी गर्मी से संबंधित बीमारियों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं, जिससे कार्य कुशलता कम हो जाती है और उत्पादकता प्रभावित होती है।अत्यधिक गर्मी आपूर्ति श्रृंखलाओं(जैसे कि परिवहन व रसद में देरी) को बाधित कर सकती है।जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है, शीतलन उद्देश्यों के लिए ऊर्जा की खपत में जबरदस्त वृद्धि होती है। यह बढ़ी हुई मांग बिजली ग्रिड पर दबाव डालती है, जिससे संभावित रूप से बिजली की कटौती होती है और निरंतर ऊर्जा आपूर्ति पर निर्भर व्यवसायों पर असर पड़ता है और ऊर्जा की मांग में अभूतपूर्व वृद्धि होती है। कहना चाहूंगा कि अत्यधिक गर्मी से कई तरह से वित्तीय नुकसान हो सकता है, जिसमें कृषि में फसल की विफलता, पर्यटन पर निर्भर व्यवसायों के लिए पैदल यातायात में कमी, तथा क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे के रख-रखाव की लागत में वृद्धि शामिल है। बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि मौसम वैज्ञानिक बहुत लंबे समय से यह चेतावनी जारी कर रहे हैं कि ग्लोबल वार्मिंग(वैश्विक तापमान) में बढ़ोत्तरी की वजह से दुनिया भर में चरम मौसमी घटनाएं बढ़ेंगी और भारत भी इससे अछूता नहीं रहेगा। गौरतलब है कि पिछले ही वर्ष यानी कि वर्ष 2024 में पहली हीटवेव ओडिशा में अप्रैल की शुरुआत में महसूस की गई थी, जबकि इस वर्ष कोंकण व तटीय कर्नाटक के कुछ हिस्सों में फरवरी का अंत आते-आते ही होटवेव जैसी स्थितियां पैदा होने से मौसम को लेकर पहले ही अनेक प्रकार की आशंकाएं व्यक्त की जा रही थीं। यह बात ठीक है कि हम ग्लोबल वार्मिंग को एकदम से रातों-रात नहीं रोक सकते हैं, लेकिन हम गर्मी रोकने वाली गैसों और कालाशे कार्बन के मानव उत्सर्जन को कम करके इसकी दर को धीमा कर सकते हैं और ग्लोबल वार्मिंग की मात्रा को काफी हद तक सीमित कर सकते हैं।अपनी दैनिक दिनचर्याओं को समायोजित करके भी हम ग्लोबल वार्मिंग को रोकने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकते हैं। मसलन, रिसाइक्लिंग (पुनर्चक्रण), परिवहन के तरीकों को बदलकर, भोजन की बर्बादी को रोककर, अपनी ऊर्जा खपत का उचित प्रबंधन करके तथा दूसरों को पर्यावरण के प्रति शिक्षित और जागरूक करके काफी हद तक ग्लोबल वार्मिंग से बचा जा सकता है। आज विभिन्न मानवीय गतिविधियों के कारण पृथ्वी की सतह के औसत तापमान में दीर्घकालिक वृद्धि हो रही है और इसके लिए मुख्य रूप से कोयला , तेल और गैस जैसे जीवाश्म ईंधन का जलना जिम्मेदार ठहराते जा सकते हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि ये गतिविधियाँ ग्रीनहाउस गैसों को वायुमंडल में छोड़ती हैं, और हमारे नीले ग्रह के नाजुक जलवायु संतुलन को बिगाड़ती हैं। संक्षेप में कहें तो ग्लोबल वार्मिंग से तात्पर्य विशेष रूप से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के कारण पृथ्वी की सतह के तापमान में वृद्धि से है और यही तापमान वैश्विक जलवायु परिवर्तन को बढ़ावा दे रहा है।सच तो यह है कि तापमान में निरंतर वृद्धि दुनिया भर में व्यवधानों को बढ़ावा देती है। मसलन, अधिक चरम गर्मी पिघलती बर्फ की टोपियों से लेकर बारिश के बदलते पैटर्न तक, कृषि और जल आपूर्ति को प्रभावित करते हैं। ग्लोबल वार्मिंग से समुद्र का स्तर बढ़ता है। ग्लेशियर और बर्फ की चादरें पिघलने लगतीं हैं।उच्च तापमान से तूफान, वन्य आग, बाढ़ और सूखे की घटनाएं बढ़ जाती हैं। जैव-विविधता की हानि होती है। सच तो यह है कि आज कई प्रजातियां बदलती जलवायु के अनुकूल ढलने के लिए संघर्ष कर रही हैं, जिसके परिणामस्वरूप विलुप्ति हो रही है। तापमान बढ़ोत्तरी से महासागरों का अम्लीकरण होता है। इससे अतिरिक्त कार्बन डाइऑक्साइड महासागरों में घुल जाती है, जिससे पीएच स्तर में परिवर्तन होता है और समुद्री जीवन को नुकसान पहुंचता है। धरती का तापमान बढ़ता है तो भोजन एवं पानी की कमी हो जाती है। सच तो यह है कि सूखे और अनियमित मौसम से फसल की पैदावार कम हो जाती है, जिससे खाद्य सुरक्षा को खतरा पैदा हो जाता है।वायु प्रदूषण और अत्यधिक गर्मी श्वसन संबंधी बीमारियों और हीटस्ट्रोक में योगदान देती है। संक्षेप में कहें तो इससे स्वास्थ्य पर संकट बढ़ते हैं। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि यदि हमने समय रहते अपने कार्बन उत्सर्जन(ग्रीन हाउस गैसों) को नियंत्रित नहीं किया और पर्यावरण संरक्षण को उचित प्राथमिकता नहीं दी, तो आने वाले वर्षों में हालात और भी भयावह हो सकते हैं।आज वनों की कटाई, चरागाहों में लगातार कमी और अनियंत्रित औधोगिकीकरण और शहरीकरण ने मौसम चक्र को असंतुलित किया है, जिससे मौसम संबंधी असामान्य घटनाएं भारत समेत पूरी दुनिया में बढ़ी हैं। पाठकों को बताता चलूं कि पेरिस समझौता जलवायु परिवर्तन पर कानूनी रूप से बाध्यकारी अंतरराष्ट्रीय संधि है, जो वर्ष 2015 में पेरिस में हुआ था लेकिन अमेरिका ने पेरिस समझौते से दूरी बनाकर अपना रुख पहले ही स्पष्ट कर दिया है। पाठकों को बताता चलूं कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि यह समझौता अमेरिकी आर्थिक हितों को नुकसान पहुंचा रहा है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि अमेरिका तो अमेरिका ग्रीनहाउस गैसों(कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड आदि) के उत्सर्जन के लिए चीन,भारत, रूस, इंडोनेशिया, ब्राज़ील, जापान, ईरान, और कनाडा जैसे देश ज़्यादा ज़िम्मेदार हैं। एक जानकारी के अनुसार इन देशों ने साल 2020 में कुल ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का करीब 67% हिस्सा अदा किया था। एक अन्य उपलब्ध जानकारी के अनुसार चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका, भारत, यूरोपीय संघ , रूस और ब्राजील वर्ष 2023 में दुनिया के सबसे बड़े जीएचजी(ग्रीन हाउस गैस) उत्सर्जक थे। साथ में वे वैश्विक जनसंख्या का 49.8%, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 63.2%, वैश्विक जीवाश्म ईंधन खपत का 64.2% और वैश्विक जीएचजी उत्सर्जन का 62.7% हिस्सा हैं। इन शीर्ष उत्सर्जकों में से, वर्ष 2023 में चीन , भारत , रूस और ब्राजील ने वर्ष 2022 की तुलना में अपने उत्सर्जन में वृद्धि की, जिसमें भारत में सापेक्ष रूप से सबसे बड़ी वृद्धि (+ 6.1%) और चीन में 784 मीट्रिक टन कार्बन डाइऑक्साइड की सबसे बड़ी निरपेक्ष वृद्धि हुई।यह विडंबना ही है कि आज विकसित देश विकासशील देशों को ग्रीन हाउस गैसों का जिम्मेदार ठहरा रहे हैं, लेकिन खुद इन गैसों पर नियंत्रण नहीं कर रहे हैं। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि आज जरूरत इस बात की है कि हम सौर व ऊर्जा के अन्य नवीकरणीय स्रोतों पर जोर दें, ताकि पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम हो सके। पाठकों को बताता चलूं कि ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोतों में सौर ऊर्जा के अलावा क्रमशः पवन ऊर्जा, जल विद्युत, भूतापीय ऊर्जा, बायोमास, इथेनॉल, तरंग और ज्वारीय ऊर्जा को शामिल किया जा सकता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि नवीकरणीय ऊर्जा प्राकृतिक और स्व-पुनःपूर्ति करने वाली ऊर्जा होती है तथा इनका कार्बन फ़ुटप्रिंट कम या शून्य होता है। इतना ही नहीं,ये ऊर्जा स्रोत कभी खत्म भी नहीं होते हैं। वास्तव में, इनका इस्तेमाल करके हम जलवायु परिवर्तन से निपट सकते हैं, क्यों कि इनमें से कई संसाधन सीधे वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन नहीं करते हैं। ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिए हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने होंगे। जल और ऊर्जा की बचत करनी होगी अथवा इनका मितव्ययिता के साथ विवेकपूर्ण उपयोग करना होगा। ग्लोबल वार्मिंग से तभी बचा जा सकता है जब हम जागरूक होकर जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए आगे आए, प्रकृति व इसके संसाधनों का अंधाधुंध दोहन न करें।



सुनील कुमार महला,
फ्रीलांस राइटर, कालमिस्ट व युवा साहित्यकार, उत्तराखंड।

# 'अपने' देश में 'बेगाना' होने का दर्द

कुछ समय से भारतीय इतिहास को पढ़ रहा हूं और समझने की कोशिश में जुटा हूं। इस क्रम में कभी-कभी जितनी खुशी अपने देश की गरिमा, उसकी उपलब्धियों को जानने से मिलती होती है, उतना ही दुख और क्रोध उन विदेशी आक्रांताओं, लुटेरों के बारे में जान कर होता है जिन्होंने देश की धन-संपदा को लूटा, हम पर आधिपत्य जमाया, हम भारतीयों का गला काटा। लोग कुछ दिन की ही गुलामी से त्रस्त होकर या तो मृत्यु का वरण कर लेते हैं या संघर्ष करके खुद को इतिहास में अमर कर लेते हैं। ऐसे कई उदाहरण इतिहास में उपलब्ध हैं।

हमारा देश एकाध नहीं, सैकड़ों वर्षों तक गुलाम रहा। चाहे मुगल हों, पुर्तगाली हों, फ्रेंच हो या अंग्रेज- सबने सैकड़ों वर्षों तक हमें लूटा, हम पर राज और अत्याचार किए। हम चुपचाप अपने ही घर-देश के होकर भी बेगाने या यूं कहें कि अपराधी बने सब कुछ सहते रहे। पुर्तगाली जिस समय भारत में घुसे तो इनके एक हाथ में तलवार थी और दूसरे में क्रॉस। लेकिन, जब सोने का ढेर उनके सामने आया, तो उन्होंने क्रॉस को ताक पर रखकर जेबों में सोना भरना आरंभ कर दिया। लेकिन, सोना इतना ज्यादा था जिसे एक हाथ में नहीं उठाया जा सकता था, इसलिए उन्होंने तलवार को भी परे रख दिया। बिल्कुल इसी तरह इसी समय यूरोप की दूसरी जातियों के लोग भी भारत आ धमके और उन पर हावी हो गए। इस समय पुर्तगाल और स्पेन में पूर्वी एशिया को हड़प लेने की होड़-सी मची थी। उस दौर में यूरोप में यही दोनों देश सर्वोपरि थे। पुर्तगाल ने पूर्व की तरफ रुख किया था, जबकि स्पेन ने पश्चिम की तरफ। पुर्तगाल अफ्रीका के आसपास चक्कर काटकर हिंदुस्तान आ पहुंचा था और स्पेन, भारत के भुलावे में अमेरिका जा पहुंचा था।

केवल यही बात नहीं है कि 11वीं शताब्दी में मुसलमानों के आक्रमण ज्यादा हुए हैं। इससे बहुत पहले ही कई जातियों का मिश्रण हो चुका था। आर्यों में जातीय एकता जरूर थी, लेकिन भारत में एकमत आर्य भी नहीं हो सके थे। मुगलों के उत्थान से बहुत पहले ही भारत में कई मुस्लिम राज्य स्थापित हो चुके थे जिन्होंने भारतीय राज्यों की राष्ट्रीयता के बंधन को तोड़ दिए थे। कोई राज्य देशभक्ति के नाम पर अपील कर सकने योग्य नहीं था। इसलिए अंग्रेजों के हाथ में भारतीय जन-शासन का अधिकार आना भारतीय जनता का एक विदेशी दासता से निकलकर दूसरी विदेशी दासता में फंसना मात्र था। भारतीय आदिकाल से समझदार रहा है, इसलिए परिस्थितियां उनके जीवन में क्रांति लाती है, लेकिन वह क्रांति से यकायक आहत नहीं होता। इस समय अंग्रेजी जल-सैनिक खुले समुद्र में डाका डालते थे और स्पेन से गुजरने वाले जहाजों को लूट लेने की ताक में रहते थे, जो अमेरिका से सोना या भारत से मसाले लेकर लौट रहे होते थे। इन समुद्री डाकुओं का नेता सर फ्रांसिस ड्रेक था और उसका नाम 'समुद्री कुत्ता' पूरे यूरोप में प्रसिद्ध हो गया था। सर ड्रेक अपने चार शीघ्रगामी पोतों को लेकर, जिनपर हल्की तोपें चढ़ी हुई थीं, समुद्र में अपने शिकार की ताक में घूम रहे थे। इतने में ही उन्हें एक बेड़ा धीरे-धीरे आगे आता दिखा। ड्रेक ने तुरंत हमला बोल दिया। थोड़े ही प्रयास से बेड़ा उनके काबू में आ गया।



बेड़ा पुर्तगीजों का था और उन जहाजों में मसाला भरा था। ड्रेक प्रसन्न हो गया। लेकिन, उस समय वह और उसके साथी प्रसन्नता से नाच उठे, जब उनके हाथ भारत का एक मानचित्र लग गया। यह पूर्व में प्रवेश–द्वार की चाभी थी, जिसने अंग्रेजों के लिए भारत का दरवाजा खोल दिया। ज्यों ही इन तथाकथित साहसिक जनों को पता लगा कि पूर्व को चाभी उन्हें मिल गई है, वे भारत में आने और यूरोप के दूसरे देशों के आदमियों की भांति मालामाल होने को बेताब हो उठे।

भारतीय जलमार्ग के नक्शे मिलने के 30 साल बाद सन् 1608 में पहला अंग्रेजी जहाज 'हेक्टर' सूरत की बंदरगाह पर आकर लगा। उन दिनों सूरत का बंदरगाह भारतीय विदेश व्यापार का बहुत बड़ा केंद्र हुआ करता था। जहाज का कप्तान हाकिंस था। वही पहला अंग्रेज था जिसने पहली बार भारत की भूमि को स्पर्श किया। इसके बाद उन्होंने व्यापार करने के लिए एक कंपनी के गठन किया और उसका नाम रखा 'दी गवर्नर एंड कंपनी ऑफ मर्चेंट्स ऑफ़ लंदन ट्रेडिंग टू दि ईस्ट इंडीज'। आगे चलकर यही कंपनी 'ईस्ट इंडिया कंपनी' के नाम से प्रसिद्ध हुई।

विभिन्न देशों के दुर्लभ प्रहार यदि किसी देश ने झेला है तो वह भारत है। किसी विदेशी आक्रांताओं को भारतीय मानव मूल्यों, उसके संस्कार उसकी मानवीय संवेदनाओं, आचार-विचार से क्या लेना–देना। उसका उद्देश्य तो मात्र यही था कि किसी प्रकार भारत के सोने के खजाने को लूटा जाए। इसीलिए वह हमें लूटते भी थे और अपनी लूट में हुए खर्च को तरह-तरह की यातना देकर हमसे ही वसूलते भी थे। कल्पना कीजिए, कितने जुल्मों को हमने झेला है, हमारे पूर्वजों ने झेला है। हम जिस अखंड भारत की बात करते-सुनते हैं वह तो आजादी के बाद हमारे नेताओं ने हमारी आजादी के नाम पर अपने को शहीद कराने वाले शहीदों का बनाया हुआ है।

आजादी के बाद तक हम खंड-खंड में विभाजित थे, अपने-अपने कुनबे से अपना शासन चलाकर खुद को राजा-महाराजा कहलाने में गर्व महसूस करते रहे। फिर जब कोई कठिन समय आता था और जो हमसे शक्तिशाली होता था, उनके आगे नतमस्तक होकर उनकी गुलामी करते रहते थे। कहां था उस समय अखंड भारत? वह तो आजादी के बाद हमारे मूर्धन्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अंग्रेजों को भगाकर किया। जहां साढ़े पांच सौ राजा–महाराजाओं का शासन हो और कोई संपूर्ण देश को नेतृत्व देने वाला न हो, वह न तो देश था, न राज्य। हम उनके प्रति नतमस्तक हैं जिन लोगों ने निःस्वार्थ भाव से देश को आजाद कराने में अपना सर्वस्व होम कर दिया, केवल यह सोचकर कि हमारी अगली पीढ़ी आजाद भारत के नागरिक होंगे, उनकी अपनी जमीन होगीज्उनका अपना आसमान होगा।

# नवरात्रा पर विशेषः भंवरों की देवी है जीण माता



रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान के सीकर-जयपुर मार्ग पर गोरिया के पास जीणमाता गांव में देवी स्वरूपा जीण माता का प्राचीन मंदिर बना हुआ है। जीण माता का वास्तविक नाम जयन्ती माता है। माता दुर्गा की अवतार है। यह मंदिर शक्ति की देवी को समर्पित है। घने जंगल से घिरा हुआ है यह मंदिर तीन छोटी पहाड़ों के संगम पर स्थित है। जीण माता का यह मन्दिर बहुत प्राचीन शक्ति पीठ है। जीण माता का मंदिर दक्षिण मुखी है। लेकिन मंदिर का प्रवेश द्वार पूर्व में है। मंदिर की दीवारों पर तांत्रिकों व वाममार्गियों की मूर्तियां लगी है। जिससे यह भी सिद्ध होता है कि उक्त सिद्धांत के मतावलंबियों का इस मंदिर पर कभी अधिकार रहा है या उनकी यह साधना स्थली रही है। मंदिर के देवायतन का द्वार सभा मंडप में पश्चिम की ओर है। यहां जीण भगवती की अष्टभुजी आदमकद मूर्ति प्रतिष्ठापित है। सभा मंडप पहाड़ के नीचे है। मंदिर में ही एक और मंदिर है जिसे गुफा कहा जाता है। जहां जगदेव पंवार का पीतल का सिर और कंकाली माता की मूर्ति है। मंदिर के पश्चिम में महात्मा का तप स्थान है जो धुणा के नाम से प्रसिद्ध है। लोगों का मानना है कि यह मंदिर एक हजार साल पुराना है। लेकिन कई इतिहासकार आठवीं सदी में जीण माता मंदिर का निर्माण काल मानते हैं। मंदिर में अलग-अलग आठ शिलालेख लगे हैं जो मंदिर की प्राचीनतम के सबल प्रमाण है। उपरोक्त शिलालेखों में सबसे पुराना शिलालेख संवत 1029 का है। जिस पर उसमें मंदिर के निर्माण का समय नहीं लिखा गया है। इसलिए यह मंदिर उससे भी अधिक प्राचीन है। चैहान चन्द्रिका नामक पुस्तक में इस मंदिर का 9 वीं शताब्दी से पूर्व के आधार मिलते हैं। एक जनश्रुति के अनुसार देवी जीण माता ने सबसे बड़ा चमत्कार मुगल बादशाह औरंगजेब को दिखाया था। औरंगजेब ने शेखावाटी के मंदिरों को तोड़ने के लिए एक विशाल सेना भेजी थी। यह सेना हर्ष पर्वत पर शिव व हर्षनाथ भैरव का मंदिर खंडित कर जीण मंदिर को खंडित करने आगे बढ़ी तो कहते है कि मन्दिर के पुजारियों के आर्त स्वर में मां से विनय करने पर मां जीण ने भंवरे (बड़ी मधुमखियां) छोड़ दी जिनके आक्रमण से औरंगजेब की शाही सेना लहूलुहान हो भाग खड़ी हुई। कहते है स्वयं बादशाह की हालत बहुत गंभीर हो गई। तब बादशाह ने हाथ जोड़ कर मां जीण से क्षमा याचना कर मां के मंदिर में अखंड दीप के लिए दिल्ली से सवामण तेल भेजने का वचन दिया। कई वर्षो तक माता के मन्दिर में दीपक के लिये दिल्ली से तेल आता रहा फिर दिल्ली के बजाय जयपुर से आने लगा। बाद में जयपुर महाराजा ने इस तेल को मासिक के बजाय वर्ष में दो बार नवरात्रों के समय भिजवाना आरम्भ कर दिया। और महाराजा मान सिंह जी के समय तेल के स्थान पर नगद 20 रु. 3 आने प्रतिमाह कर दिए। जो निरंतर प्राप्त होते रहे। औरंगजेब को चमत्कार दिखाने के बाद जीण माता भंवरों की देवी भी कही जाने लगी। हमारे देश में दुर्गा मां को शक्ति की देवी के रूप में पूजा जाता है। दुर्गा मां के कई रूप और अवतार हैं। पूरे भारत में नवरात्रा के अवसर पर माता के मंदिरों में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ पड़ती है। आस्था से भरे इस देश में माता का स्थान सबसे ऊपर है। जीण माता देवी शक्ति है जो सदियों से लेकर आज तक लगातार आराध्य देवी के रूप में पूजी जाती हैं। जीण माता मंदिर में हर वर्ष चैत्र सुदी एकम् से नवमी (नवरात्रा में) व आसोज सुदी एकम से नवमी में दो विशाल मेले लगते हैं। जिनमे देश भर से लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते है। जीणमाता मेले के अवसर पर राजस्थान के बाह्य अंचल से भी अनेक लोग आते हैं। मन्दिर में बारह मास अखण्डदीप जलता रहता है। हर मंदिर के कपाट चंद्र ग्रहण के दौरान बंद रहते हैं। इसका कारण यह है कि चंद्र ग्रहण के दौरान नकारात्मक शक्तियां बढ़ जाती हैं और सकारात्मक शक्तियां कमजोर पड़ जाती हैं। इसलिए मान्यता है कि अगर मंदिर के कपाट खुले रखेंगे तो मंदिर में बुरी शक्तियों का वास होगा। लेकिन शक्तिपीठ जीण माता मंदिर के कपाट हमेशा खुले रहते हैं। इस मंदिर के कपाट कभी भी बंद नहीं होते हैं। राजस्थान का यह एकमात्र ऐसा मंदिर है जहां 24 घंटे भक्त मां जीण भवानी के दर्शन करते हैं। लोक कथाओं के अनुसार जीण माता का जन्म अवतार राजस्थान के चूरू जिले के घांघू गांव के अधिपति एक चौहान वंश के राजा घंघ के घर में हुआ था। जीण माता के बड़े भाई का नाम हर्ष था। माता जीण को शक्ति का अवतार माना गया है और हर्ष को भगवान शिव का अवतार माना गया है। कहते हैं कि दोनों बहन भाइयों में बहुत स्नेह था। लेकिन किसी बात पर दोनों मनमुटाव हो गया। तब जीण माता यहां आकर तपस्या करने लगी। पीछे-पीछे हर्षनाथ भी अपनी लाडली बहन को मनाने के लिए आए। लेकिन जीण माता जिद कर साथ जाने से मना कर दिया। हर्षनाथ का मन बहुत उदास हो गया और वे भी वहां से कुछ दूर जाकर तपस्या करने लगे। दोनों भाई बहन के बीच हुई बातचीत का सुलभ वर्णन आज भी राजस्थान के लोक गीतों में मिलता है। भगवन हर्षनाथ का भव्य मन्दिर आज भी राजस्थान की अरावली पर्वतमाला में स्थित है। जीण भवानी की सुबह चार बजे मंगला आरती होती है। आठ बजे श्रृंगार के बाद आरती होती है व सायं सात बजे आरती होती है। दोनों आरतियों के बाद भोग (चावल) का वितरण होता है। माता के मन्दिर में प्रत्येक दिन आरती समयानुसार होती है। चन्द्रग्रहण और सूर्य ग्रहण के समय भी आरती अपने समय पर होती है। हर महीने शुक्ल पक्ष की अष्टमी को विशेष आरती व प्रसाद का वितरण होता है। माता के मन्दिर के गर्भ गृह के द्वार (दरवाजे) 24 घंटे खुले रहते हैं। केवल श्रृंगार के समय पर्दा लगाया जाता है। हर वर्ष शरद पूर्णिमा को मन्दिर में विशेष उत्सव मनाया जाता है। जीणमाता मंदिर से काजल शिखर की 300 फीट ऊंचाई पर है। बुजुर्ग, दिव्यांग, महिलाओं, बच्चों का यहां पहुंच पाना मुश्किल रहता था। इन सबकी सुविधा के लिए अब रोप वे शुरू हो गया है। शिखर तक पहुंचने में अब तक 2 घंटे लगते थे। लेकिन रोप वे से ये दूरी 5 मिनट में तय हो जाती है।







# रणदीप हुड्डा ने की साउथ फिल्ममेकर्स की तारीफ

**रणदीप हुड्डा जल्द ही फिल्म जाट में नजर आएंगे। इसी बीच उन्होंने बॉलीवुड इंडस्ट्री पर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने फिल्मों के रि-रिलीज होने पर कहा कि वे इसे भेड़चाल मानते है, क्योंकि अगर कोई एक चीज चल पड़ती है, तो सभी लोग वही करने लगते है।**

रणदीप हुड्डा हाल ही में एक इवेंट में पहुंचे थे। इस दौरान उनसे पूछा गया कि रि-रिलीज फिल्में बॉक्स ऑफिस पर क्यों अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इसके जवाब में उन्होंने कहा, मैं इसे भेड़ चाल मानता हू। यह एक सोशल मीडिया ट्रेंड जैसा बन गया है। एक या दो फिल्में रि-रिलीज के बाद अच्छी चल गई, इसका मतलब यह नहीं है कि सभी फिल्में अच्छी चलेंगी। अगर किसी एक जॉनर की फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया है, तो उसके बाद सभी उसी तरह की फिल्में बनाने लगते है, जैसे अब स्त्री के बाद सभी हॉरर कॉमेडी फिल्में बनाने लग रहे है। रणदीप हुड्डा ने कहा, एक एक्टर के तौर पर मुझे नहीं लगता कि यह मापदंड होना चाहिए। इंडस्ट्री कई कारणों से संकट का सामना कर रही है। अब ज्यादा फिल्में नहीं बन रही है, बल्कि उनका कार्यान्वयन हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा, अब एक्सपेरिमेंट ओटीटी पर ही संभव है। हालांकि, यहां भी लोग सब्सक्रिप्शन के पीछे भाग रहे है, फिर भी ओटीटी से उम्मीद बनी हुई है।

साउथ फिल्ममेकर्स की तारीफ करते हुए रणदीप ने कहा कि उनकी फिल्मों में असली इंसानी भावनाओं पर ध्यान दिया जाता है, जिससे उनकी फिल्में ज्यादा जुड़ी हुई और सच्ची लगती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा, वे हमारी तरह ही फिल्में बना रहे है, बस किरदारों को ज्यादा सच्चे तरीके से दिखाते है। जैसे पुष्पा में छह पैक एब्स नहीं है, बल्कि उसके पास दाढ़ी है और कंधा भी थोड़ा टेढ़ा है। बता दें, रणदीप हुड्डा और सनी देओल की अपकमिंग फिल्म जाट में नजर आएंगे। यह फिल्म 10 अप्रैल को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। इस फिल्म में रणदीप विलेन का किरदार निभाएंगे।



# सादिया ने साझा की 'द डिप्लोमैट' से जुड़ी यादें

अभिनेता जॉन अब्राहम के अभिनय से सजी फिल्म 'द डिप्लोमैट' में सादिया खतीब भी नजर आई। इस फिल्म की कहानी में जॉन ने राजनयिक जेपी सिंह का किरदार निभाया है। वहीं उज्मा नाम की महिला के किरदार में सादिया खतीब दिखीं। फिल्म में जेपी सिंह (जॉन अब्राहम) एक भारतीय महिला उज्मा (सादिया खतीब) को पाकिस्तान से बाहर निकालने और बचाने की कोशिश करता है, इसके लिए राजनायिक स्तर पर प्रयास करता है। हाल ही में सादिया ने इस फिल्म की शूटिंग से जुड़ी यादें साझा की।

सादिया खतीब ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर कुछ वीडियो और तस्वीरें पोस्ट की है। एक वीडियो में वह जॉन अब्राहम और फिल्म 'द डिप्लोमैट' की टीम के साथ डांस कर रही है। 'तू मेरा हीरो' गाने पर सादिया, जॉन के साथ खूब एंज्वॉय कर रही है। यह गाना जॉन की ही एक पुरानी फिल्म 'देसी बॉयज' का है।

### शारिब हाशमी संग गाना गाया

कुछ और वीडियो भी सादिया ने साझा किए है, जिसमें वह अभिनेता शारिब हाशमी के साथ हिंदी फिल्मों के पुराने गीतों को गुनगुना रही है। किसी-किसी वीडियो में दोनों एक्टर फनी डांस कर रहे है। शूटिंग के दौरान सादिया ने अपने को-एक्टर्स के साथ खूब मस्ती-मजाक किया है।


सादिया ने जॉन और शारिब के अलावा फिल्म 'द डिप्लोमैट' के क्रू के साथ भी कुछ मजेदार तस्वीरें साझा की है। साथ ही इन तस्वीरों के साथ एक कैप्शन भी लिखा है, 'यादों का पिटारा।' इसके अलावा फिल्म 'द डिप्लोमैट' का हैशटैग भी लिखा है। ठीक-ठाक रहा फिल्म का कलेक्शन

फिल्म 'द डिप्लोमैट' के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो यह फिल्म ठीक-ठाक बिजनेस ही कर सकी है। फिल्म ने अब तक कुल 31. 25 करोड़ रुपये की कमाई की है। जबकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में इस फिल्म का बजट 20 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।



# 'पुष्पा 2' की सफलता के बाद अपना नाम बदलेंगे अल्लू

तेलुगु सुपरस्टार अल्लू अर्जुन 'पुष्पा 2' की बड़ी सफलता के बाद अपनी सक्सेस का लुत्फ उठा रहे है. इस फिल्म ने साल 2024 की आखिरी महीने में रिलीज होकर कई बड़ी फिल्मों के रिकार्ड्स को चकनाचूर किया था. सुकुमार के डायरेक्शन और अल्लू अर्जुन की दमदार परफॉर्मेंस ने दर्शकों से खूब प्यार बटोरा था. अब भी फिल्म को उसके जबरदस्त डायलॉग, एक्शन सीक्वेंस, गाने के लिए याद किया जाता है. थिएटर्स के बाद फिल्म को डिजिटल डेब्यू पर भी बहुत सराहा गया. इस बीच अब खबर आ रही है कि फिल्म की बाद पुष्पा भाउ यानी अल्लू अर्जुन अपना नाम बदलने की सोच रहे है. हालांकि, इसपर एक्टर की ओर से कोई आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, अल्लू अर्जुन अंक ज्योतिषी की सिफारिश के आधार पर अपने नाम में जोड़ सकते है, जिससे उनके उनका करियर और भविष्य दोनों सफल और अच्छा रहे. रिपोर्ट्स में बताया गया है कि एक्टर अपने नाम में दो ' ' और दो 'ह' जोड़ने सकते है. हालांकि, इसपर अल्लू अर्जुन ने कोई पुष्टि नहीं की है. मालूम हो कि अल्लू अर्जुन से पहले भी कई एक्टर्स ने अपने नाम के अक्षर में बदलाव किया है.




# प्रभास की स्पिरिट को लेकर आया नया अपडेट, निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने दी जानकारी

पैन इंडिया स्टार प्रभास इन दिनों अपनी कई आगामी फिल्मों को लेकर चर्चा में बने हुए है, जिनमें से फिल्म स्पिरिट को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है, जिसे खुद फिल्म के निर्देशक ने शेयर किया है।

### स्पिरिट की नई लोकेशन शूट मैक्सिको


उगादि पर्व के खास मौके पर, संदीप रेड्डी वांगा ने एक नया अपडेट दिया, जिससे प्रभास के प्रशंसक बेहद खुश है। संदीप ने बताया कि वह और उनकी टीम हाल ही में मैक्सिको गए थे, जहां उन्होंने फिल्म की शूटिंग को लेकर खास जगह देखी है। उन्होंने यह बताया कि फिल्म का एक बड़ा हिस्सा मैक्सिको में ही शूट किया जाएगा, जिससे फिल्म में अंतरराष्ट्रीय तड़का नजर आएगा। टीम जल्द ही मैक्सिको जाकर लोकेशन फाइनल कर लेगी, ताकि आगे की शूटिंग शुरू हो सके।

### फिल्म स्पिरिट

संदीप रेड्डी वांगा, भूषण कुमार और प्रणय रेड्डी वांगा इस फिल्म मिलकर बना रहे है। इस एक्शन थ्रिलर फिल्म की शूटिंग की जानकारी से प्रभास के फैंस बेहद खुश है। प्रभास के प्रशंसकों को यह जानने की उत्सुकता है कि यह फिल्म कब रिलीज होगी। फिल्म को भद्रकाली पिक्चर्स और टी-सीरीज मिलकर बना रहे है। संगीत हर्षवर्धन रामेश्वर तैयार कर रहे है। यह फिल्म 2026 या उसके बाद कई भाषाओं में रिलीज की जाएगी।

### प्रभास का वर्कफ्रंट

निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म स्पिरिट के अलावा साउथ अभिनेता प्रभास द राजा साब में नजर आएंगे। मारुति द्वारा लिखित और निर्देशित और पीपल मीडिया फैक्ट्री द्वारा निर्मित रोमांटिक कॉमेडी हॉरर फिल्म है द राजा साब। फिल्म में प्रभास के अलावा निधि अग्रवाल, मालविका मोहनन, ऋद्धि कुमार और संजय दत्त के महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म की आधिकारिक घोषणा जनवरी 2024 में की गई थी।



# 'फैमिली मैन 3' में हुई जयदीप अहलावत की एंट्री, मनोज बाजपेयी ने किया कन्फर्म

द फैमिली मैन के तीसरे सीजन का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। अब इस सीरीज में पाताल लोक फेम अभिनेता भी नजर आने वाले हैं, जिसकी पुष्टि की गई है। जानिए पूरी खबर।

### मनोज वाजपेयी ने किया खुलासा

द फैमिली मैन सीरीज के मुख्य अभिनेता मनोज वाजपेयी ने ओटीटी प्ले से बातचीत करते हुए बताया कि पाताल लोक फेम अभिनेता जयदीप अहलावत द फैमिली मैन के आगामी सीजन में दिखने वाले हैं। अभिनेता ने कहा कि पाताल लोक 2 सीजन में अपनी शानदार भूमिका निभाने वाले जयदीप अहलावत हमारे साथ द फैमिली मैन 3 में दिखेंगे। अभिनेता मनोज ने बताया है कि यह सीजन बहुत बड़ा और रोमांचक होने वाला है।

### कब रिलीज हो रही सीरीज?

पिछली जानकारी के अनुसार द फैमिली मैन के तीसरे सीजन को इसी साल रिलीज किया जाना है। मनोज वाजपेयी ने बताया कि इस सीरीज को इसी साल नवंबर में रिलीज किया जाएगा। इस जानकारी ने फैंस के बेसब्री को और बढ़ा दिया है। हालांकि, ऑफिशियल तारीख की अभी कोई घोषणा नहीं की गई है। वेब सीरीज द फैमिली मैन के तीसरे सीजन में प्रियामणि (सुचित्रा तिवारी), शारिब हाशमी (जेके तलपड़े), अश्लेषा ठाकुर (धृति) सहित कई कलाकार फिर से नजर आएंगे। इस सीरीज के पहले दो सीजन को दर्शकों का खूब प्यार मिला था।







# भूतनी के अलावा इन हॉरर थ्रिलर फिल्मों में नजर आएंगे संजय दत्त

**बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त एक्शन, रोमांस, थ्रिलर फिल्मों में फैंस का दिल जीत जीतने के बाद अब हॉरर फिल्म में नजर आने वाले हैं। वैसे संजय दो हॉरर फिल्मों में नजर आने वाले है, जिनमें से एक बॉलीवुड फिल्म द भूतनी है और दूसरी साउथ की एक आगामी फिल्म है, जिसमें प्रभास मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।**

### द भूतनी

द भूतनी एक आगामी हॉरर बॉलीवुड ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन सिद्धांत सचदेव ने किया है। हाल ही में फिल्म से सभी स्टार्स का पहला लुक शेयर किया गया, जो फैंस को बेहद पसंद आया। खास तौर पर संजय का यह अवतार उनके फैंस के लिए काफी पसंद किया जा रहा है। इस फिल्म के निर्माता दीपक मुकुट हैं। द भूतनी इसके नाम से ही जाहिर है कि यह एक हॉरर फिल्म है। इस फिल्म में संजय दत्त के अलावा सनी सिंह, मौनी रॉय और पलक तिवारी लीड रोल में नजर आएंगे। इस फिल्म में संजय बाबा के किरदार में नजर आएंगे।

### द राजा साब

द राजा साब मारुति द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म है। यह साउथ की एक रोमांटिक कॉमेडी हॉरर फिल्म है। इस फिल्म में प्रभास, निधि अग्रवाल, मालविका मोहनन, ऋद्धि कुमार और संजय दत्त महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म के कई पोस्टर पहले ही रिलीज किए जा चुके है, जिनमें अभी तक सिर्फ प्रभास का लुक ही सामने आया है, लेकिन संजय के फैंस को द राजा साब में उनके अवतार को देखने का बेसब्री से इंतजार है। यह फिल्म 10 अप्रैल 2025 को सिनामाघरों में रिलीज होगी।

### रक्त

संजय दत की फिल्म रक्त एक हॉरर फिल्म तो नहीं थी, लेकिन यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर जरूर थी, जिसमें संजय दत्त का किरदार काफी पसंद किया गया था। फिल्म का निर्देशन महेश मांजरेकर ने किया है और इसमें संजय के अलावा बिपाशा बसु, डिनो मोरिया, और अमृता अरोड़ा जैसे कलाकारों ने मुख्य भूमिकाओं निभाई थी। रक्त की कहानी एक ऐसे शख्स के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी पत्नी की रहस्यमयी मौत के बाद मानसिक रूप से अस्थिर हो जाता है। फिलहाल, संजय दत्त अपनी आगामी फिल्म द भूतनी की रिलीज की तैयारी है, जो 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में आएगी।

# कुणाल कामरा के समर्थन में आए विद्युत जामवाल

अभिनेता विद्युत जामवाल ने अपने हालिया सोशल मीडिया पोस्ट में कॉमेडियन कुणाल कामरा के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि अभिनेता कमाल आर खान के विवादित बयानों पर कभी सवाल क्यों नहीं उठाया जाता, जो अक्सर महिलाओं और भारत को निशाना बनाते हैं। विद्युत जामवाल ने अपने इंस्टाग्राम फीड पर खान के साथ-साथ कामरा का एक वीडियो साझा किया और हिंदू धर्मग्रंथ भगवद गीता का हवाला देते हुए लिखा, गीता अध्याय 2 श्लोक 31। अर्थ- क्षत्रिय, आपको डगमगाना नहीं चाहिए, क्योंकि एक योद्धा के लिए धर्मपूर्ण युद्ध से अधिक शुभ कुछ भी नहीं है। अभिनेता ने पूछा, यहां एक आदमी (केआरके) है, जो देश से बाहर शरण ले रहा है, देश और उससे भी बदतर, हमारी महिलाओं के खिलाफ जहर उगलकर ध्यान आकर्षित कर रहा है। कोई भी उसके इरादे पर सवाल उठाने या उसे नीचे लाने के लिए संगठित नहीं होता, लेकिन हम एक स्टैंड-अप कॉमेडियन को उसके काम की वजह से तीव्र भावनाएं भड़काने के लिए फटकार लगाएंगे। क्या हम अपने देश और हमारी महिलाओं और राजनेताओं के अधिकारों का समर्थन करते हैं?



# अशोक लेलैंड ने उत्तर प्रदेश में अपनी मौजूदगी को बढ़ाया, मिर्जापुर में शुरू की नई एलसीवी डीलरशिप

❑ 825 से अधिक टच पॉइंट के साथ मजबूत एलसीवी वितरण नेटवर्क में इजाफा

❑ क्षेत्र की तेजी से बढ़ती आर्थिक वृद्धि और वाणिज्यिक वाहनों की बढ़ती मांग का लाभ उठाने का लक्ष्य



जयपुर टाइम्स

चुनार (मिर्जापुर),(नि.सं.)। हिंदुजा समूह की प्रमुख भारतीय कंपनी और देश की अग्रणी वाणिज्यिक वाहन निर्माता कंपनी अशोक लेलैंड ने आज चुनार (मिर्जापुर) में अपने हल्के वाणिज्यिक वाहनों के लिए एक नई डीलरशिप का उद्घाटन किया। यह उत्तर प्रदेश राज्य में कंपनी की 22वीं एलसीवी डीलरशिप है। नए चैनल पार्टनर आरडीएस ऑटोसेल्स के पास 3एस (बिक्री, सेवा और स्पेयर) सुविधा है जो चुनार रोड, जमुई जमुहार जिला मिर्जापुर में महत्वपूर्ण लोकेशन पर स्थित है। यह सुविधा उन्नत उपकरणों से सुसज्जित है, और इसमें बेहतर ग्राहक अनुभव सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा है। कंपनी वर्तमान में एलसीवी उत्पादों की एक श्रृंखला पेश करती है, जिसमें शामिल हैं - साथी, दोस्त, बड़ा दोस्त, पार्टनर और एमआईटीआर।

अशोक लेलैंड के एलसीवी बिजनेस हैड विप्लव शाह ने कहा, उत्तर प्रदेश हमारे लिए एक प्रमुख बाज़ार है, और हम इस क्षेत्र में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करने के लिए उत्साहित हैं। चुनार (मिर्जापुर) में हमारी नई डीलरशिप राज्य में हमारी उपस्थिति को और मजबूत करेगी। हमारे 'DOST', 'BADA DOST' और नए 'SAATHI' रेंज की जबरदस्त सफलता हमारे वाहनों की मजबूती को दर्शाती है - जो कि बेहतरीन माइलेज, शानदार प्रदर्शन और उच्च पेलोड क्षमता के लिए जाने जाते हैं। हमें गर्व है कि हमारे 70% ग्राहक वारंटी अवधि समाप्त होने के बाद भी हमारी डीलरशिप कार्यशालाओं में लौटते हैं। यह नई डीलरशिप हमारे ग्राहकों को बेहतरीन अनुभव देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

अशोक लेलैंड के उत्पाद प्रतिस्पर्धी लागत पर सर्वश्रेष्ठ तकनीक प्रदान करके भारतीय एलसीवी ग्राहकों की उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए लॉन्च किए गए हैं। आज, पूरे भारत में 5,50,000 (5.5 लाख) से अधिक एलसीवी संचालित हैं, जो इस सेगमेंट में हमारी मजबूत उपस्थिति को दर्शाता है। अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए, हमने हाल ही में प्रीमियम एंट्री-लेवल SCV- अशोक लेलैंड के लॉन्च के साथ सब-2-टन सेगमेंट में प्रवेश किया है। 110 एनएम का टॉर्क देने वाले अत्याधुनिक 45 एचपी इंजन द्वारा संचालित, अपने सेगमेंट में सबसे बड़ा लोडिंग क्षेत्र और 1,120 किलोग्राम की उद्योग-अग्रणी पेलोड क्षमता का दावा करता है। एंट्री-लेवल छोटे वाणिज्यिक वाहन बाजार में नए मानक स्थापित करने के लिए डिज़ाइन किया गया, हमारे ग्राहकों के लिए दक्षता, प्रदर्शन और विश्वसनीयता की दृष्टि से एक गेम-चेंजर बनने के लिए तैयार है।

बड़ा दोस्त एक ऐसा पहला उत्पाद है जिसे बिल्कुल नए और मजबूत एलसीवी प्लैटफ़ॉर्म पर बनाया गया है और इसके कई वैरिएंट हैं - 2, 3+, 4 और i5, जो 80 6 इंजन से संचालित है जो अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ पावर और माइलेज, अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ पेलोड और अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ लोड बॉडी की लंबाई और स्थान प्रदान करता है जिससे ग्राहक को प्रति ट्रिप अधिक लाभ कमाने में मदद मिलती है। अपने कम टर्निंग रेडियस और अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ ग्राउंड क्लीयरेंस के कारण, बड़ा दोस्त शहर के अंदर और बाहर इस्तेमाल के लिए आदर्श वाहन है और यह सभी तरह के इलाकों में आसानी से चल सकता है।

**हमारी दोस्त रेंज निम्नलिखित वेरिएंट में उपलब्ध है**

दोस्त और दोस्त जो अलग-अलग सेगमेंट और एप्लीकेशन को पूरा करता है।

पार्टनर, एक आधुनिक और अत्यधिक ईंधन-कुशल लोड कैरियर है, जो 4 टन पेलोड सेगमेंट को पूरा करता है और 4 टायर और 6 टायर दोनों विकल्पों में उपलब्ध है। यह 10 फीट, 11 फीट, 14 फीट और 17 फीट के लोड बॉडी विकल्पों के साथ आता है। पार्टनर एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित वाहन प्लेटफॉर्म पर आधारित है और इसमें प्रसिद्ध ZDx® CRDI इंजन लगा है।

# एमक्यूटिक्स और वाईक्यूओ ने भारत में डर्मा-कॉस्मेटिक उपचार में क्रांति लाने के लिए विशेष लाइसेंसिंग साझेदारी पर किए हस्ताक्षर

जयपुर टाइम्स

मुंबई, ((नि.सं.))। एमक्यूटिक्स बायोफार्मास्युटिकल्स लिमिटेड, जो एमक्योर फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, ने वैज्ञानिक रूप से मान्य उत्पादों में विशेषज्ञता रखने वाली एक अभिनव इतालवी डर्मा-कॉस्मेटिक और चिकित्सा उपकरण कंपनी वाईक्यूओ के साथ एक विशेष इन-लाइसेंसिंग समझौते की घोषणा की। रणनीतिक साझेदारी एमक्यूटिक्स को भारत में वाईक्यूओ के ग्राउंड-ब्रेकिंग उत्पाद पीआरएक्स-प्लस को आयात करने, बढ़ावा देने, वितरित करने और बेचने के अधिकार प्रदान करती है। यह सहयोग क्षेत्र में गैर-आक्रामक त्वचा उपचार के परिदृश्य को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है।

PRX-PLUS में एक अद्वितीय उत्पाद विशेषता है, जिसमें इसका गहरा प्रभाव डालने वाला सूत्र है जो त्वचा को तुरंत कसता है, जो सुविधा के साथ प्रभावी परिणाम चाहने वालों के लिए पारंपरिक सौंदर्य उपचारों के लिए एक नॉन-इनवेसिव, दर्द रहित विकल्प प्रदान करता है।

दुनिया भर में 40,000 से ज्यादा त्वचा विशेषज्ञ और सौंदर्य विशेषज्ञ WiQo के पेटेंट किए गए फ़ॉर्मूले का इस्तेमाल करते हैं। 2011 से अब तक दुनिया भर में 8 मिलियन से ज़्यादा सुई रहित त्वचा बूस्टर पेशेवर प्रक्रियाएं की जा चुकी हैं।


PRX-PLUS एक अभिनव संयोजन है। इसमें अत्याधुनिक ड्रॉपलेट-आधारित स्किनकेयर समाधान है जो इंजेक्शन, रिकवरी समय या असुविधा के उपयोग के बिना तत्काल त्वचा लिफ्टिंग को बढ़ावा देता है। यह सभी प्रकार की त्वचा और फोटोटाइप के लिए सुरक्षित है और सभी मौसमों में उपयोग के लिए उपयुक्त है। एमक्यूटिक्स बायोफार्मास्युटिकल्स लिमिटेड के सीईओ सत्य नारायणन ने कहा, "एमक्यूटिक्स बायोफार्मास्युटिकल्स में हमारा लक्ष्य भारतीय बाजार में अभिनव और उच्च गुणवत्ता वाले त्वचाविज्ञान समाधान लाना है। वाईक्यूओ के साथ हमारा सहयोग इस प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें पीआरएक्स-प्लस, एक अद्वितीय और उन्नत त्वचा देखभाल समाधान पेश किया गया है। एमक्यूटिक्स की मजबूत मार्केटिंग विशेषज्ञता के साथ, हमें विश्वास है कि पीआरएक्स-प्लस त्वचाविज्ञान देखभाल में नए मानक स्थापित करेगा, जिससे भारत भर में उपभोक्ताओं के लिए अत्याधुनिक त्वचा देखभाल अधिक सुलभ हो जाएगी। WiQo के सीईओ क्रिस्टियन डुग्यू ने कहा, भारत में एमक्यूटिक्स के साथ साझेदारी सौंदर्य उपचार में क्रांति लाने के हमारे मिशन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। PRX Plus के साथ, हम न केवल त्वचा को कसने के लिए एक अभिनव, सुई-मुक्त समाधान पेश कर रहे हैं, बल्कि सौंदर्य चिकित्सा की लगातार विकसित हो रही दुनिया में त्वचा विशेषज्ञों और रोगियों को एक सुरक्षित, अधिक प्रभावी विकल्प के साथ सशक्त बना रहे हैं। यह सहयोग नए बाजारों में अभूतपूर्व, विज्ञान-समर्थित नवाचारों को लाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है, और हम भारत के त्वचाविज्ञान परिदृश्य में PRX-PLUS के गहन प्रभाव को देखने के लिए उत्साहित हैं।

पिछले कुछ सालों में भारत में त्वचाविज्ञान बाज़ार में लगातार और उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है, जिसका कारण बढ़ती डिस्पोजेबल आय से प्रेरित त्वचा देखभाल के बारे में बढ़ती जागरूकता है। भारतीय फार्मास्युटिकल मार्केट (आईपीएम) डेटा के अनुसार, त्वचाविज्ञान बाज़ार का आकार लगभग 1.8 बिलियन अमरीकी डॉलर होने का अनुमान है, जिसमें निकट भविष्य में 11-12% की संभावित वृद्धि दर है।

# अंबुजा सीमेंट्स ने राजस्थान के किसानों को जल-कुशल समाधान उपलब्ध कराकर उनकी आय तीन गुनी कर दी

जयपुर टाइम्स

राजस्थान, (नि.सं.)। विविधीकृत अदाणी पोर्टफोलियो की सीमेंट और निर्माण सामग्री कंपनी अंबुजा सीमेंट्स, अपने सीएसआर शाखा के माध्यम से पश्चिमी राजस्थान के जल-संकट और सूखा-ग्रस्त क्षेत्रों में कृषि को बदल रही है, इसके लिए खेत




तालाब पहल के साथ सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा दे रही है। पानी के कुशल उपयोग को सक्षम करके, इस पहल ने नागौर और ब्यावर जिलों के 250 से अधिक किसानों को सिंचाई का अनुकूलन करने, पैदावार में सुधार करने और सालाना लाखों लीटर पानी का संरक्षण करने में मदद की है।

ब्यावर के राबरियावास के पास सेवरिया गांव की संतोष देवी, जो कभी समर्पित गृहिणी हुआ करती थीं, आज एक दूरदर्शी किसान बन गई हैं, जिन्होंने अपने इलाके में कृषि उपलब्धियों में क्रांति ला दी है। उन्होंने अंबुजा सीएसआर टीम द्वारा आयोजित प्रशिक्षण सत्रों में भाग लेने के बाद एकीकृत कृषि पद्धतियों को अपनाया। उन्होंने अपने 40 बीघे में सूक्ष्म सिंचाई लागू की, 8 लाख लीटर भंडारण क्षमता वाला एक खेत तालाब बनाया और एक पॉलीहाउस में निवेश किया।

इससे वह एकल-फसल प्रणाली से अधिक फलदायी दोहरी-फसल प्रणाली में चली गई, जिसके परिणामस्वरूप पानी के उपयोग में 50-60% की कमी आई और उसकी घरेलू आय तीन गुना हो गई। उसकी सफलता से प्रेरित होकर, क्षेत्र के कई किसान अब इसी तरह की जल-बचत तकनीक अपना रहे हैं, जिससे दीर्घकालिक कृषि स्थिरता सुनिश्चित हो रही है।

नकदी फसल के लिए पॉलीहाउस ने उन्हें अतिरिक्त कृषि आय दी जिससे उनका उत्पादन और भी बढ़ गया। इस सफलता ने उन्हें 1 हेक्टेयर खेत क्षेत्र में एक और पॉलीहाउस स्थापित करने के लिए प्रेरित किया, जिसके परिणामस्वरूप उनकी आय में और वृद्धि हुई, साथ ही उनके परिवार की जीवनशैली और स्वास्थ्य की स्थिति में भी बदलाव आया।

अंबुजा सीमेंट्स और इसकी सीएसआर टीम स्मार्ट सिंचाई समाधानों को बढ़ावा देकर कुशल जल प्रबंधन, कृषि उत्पादकता में वृद्धि और टिकाऊ आजीविका के साथ ग्रामीण समुदायों को सशक्त बना रही है। कंपनी जल संरक्षण प्रयासों का विस्तार करने और किसानों को जलवायु अनिश्चितताओं के खिलाफ अपना भविष्य सुरक्षित करने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# एयर इंडिया ने एपल एयरटैग लोकेशन फीचर को अपने मोबाइल ऐप में जोड़ा, अब डिजिटल रूप से हो सकेगी बैगेज ट्रैकिंग

जयपुर टाइम्स

गुरुग्राम, (एजेंसी)। भारत की प्रमुख वैश्विक एयरलाइन, एयर इंडिया ने अपने बैगेज-ट्रैकिंग सिस्टम और मोबाइल ऐप के साथ एपल एयरटैग को एकीकृत कर दिया है। अब एपल आईफोन, आईपैड या मैक डिवाइस उपयोग करने वाले ग्राहक अपने बैगेज की लोकेशन को सुरक्षित रूप से ट्रैक कर सकते हैं।

एयर इंडिया एशिया की पहली एयरलाइन है जो अपने मेहमानों को यह एकीकृत ट्रैकिंग सेवा प्रदान कर रही है।

एयर इंडिया हर साल 100 मिलियन से अधिक बैगेज आइटम को संभालती है, जिनमें से 99.6 से अधिक बैग अपने मालिकों के साथ समय पर गंतव्य तक पहुंचते हैं। लेकिन बैगेज सिस्टम की समस्याओं, फ्लाइट मिसकनेक्शन या अन्य कारणों से यदि कुछ बैग समय पर नहीं पहुंचते, तो यह नया एयरटैग इंटीग्रेशन बैग की लोकेशन खोजने और इसे जल्दी से वापस दिलाने में मदद करेगा।

यह इंटीग्रेशन एयर इंडिया के मोबाइल ऐप और वेबसाइट पर उपलब्ध आसान बैगेज ट्रैकिंग सुविधा को और बेहतर बनाता है, जो हवाई अड्डों से मिलने वाली रीयल-टाइम जानकारी का उपयोग करके यात्रियों को अपडेट रखता है। जो ग्राहक




अपनी फ्लाइट को ऐप के माई ट्रिप्स सेक्शन में जोड़ते हैं, उन्हें बैगेज की जानकारी अपने आप उपलब्ध हो जाती है, साथ ही वेबसाइट के ट्रैक माई बैग्स टैब पर भी यह सुविधा मिलती है। ग्राहक अपने बैगेज रसीद पर दिए गए बारकोड को स्कैन करके भी ट्रैकिंग शुरू कर सकते हैं। एयर इंडिया के चीफ डिजिटल और टेक्नोलॉजी ऑफिसर, डॉ. सत्य रामास्वामी ने कहा, एयर इंडिया में हम अपने मेहमानों की सुविधा को सबसे ज्यादा महत्व देते हैं और इसी हम दृष्टिकोण के तहत नवीनतम डिजिटल क्षमताओं को अपनाते रहते हैं। एक विश्वस्तरीय वैश्विक एयरलाइन बनने की प्रक्रिया में, हम अपने मेहमानों को उनके बैगेज की लोकेशन ट्रैक करने के लिए एक अभिनव विकल्प प्रदान करने को लेकर उत्साहित हैं। हमें विश्वास है कि हमारे मेहमान एपल एयरटैग और शेयर आइटम लोकेशन फीचर के साथ एयर इंडिया की रीयल-टाइम बैगेज-ट्रैकिंग प्रणाली को बेहद उपयोगी पाएंगे।

**एयरटैग फीचर का उपयोग कैसे करें**

- यदि एयरटैग लगा हुआ बैगेज गंतव्य पर नहीं पहुंचता है, तो यात्री एयर इंडिया के बैगेज काउंटर पर इसकी रिपोर्ट कर सकते हैं। एयर इंडिया का स्टाफ बैगेज के लिए एक प्रॉपर्टी इर्रेगुलैरिटी रिपोर्ट (PIR) फाइल करने में मदद करेगा।

- यात्री को अपने एपल डिवाइस पर 'Find My' ऐप में जाकर ÒShare Item LocationÓ जनरेट करना होगा और इसे एयर इंडिया के साथ साझा करना होगा। इस लिंक को PIR से जोड़ने के लिए

- मोबाइल ऐप ग्राहक को ऐप के 'कस्टमर सपोर्ट पोर्टल' में जाना होगा, वहां 'बैगेज' ऑप्शन चुनना होगा, फिर 'लॉस्ट एंड फाउंड चेक-इन बैगेज' पर जाकर एयरटैग लिंक प्रदान करना होगा।

वेबसाइट ग्राहक 'कस्टमर सपोर्ट पोर्टल' के 'लॉस्ट एंड फाउंड चेक-इन बैगेज' सेक्शन में जाकर ऐपल एयरटैग का लिंक और नंबर जमा कर सकते हैं। इसके बाद, ग्राहक को एयर इंडिया से बैगेज स्टेटस चेक करने के लिए एक ईमेल में लिंक प्राप्त होगा।

- एयर इंडिया की अधिकृत एयरपोर्ट टीम द्वारा साझा किए गए एयरटैग लिंक का उपयोग बैगेज की लोकेशन खोजने और उसे जल्द से जल्द यात्री को लौटाने के लिए किया जाएगा।

- गोपनीयता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, लोकेशन शेयरिंग अपने आप समाप्त हो जाएगी जब बैग यात्री को मिल जाएगा या फिर सात दिनों के बाद स्वतः समाप्त हो जाएगी। ग्राहक किसी भी समय इसे मैन्युअली भी रोक सकते हैं।

यह नया ÒShare Item LocationÓ फीचर एपल डिवाइस के iOS 18.2, iPadOS 18.2, या macOS 15.2 या उससे नए वर्जन पर उपलब्ध होगा।

# स्पाइस मनी अकादमी डिजिटल प्रशिक्षण से 5.28 लाख अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया, जिससे पूरे भारत में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिला

जयपुर टाइम्स

। स्पाइस मनी (डिजिस्पाइस टेक्नोलॉजीज की सहायक कंपनी), भारत की अग्रणी ग्रामीण फिनटेक जो भारत में बैंकिंग के तरीके को बदल रही है, अपने प्रमुख शिक्षण मंच, स्पाइस मनी अकादमी के माध्यम से वित्तीय साक्षरता की खाई को पाटना जारी रखती है।

वेब और मोबाइल ऐप के माध्यम से सुलभ, अकादमी अधिकारियों को गैर-बैंक व्यवसाय संवाददाता (बीसी) के रूप में काम करने का अधिकार देती है और इसने 5,28,000 अधिकारियों/व्यापारियों को डिजिटल रूप से प्रशिक्षित किया है, जिससे उन्हें देश के सबसे वंचित क्षेत्रों में निर्बाध वित्तीय समावेशन और डिजिटल लेनदेन की सुविधा के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान से लैस किया गया है।

इस पहल ने वित्तीय समावेशन उत्पाद प्रदान करने में अधिकारियों की दक्षता को मजबूत करने के लिए एक परिवर्तनकारी प्रभाव डाला है। इससे AePS नकद निकासी लेनदेन में 6.9% की वृद्धि हुई है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल भुगतान को अपनाया गया है, जबकि बिल भुगतान (BBPS) में 17% की वृद्धि हुई है, जिससे आवश्यक सेवा भुगतान को सुव्यवस्थित किया गया है। बचत और चालू खाता लेनदेन (CASA) में 93% की वृद्धि हुई है, जो बचत और सुविधाजनक स्थानों पर बैंकिंग को शामिल करने के इरादे को दर्शाता है।

स्पाइस मनी अकादमी का एक मुख्य उद्देश्य वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना रहा है। 2024 में, अकादमी ने आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (AePS), BBPS, तत्काल पैन कार्ड जारी करने और बचत खातों सहित महत्वपूर्ण वित्तीय उत्पादों पर 2,950 महिला अधिकारियों को प्रशिक्षित किया। इसके अलावा, स्पाइस मनी महिला अधिकारियों/व्यापारियों के लिए उनकी सुविधा के आधार पर विशेष सत्र भी आयोजित करता है, जिससे महिलाओं की अधिक भागीदारी सुनिश्चित होती है। यह पहल स्पाइस मनी के लिंग-समावेशी वित्तीय सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के व्यापक मिशन के साथ संरेखित है, यह सुनिश्चित करती है कि अधिक महिलाएं डिजिटल और वित्तीय सेवाओं में सक्रिय रूप से शामिल हों, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो।

डीएफएस द्वारा गैर-बैंक बीसी के लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल को संशोधित करने पर हाल ही में की गई चर्चा उद्योग के मजबूत अनुपालन और डिजिटल विशेषज्ञता की ओर बदलाव को उजागर करती है। स्पाइस मनी अकादमी अधिकारियों को संरचित शिक्षण कार्यक्रमों से लैस कर रही है जो उनके डिजिटल बैंकिंग कौशल को बढ़ाते हैं। इन विकसित हो रहे विनियामक परिवर्तनों के साथ तालमेल बनाए रखते हुए, स्पाइस मनी वित्तीय साक्षरता और निर्बाध अनुपालन को आगे बढ़ाता रहता है।

स्पाइस मनी अकादमी प्रमुख वित्तीय सेवाओं जैसे कि नकद निकासी और जमा, भारत कनेक्ट (पूर्व में ), , घरेलू प्रेषण, माइक्रो- संचालन और बचत खातों को कवर करने वाले संरचित प्रशिक्षण मॉड्यूल प्रदान करती है। 2024 में, अकादमी ने अधिकारियों को उत्पाद-विशिष्ट प्रशिक्षण प्रदान किया, यह सुनिश्चित करते हुए कि वे अपने समुदायों की सेवा करने के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित हैं:

एईपीएस- 1,49,026 प्रशिक्षित

बीबीपीएस- 85,898 प्रशिक्षित

सेवाएं- 45,000 प्रशिक्षित

तत्काल पैन कार्ड- 6,97,000 प्रशिक्षित

सदस्यता-आधारित सेवाएं- 17,800 प्रशिक्षित

नकद- 20,026 प्रशिक्षित

41,300 प्रशिक्षित

(एक्सिस-एसए)- 60,700 प्रशिक्षित

स्पाइस मनी अकादमी पहले से ही संरचित डिजिटल प्रशिक्षण दृष्टिकोण के माध्यम से अधिकारियों को सशक्त बना रही है। ऑनलाइन सत्र, सोशल मीडिया ट्यूटोरियल और इन-ऐप और वेब-आधारित सामग्री, उसके बाद प्रश्नोत्तरी, प्रभावी शिक्षण और समझ सुनिश्चित करती है। प्रश्नोत्तरी प्रदर्शन के आधार पर प्रमाणन उनकी विशेषज्ञता को मान्य करते हैं, जिससे निरंतर कौशल और अपस्किलिंग संभव होती है। यह सुनिश्चित करता है कि अधिकारी तेजी से विकसित हो रहे डिजिटल परिदृश्य में आगे रहें और निर्बाध अनुपालन बनाए रखें।

# एडब्लूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड ने होरेका और बी2बी सेगमेंट में प्रोफेशनल बेकर्स के लिए फॉर्च्यून केक प्रीमिक्स लॉन्च करके पोर्टफोलियो का किया विस्तार

जयपुर टाइम्स

राष्ट्रीय(एजेंसी)।। भारत की सबसे बड़ी खाद्य एफएमसीजी कंपनियों में से एक, एडब्लूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड (जिसे पहले अदाणी विल्मर लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) ने आज बीटूबी और होरेका सेगमेंट के लिए अपने बढ़ते उत्पाद बास्केट में फॉर्च्यून केक प्रीमिक्स को शामिल करने की घोषणा की। भरोसेमंद फॉर्च्यून ब्रांड पर आधारित, फॉर्च्यून केक प्रीमिक्स तीन वैरिएंट में उपलब्ध होगा - क्लासिक वेनिला, प्रीमियम वेनिला और प्रीमियम चॉकलेट, जो असाधारण केक बनाने के लिए एक बहुमुखी आधार प्रदान करता है।




यह उत्पाद AWL एग्री बिजनेस लिमिटेड की पेशेवर-ग्रेड केक प्रीमिक्स की बढ़ती ज़रूरत को पूरा करने की प्रतिबद्धता को पुष्ट करता है जो एकरूपता, समृद्ध स्वाद और तैयारी में आसानी प्रदान करता है और साथ ही गतिशील रसोई के माहौल में मूल्यवान समय की बचत करता है। यह उत्पाद बेकरी शेफ़, पेस्ट्री शेफ़, प्रोक्योरमेंट मैनेजर, होम बेकर्स, क्लाउड किचन और कैटरिंग सेवाओं सहित उपयोगकर्ताओं के एक व्यापक स्पेक्ट्रम को लक्षित करता है, जो उन्हें एक भरोसेमंद और बेहतर बेकिंग समाधान प्रदान करता है।

प्रोडक्ट का अंडा रहित निर्माण शाकाहारी, एग-इंटोलेरेंट और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक उपभोक्ताओं का ध्यान रखता है। उत्पाद की गुणवत्ता हर बार एक जैसा परिणाम और स्वादिष्ट, उच्च गुणवत्ता वाला स्वाद सुनिश्चित करती है। सुव्यवस्थित और त्वरित खाना पकाने की तैयारी व्यस्त रसोई के वातावरण में मूल्यवान समय बचाती है, और प्रीमिक्स अद्वितीय टॉपिंग, फिलिंग और स्वाद जोड़ने के लिए एक खाली कैनवास प्रदान करता है, जो बहुमुखी प्रतिभा और अनुकूलन प्रदान करता है।

उपभोक्ता के खरीद-व्यवहार को समझने के लिए व्यापक मार्केट रिसर्च द्वारा समर्थित, उत्पाद को बेहतरीन सामग्री का उपयोग करके तैयार किया गया है ताकि पेशेवर बेकर्स को उच्च गुणवत्ता वाले केक उत्पादन के लिए आवश्यक स्थिरता प्रदान की जा सके, जिससे पारंपरिक रूप से बेकिंग से जुड़ी चुनौतियां दूर हो जाएं। प्रीमियम और मानकीकृत बेकरी उत्पादों के लिए बढ़ती प्राथमिकता को पहचानते हुए, फॉर्च्यून केक प्रीमिक्स उन लोगों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है जो आसान बेकिंग समाधान चाहते हैं।

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं रोबोटिक्स पर अमेरिका में की-नोट स्पीच देंगे डॉ डीपी शर्मा




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** 19-20 मई 2025 को अमेरिका के लास वेगास,नेवदा में आयोजित "चौथी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं रोबोटिक्स अंतरराष्ट्रीय समिट" में "टेक्नोलॉजी के भविष्यगामी दुष्प्रभाव और उससे बचने के उपायों" पर मुख्य वक्ता के रूप में की-नोट स्पीच देने के लिए प्रख्यात कंप्यूटर वैज्ञानिक एवं यूएनडीपी से जुड़े अंतरराष्ट्रीय डिजिटल डिप्लोमेसी विशेषज्ञ डॉ डीपी शर्मा अमेरिका पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत मिशन के राष्ट्रीय ब्रांड एंबेसडर डॉ शर्मा ने बताया कि वे अब साइबर स्वच्छता के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की स्वच्छता पर भी काम कर रहे हैं। डॉ शर्मा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की दुनियां के उन सभी पहलुओं पर चर्चा करेंगे जिनसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं रोबोटिक्स का उपयोग करते हुए इनके दुष्प्रभावों से आने वाली पीढ़ी और दुनियां को बचाया जा सके। ज्ञात रहे कि डॉ शर्मा पिछले सप्ताह वाचेमो विश्वविद्यालय की एक कांफ्रेंस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रभावों एवं दुष्प्रभावों पर विस्तार से दुनियां को आगाह कर चुके हैं। वाचेमो विश्वविद्यालय पहुंचने पर डॉ शर्मा का देश की प्राचीन हड्ईया परंपरा से भव्य स्वागत किया गया एवं यूनाइटेड नेशंस एवं भारत के ध्वज को भी कॉन्फ्रेंस स्थल पर लगाया गया था।

## बरनावदा ग्राम विकास अधिकारी को किया गया एपीओ

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** पंचायत समिति खंडार की ग्राम पंचायत बरनावदा के ग्राम विकास अधिकारी पवन कुमार वर्मा को सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) गौरव बुड़ानिया ने एपीओ कर जिला परिषद मुख्यालय से संबद्ध कर दिया है। सीईओ बुड़ानिया ने बताया कि आवास योजना में अत्यधिक न्यून प्रगति एवं कार्यों में उदासीनता के कारण यह कार्रवाई की गई। खंडार विकास अधिकारी द्वारा इस संबंध में रिपोर्ट मुख्य कार्यकारी अधिकारी कार्यालय को भेजी गई थी, जिसके आधार पर यह निर्णय लिया गया। राज्य सरकार की मंशा के अनुसार ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। सीईओ बुड़ानिया ने पंचायत समितियों को निर्देश दिए कि वे योजनाओं का समयबद्ध एवं पारदर्शी संचालन सुनिश्चित करें। सरकारी योजनाओं में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध भविष्य में भी कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि अंतिम व्यक्ति तक इनका लाभ पहुंचे।

## ट्रक ने कार व मोटरसाइकिल को मारी टक्कर

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** मुहाना मंडी डिग्गी रोड के पास ट्रक द्वारा कार व मोटरसाइकिल को टक्कर मारने से हुई दुर्घटना में एक कार सवार व एक साइकिल सवार घायल हो गए। जिसके खिलाफ बसंत ने पुलिस शिकायत दी है। कार वाहन की स्पीड ज्यादा होने पर आगे से पुरी तरह बिखर गई ,जिससे ड्राइवर को सिर पर चोट लगने के कारण बेहोशी की हालत में हॉस्पिटल पहुचाया गया, ट्रक चालक मौक़े से फरार,मुहाना मंडी चौकी पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सार्वजनिक निर्माण विभाग बाली ठेकेदार संघ के चुनाव संपन्न, रामकुमार जी बने अध्यक्ष



जयपुर टाइम्स

**बाली(निसं.)** सार्वजनिक निर्माण विभाग खंड बाली ठेकेदार संघ के चुनाव संभागीय अध्यक्ष महेश जी गहलोत की अध्यक्षता में संपन्न हुए। इस चुनाव में रामकुमार जी, पूर्व अध्यक्ष, का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ाते हुए उन्हें पुनः अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। कोषाध्यक्ष पद पर खीमराज खारवाल (चानौद) तथा सचिव पद पर हनवंत सिंह चौहान (बाली) निर्विरोध निर्वाचित हुए। उपस्थित सदस्यों ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों का माल एवं साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर छतरसिंह जी शेखावत, हुकमीचंद जी सिगवी, वीरेंद्र सिंह, मनीषा भाई, पृथ्वीराज सिंह, गुलाब सिंह जी सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# केंद्रीय गृह मंत्री, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री एवं मुख्यमंत्री राजस्थान का बावड़ी के बाबा बालनाथ आश्रम में 6 अप्रैल को दौरा प्रस्तावित

### संभागीय आयुक्त पूनम, आईजी अजयपाल लांबा, जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, एसपी राजन दुष्यंत विधायक कुलदीप धनकड़ ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा



जयपुर टाइम्स

**पावटा(निसं.)।** केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह, केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव एवं मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार भजनलाल शर्मा का पावटा तहसील के बावड़ी में स्थित बाबा बालनाथ आश्रम में एक वर्ष से अनवरत चल रहे 108 कुण्डीय रूद्र महामृत्युंजय महायज्ञ की पूर्णाहुति हेतु आयोजित कार्यक्रम में यात्रा कार्यक्रम 6 अप्रैल को प्रस्तावित है। प्रस्तावित दौरे की पूर्व तैयारियों को लेकर जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को पंचायत समिति पावटा के सभागार में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर ओम प्रकाश सहारण, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा, आश्रम कमेटी से डॉ. सुरेंद्र यादव एवं मदन यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में प्रस्तावित दौरे की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान बैठक व्यवस्था, फायर ब्रिगेड, सभा स्थल, कानून व सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, बिजली, एंबुलेंस, पार्किंग एवं ट्रैफिक नियंत्रण, रूट डाइवर्जन, साफ-सफाई, मोबाईल शौचालय, हैलीपेड को लेकर समुचित व्यवस्था,एलईडी सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला कलेक्टर ने अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ओम प्रकाश सहारण को समस्त यात्रा कार्यक्रम का प्रभारी अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी एवं उपखंड मजिस्ट्रेट पावटा कपिल कुमार को समस्त यात्रा कार्यक्रम का सह प्रभारी नियुक्त कर अन्य संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारियां आवंटित कर समस्त तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए है। प्रस्तावित यात्रा अनुसार लाडा का बास में निर्मित हैलीपेड, बाबा बालनाथ समाधि स्थल, बाबा बालनाथ मंदिर परिसर एवं सनातन सम्मेलन में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं को बनाए रखने के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं।

**स्थानीय विधायक ,संभागीय आयुक्त व आईजी ने जायजा लेकर दिए निर्देश**

संभागीय आयुक्त पूनम, आईजी अजयपाल लांबा, जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, एसपी राजन दुष्यंत,विधायक कुलदीप धनकड़ ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा।जिला कलक्टर ने समस्त अधिकारियों के साथ बावड़ी में हैलीपेड एवं बाबा बालनाथ आश्रम पहुंच कर कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं कानून व्यवस्था की दृष्टि से सभी आवश्यक व्यवस्था हेतु समाधि स्थल, मंदिर परिसर, यज्ञशाला, भोजनशाला एवं सनातन सम्मेलन स्थल पर व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी स्थलों के लिए नियुक्त प्रभारी अधिकारियों को समुचित व्यवस्थाएं बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम आयोजक आश्रम समिति के सदस्यों के साथ समन्वय रखते हुए श्रद्धालुओं एवं आगंतुकों की सहूलियत अनुसार समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा गर्मी को ध्यान में रखते हुए बैठने, छाया एवं पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था की जाए जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने समस्त अधिकारियों को आपसी समन्वय एवं सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए है।

## उदित जघीना के डायरेक्शन में हुआ कनुप्रिया कांसेप्ट शूट

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** जयपुर में उदित सिंह जघीना के निर्देशन में कानुप्रिया के तहत पोर्टफोलियो और कांसेप्ट शूट का आयोजन किया गया। जिसमें काफ़ी फ्रेशर मॉडल्स ने भाग लिया और नए बच्चों को पोर्टफोलियो शूट वर्कशॉप एंड कांसेप्ट शूट सीखने का और करने का मौका मिला। शूट में डिजाइनर प्रदीप चौहान के कलेक्शन को रिप्रेजेंट किया गया और उदित जघीना के द्वारा मॉडल्स को वर्कशॉप और शूट का निर्देशन किया गया। तथा प्रोफेशनल फोटोग्राफर तरुण सुनारीवाल रहे। एवम् इस कांसेप्ट शूट के मॉडल्स को ग्लैमर देने वाली प्रोफेशनल मैकअप आर्टिट्स शोभा शर्मा और तनु शर्मा रही। तथा हेयर आर्टिट्स मोना रही।

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड -सादुलपुर (राजस्थान) 331023**

eephedsadulpur@gmail.com ee.phed.sdlp.chu@rajasthan.gov.in

क्रमांक 22-32 दिनांक 02/04/2021

**NOTICE INVITING TENDERS FOR WORKS**

NIT For Publication

Online tenders are hereby invited on behalf of the Hon'ble Governor of Rajasthan for the following works from eligible enlisted Contractor/ Firm as per Rules. Details of this tender notification and pre-qualification criteria can also be seen in NIT exhibited on web site www.dipr.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in, and http://eproc.rajasthan.gov.in. Online Tenders are to be submitted on web site. tender fee shall be submitted through e-GRAS only in respective budget head and bid security as per Annexure. Online Tendar website submitted Last Date & time For submission Up to 08-04-2025 (18.00 hrs).

| NIT No. | UBN No. |
|---|---|
| 01/2025-26 | PHE2526WSOB00059 |
| 02/2025-26 | PHE2526WSOB00060 |

**SAVE WATER - SAVE LIFE**

**(Narendra Kumar Kachhawaha)**
**Executive Engineer,**
**PHED Division Sadulpur**
**Contact: 82791-01286**

DIPR/C/4698/2025

**कार्यालय प्रधानाचार्य, पं. दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल कॉलेज, चूरू**

**website: www.education.rajasthan.gov.in/mcchuru**
Email: principal.me.churu@rajasthan.gov.in Phone -01562-251888

क्रमांक- लेखा/निविदा/HIMS Equip/2025/7 दिनांक- 2.4.25

**NIT-17/2024-25**
**(UBN No. -MCC2526GSOB00001)**

Bid for Supply of IT Equipments (HIMS) are invited from interested bidders up to 2.00 PM on dated 8.4.2025 for Medical College, Churu. The estimated value of procurement is about Rs 4, 75, 540/-. Other particulars of the bid may be visited on the Procurement Portal htpp://sppp.rajasthan.gov.in of the State.

**Principal**
**PDU Medical College, Churu**

DIPR/C/4712/2025

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, PHED DIVISION CHURU (RAJ.)**

**Tel. 01562-250343, e-mail-eephedchuru@gmail.com, ee.chu.phed@rajasthan.gov.in**

No: 01-15 Date: 01-04-2025

**NOTICE INVITING BID**

Bids for Short Term Nit no 01/2025-26 Construction & Commissioning of 5 nos 200 mm dia. Tube Well at various RWSS under District Sub Div Churu with 02 Year defect liability period under Tehsil- Churu, District-Churu are invited form interested bidders upto 08-04-2025 (18:00 Hrs) Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal. http://sppp.rajasthan.gov.in, http://Eproc.rajasthan.gov.in) of the state and phed.raj.nic.in. The approximate value of the procurement is Short Term Nit No 01/2025-26 Rs. 24.52 Lacs. UBN No. PHE 2526 WSLB00004

**Executive Engineer,**
**PHED Division Churu**

DIPR/C/4657/2025

# एमएलएसपी फिल्म्स और एनीमेशन अपने प्रयासों से लोगों के सपनों को हकीकत में बदल रहे हैं

### वैडिंग सेरिमनी को बनाया बेहतरीन इवेंट

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** जीवन के महवपूर्ण पलों, अवसरों और उत्सवों की जीवंतता को बनाए रखने में डिजिटल तकनीक की प्रभावी भूमिका है। इन्हीं अवसरों को सदा के लिए संजोये रखने में एमएलएसपी फिल्म्स और एनीमेशन अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। वर्तमान में एनिमेशन का क्षेत्र बहुत व्यापक और प्रभावी होता जा रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए एमएलएसपी फिल्म्स और एनीमेशन खासतौर पर शादी समारोह (वैडिंग सेरेमनी) को बेहतरीन तरीके से प्रस्तुत करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। एमएलएसपी फिल्म्स और एनीमेशन के निर्देशक अनिमेष गर्ग ने बताया कि वेडिंग सेरेमनी में एनीमेशन के तहत गजलों का समायोजन के साथ ही राजपूती ड्रेस में महिलाओं द्वारा नृत्य की प्रस्तुति, परंपरागत गायन और लोक नृत्य को भी लोकलुभावन अंदाज में प्रस्तुत कर रहे हैं। जिसे खासतौर पर युवाओं द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है और इसकी लोकप्रियता भी बढ़ रही है। पंजाबी रॉक डांस पर यह प्रयोग देखते ही बनता है। सोशल मीडिया की बात करें तो एमएलएसपी फिल्म्स और एनीमेशन के इस्टा पर फॉलोअर्स तेजी से बढ़ रहे हैं। किसी भी उत्सव को ये नई पहचान देने की दिशा में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। एमएलएसपी फिल्म्स और एनीमेशन अपने प्रयासों से लोगों के सपनों को हकीकत में उतार रहे हैं। हाल ही में राजस्थान के जयपुर, उदयपुर, चित्तौड़ग़ढ में हुए समारोहों में एमएलएसपी फिल्म्स और एनीमेशन के प्रयासों की काफी सराहना की गई है।

## पशुपालन और गोपालन मंत्री की अध्यक्षता में गोपालन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित, बेहतर परिणाम के लिए गोपालन मंत्री ने दिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत की अध्यक्षता में गुरुवार को शासन सचिवालय में गोपालन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डॉ समित शर्मा, शासन सचिव पशुपालन एवं गोपालन भी उपस्थित थे। बैठक में गोशालाओं को भूमि आवंटन के नियमों में संशोधन पर राजस्व विभाग के प्रतिनिधि के साथ विस्तृत चर्चा हुई। वर्तमान नियमों के अनुसार ग्राम पंचायतों में आश्रय स्थल खोलने में कठिनाई हो रही है। कुमावत ने इस समस्या के निराकरण के लिए गौशाला अधिनियम 1960 के दिशानिर्देशों में कुछ लचीलापन लाने के निर्देश देते हुए कहा कि पंचायत स्तर पर आश्रय स्थलों की योजना के नियमों में कुछ संशोधन किया जाए जिससे गोशालाएं खोलने में सुविधा हो और इनकी संख्या बढ़े। जैसलमेर जिले की गोशालाओं द्वारा फर्जी अनुदान प्राप्त किए जाने के जांच की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि फर्जी गोशालाओं के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए और दंडस्वरूप उनसे वसूली भी की जाए जिससे दूसरे गोशाला संचालकों के लिए भी उदाहरण पेश हो। उन्होंने गोशालाओं के बकाया अनुदान के भुगतान की व्यवस्था भी शीघ्र कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने सूचित किया कि अप्रैल माह से गोशालाओं को नई बजट घोषणा के अनुसार अनुदान राशि दी जाएगी। बैठक में जिला स्तरीय नंदीशाला योजना के संशोधित प्रारूप पर भी चर्चा हुई। मंत्री कुमावत ने कहा कि वर्तमान में जिला स्तर पर नंदीशाला खोलने के लिए दी जा रही अनुदान राशि बहुत ही कम है जिसकी वजह से नंदीशालाएं नहीं खुल रही हैं। इसे बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने इसके लिए जल्द से जल्द प्रस्ताव बनाकर स्वीकृति के लिए वित विभाग को भेजने के अधिकारियों को निर्देश दिए। गोशाला विकास योजना के लंबित प्रकरणों का जल्द से जल्द निस्तारण कर उन्हें शून्य पर लाने का निर्देश भी कुमावत ने अधिकारियों को दिया। बैठक में बताया गया कि अधिकांश लंबित मामलों का निस्तारण कर दिया गया है। कुमावत ने कहा कि अपात्र गोशालाओं का विभाग की ओर से मार्गदर्शन किया जाए जिससे वे भी अपनी पात्रता सिद्ध कर सकें और उन्हें भी सरकार से सहयोग मिल सके जिससे गोशालाएं अच्छी तरह चल सकेंगी। जोराराम कुमावत ने इस अवसर पर गोपालन विभाग द्वारा अनुदानित गौशालाओं में गौवंश को बेहतर सुविधा प्रदान करने हेतु मुख्य निष्पादन संकेतकों के आधार पर मासिक प्रगति रिपोर्ट तैयार कर गौशाला की रैंकिंग व ग्रेडिंग व्यवस्था हेतु गोपालन वेब एप्लीकेशन पर KPI के मॉडयूल का लोकार्पण भी किया। इस व्यवस्था को लागू करने से गौशालाओं में सुविधा, विकास एवं अपेक्षित गतिविधियों के क्रियान्वयन में सहायता मिलेगी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत कल्याणपुरा पुरोहितान**
**पंचायत समिति सरदारशहर**

क्रमांक- 06-07 दिनांक- 02.04.2025

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत द्वारा आमंत्रित निविदा UBN: PDN2526WSOB00004 का विस्तृत विवरण https://eproc.rajasthan.gov.in & https://sppp.rajasthan.gov.in पर देख एवं डाउनलोड़ कर प्राप्त की जा सकती है ।

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत कल्याणपरा पुरोहितान**
**पं. स. सरदारशहर**

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत कल्याणपरा पुरोहितान**
**पं. स. सरदारशहर**

**राजस्थान सरकार**
**कार्यालय मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी राजकीय सामु. स्वा. केन्द्र, माधोराजपुरा, जयपुर द्वितीय**

क्रमांक - लेखा / 2025 / 81 दिनांक- 29.03.2025

**निविदा सूचना**

कार्यालय राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, माधोराजपुरा, जयपुर पर वर्ष 2025-26 में साफ-सफाई कार्य मय सामग्री एवं मैन पावर कार्य हेतु पंजीकृत बोलीदाता / संवेदक से निविदाएं बन्द लिफाफो में तकनीकी एवं वित्तीय पृथक - 2 बोली आमंत्रित की जाती है। निविदादाता प्रति निविदा फार्म 300 /- रूपये जमा करवाकर कार्यालय समय में प्राप्त कर सकते है ।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | केन्द्र का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा फार्म विक्रय की दिनांक | निविदा फार्म जमा कराने की दिनांक | निविदा फार्म खोलने की की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | चिकित्सा संस्थान पर साफ-सफाई कार्य (मय सामग्री) | माधोराजपुरा | 3,30,000 | 6600 | 01.04.2025 से 07.04.2025 प्रात 12.00 बजे तक | 07.04.2025 सांय 2:00 बजे तक | 08.04.2025 सुबह 11 बजे |
| 2 | मैन पावर | माधोराजपुरा | 650000 | 13000 | | | |

UBN NO. (1) MHS2425WSOB05808 (2) MHS2425SSOB05807

शर्ते-
1. धरोहर राशि बैकर्स चैक / डीडी द्वारा "मेडिकयर रिलिफ सोसायटी माधोराजपुरा " के नाम से देय होगा ।
2. निविदा शर्ते कार्यालय समय में व वेबसाईट (http://sppp.rajasthan.gov.in) पर उपलब्ध है।

**चिकित्सा अधिकारी प्रभारी**
**सामु स्वा. केन्द्र माधोराजपुरा**

DIPR/C/4589/2025

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
4 अप्रैल, 2025

# रामनवमी पर निकलेगी ऐतिहासिक शोभायात्रा

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** श्री राम जन्मोत्सव आयोजन समिति की ओर से 2017 में प्रारंभ हुई शोभा यात्रा राजस्थान की अनूठी यात्राओं में से एक बनी हुई है। सामाजिक सद्भावना की प्रतिक बनी इस यात्रा को देखने राजस्थान के बड़े-बड़े महानुभाव साधु संतों के अलावा स्वयं राजस्थान के मुख्यमंत्री भी गत वर्ष यात्रा को देखने पहुंचे थे। प्रतिवर्ष यात्रा को सुंदर और भव्य बनाने के लिए कुछ नया करने करते आए हैं। इस बार कार्यकर्ता के अथक प्रयास से नासिक का घोष पथक नई ताल के साथ बजेगा जो कि अपने आप में अद्भुत होगा। क्योंकि महाराष्ट्र के पारंपरिक और इस विशेष्य ढोल वादन का बहुत महत्व है। उसी के प्रेरणा व कार्यकर्ताओं की जिद से यह सरदारशहर में संभव हो पाया है। मातृ शक्ति अपने पारंपरिक वेशभूषा लाल चुनरी की साड़ी में, बहिनें सफेद कुर्ते पायजामे में और कार्यकर्ताओं से विशेष आग्रह किया गया है कि इस बार सफेद धोती कुर्ते के साथ ही यात्रा में शामिल हो। साथ ही सभी अतिथि व दर्शकों से निवेदन रहेगा कि वो इस शोभा यात्रा का हिस्सा बने तो सफेद कुर्ते पजामा जरूर पहन के आए। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पधारे आप सभी बंधु भी भगवा साफा व सफेद गणवेश पहनकर ही आए ताकि इस राम उत्सव की आपकी श्रद्धा बनी रहे। शहर के अर्जुन क्लब अस्पताल के सामने बुच्चा परिवार की ओर से निर्मित बगीचे में भगवान रामलला की पूजा अर्चना 6 अप्रैल प्रातः 10.30 बजे प्रारंभ होगी। कार्यक्रम में चूरू सांसद राहुल कसवां, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, नगर परिषद सभापति राजकरण चौधरी, डेयरी चेयरमैन लालचंद मूंड, पूर्व विधायक अशोक पींचा व प्रधान प्रतिनिधि मधुसूदन राजपुरोहित आदि ने सम्मिलित होने की सहमति प्रदान की है। यात्रा में भव्य राजसी रामलला की पालकी, राम मंदिर प्रारूप, अयोध्या धाम श्री रामलला सरकार की मूर्ति सहित अनेक संजीव झांकियां श्री राम जी की जीवन से प्रेरित होकर शामिल रहेगी जो की आकर्षण का केंद्र बनी रहेगी। इसी के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के सजीव नृत्य नाटिकाएं का आयोजन किया गया है जो कि लगभग सरदारशहर की विभिन्न संस्थाओं की ओर से चयनित है और सरदारशहर के मुख्य स्थान पर यह नृत्य नाटिका आपको देखने के लिए मिलेगी। शहर की विभिन्न संस्थाओं की ओर से लगभग 25 स्थान पर ठंडे जल, शरबत पेय पदार्थ की व्यवस्था रहेगी व छह स्थानों पर पुष्प वर्षा के लिए मंच, सात आठ स्थानों पर मातृ शक्ति व बुजुर्गों के लिए मंच लगाकर छायादार स्थानों की व्यवस्था की गई है। बस्तियों में लगभग 270 से अधिक कार्यकर्ताओं की टोलियां घर-घर संपर्क हेतु निकली हुई है। जिसमें आमंत्रण के लिए पीले चावल, स्टीकर, एक पताका का व पंचांग का वितरण निशुल्क किया जा रहा है। शोभा यात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए मूणती कुई से ताल मैदान में प्रवेश पर मित्तल महिला महाविद्यालय के पिछले द्वार से संपन्न होगी। जहां पर प्रभु श्री राम की महा आरती के साथ यह यात्रा शुसंपन्न की जाएगी। शोभायात्रा के संपूर्ण मार्ग में अयोध्या में श्री राम मंदिर के प्रसाद के वितरण की व्यवस्था भी रहेगी। संपूर्ण यात्रा की व्यवस्थाओं में विभिन्न संस्थाओं, शासन, प्रशासन सहित समाज के हितैषी बंधुओं का विशेष सहयोग रहता है। सभी अपनी अपनी जिम्मेदारी मानते हुए समिति के साथ जुड़कर कार्य करते हैं। तब जाकर ही यात्रा सफलता के सोपान चढ़ती है। प्रेस कॉन्फ्रेंस को श्रीराम जन्मोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष सुबोध सेठिया, मंत्री राकेश इंदौरिया, यात्रा संयोजक सुरेश वर्मा ने संबोधित किया।

## मण्डावा में ईद मिलन समारोह आयोजित



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चाध्यक्ष अकरम नागौरी की ओर से गुरुवार को ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि यह त्योहार भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है। ईद हमें एकता और आपसी सद्भाव का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि ईद एकता और सौहार्द का पर्व है। वक्ताओं ने कहा कि इस पर्व पर सभी को सद्भाव व सामाजिक सौहार्द को और सुदृढ़ करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईद-उल-फित्र का त्योहार खुशी और मेल- मिलाप का संदेश लेकर आता है। खुशियों का यह त्योहार सामाजिक एकता को मजबूत करने के साथ ही आपसी भाईचारे की भावना को बढ़ाता है। यह पर्व अमन-चैन और सौहार्द का संदेश देता है। कार्यक्रम में वरिष्ठ पार्षद मो0 इब्राहिम , पूर्व पार्षद धर्मपाल आर्य, भाजपा नेता अयूब खत्री, अमरचन्द मेधवाल, नथमल चावला, इकबाल खत्री,शेयद मौम, अनवर खत्री, लियाकत अली, शमसू रवां, शोयब मौम, असलम लीलगर, इलियास, शब्बीर- नसीर रंगारेज, आसीफ मेडिकल, आफिस मंलग आदि मौजूद रहे। अन्त में प्रायोजक अकरम नागौरी ने मेहमानों का शुक्रिया अदा किया।

## भाजपा स्थापना दिवस को लेकर मण्डल अध्यक्षों की बैठक आज



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निस)।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर सप्ताह भर तक होने वाले विभिन्न सरोकार के कार्यों की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय में मण्डल अध्यक्षों की एक बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी की अध्यक्षता में दोपहर दो बजे आयोजित की जाएगी। बैठक में स्थापना दिवस के आगामी कार्यक्रमों के लिए मण्डल अध्यक्षों को ज़िम्मेदारी दी जाएगी।जानकारी देते हुए भाजपा जिला प्रवक्ता कमल कान्त शर्मा ने बताया कि भाजपा के स्थापना दिवस को लेकर 6 से 13 अप्रेल तक होने वाले सेवा के साप्ताहिक कार्यक्रमों की पूर्व तैयारियों को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी की अगुवाई में आयोजित बैठक में जिले भर के भाजपा मण्डल अध्यक्ष भाग लेंगे। शर्मा ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के आह्वाहन एव भाजपा जिलाध्यक्ष सैनी के निर्देशन में स्थापना दिवस के सप्ताह भर होने वाले विभिन्न सेवा सरोकार के कार्यक्रम जिले से प्रत्येक मंडल के बूथ स्तर तक आयोजित किए जाएंगे।

## रोडवेज बसें चलाने की मांग, ज्ञापन सौंपा



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** सिरियासर कलां में राज्य परिवहन निगम की बसों की यातायात सुविधा उपलब्ध कराने के लिए गुरुवार को जिला कलेक्टर झुंझुनूं को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस मण्डल अध्यक्ष समसाद खान ने बताया कि पिछले काफी समय से यातायात समस्या से जूझ रहें ग्रामीणों को राज्य परिवहन निगम की बसों की सुविधाएं मुहैया कराने के लिए गांव के प्रतीनिधि मण्डल ने हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन झुंझुनूं जिला कलेक्टर महोदय रामवतार मीणा को सौंपा। गांव के प्रतिनिधिमण्डल के रूप में कांग्रेस मण्डल अध्यक्ष समसाद खान, सुनील फोजी, नेकी राम लोयल, राकेश चावरिया, मंजू, आदि मौजूद रहे

## शेशू - दूलचास में होगा जलग्रहण यात्रा का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा (निस)।** जल संरक्षण व जल संचय के प्रति जन जागरूकता को बढ़ाने के उद्देश्य से मंडावा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सेसू में जलग्रहण यात्रा का आयोजन किया जाएगा। जलग्रहण यात्राओं का आयोजन जल ग्रहण विकास व भू-संरक्षण विभाग की ओर से किया जा रहा है। भारत सरकार की ओर से इस अभियान को लेकर सुसज्जित विशेष रथ पंचायत समिति मंडावा के ग्राम सेसू में जलग्रहण यात्रा आएगी। अधीक्षण अभियंता व पदेन परियोजना प्रबंधक,वाटरशेड सैल, महेंद्र सिंह सूरा ने बताया कि यह यात्रा लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के साथ ही उन्हें इस मुहिम से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगी। इस दौरान ग्रामवासियों, स्वयंसेवी संस्थाओं व राजीविका के स्वयं सहायता समूहों के सहयोग से श्रमदान, जल व भू संरक्षण शपथ, प्रभात फेरी, पौधरोपण, कलश यात्रा, जलग्रहण पंचायत, भूमि पूजन, लोकार्पण, निबंध प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि जल संरक्षण व जल संचय पर आधारित लघु फिल्म भी दिखाई जाएगी।

## वक्फ संशोधन बिल से गरीब मुस्लिमों की आर्थिक स्थिति में बड़ा बदलाव आएगाः खीचड़

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** अलसीसर के पूर्व प्रधान गिरधारीलाल खीचड़ ने वक्फ बोर्ड में फैली गड़बड़ियों की ओर इशारा करते हुए कहा कि पहले बोर्ड के अध्यक्ष और सदस्य भू-माफियाओं के साथ मिलकर करोड़ों की जमीन कौड़ियों के भाव बेच देते थे या खुद हड़प लेते थे। उन्होंने कहा कि वक्फ बनाने वालों की मंशा थी कि उसकी संपत्ति से होने वाली आय गरीब, बेसहारा, विधवाओं और अनाथ मुस्लिमों पर खर्च हो, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा था। यह पैसा बोर्ड के लोग अपनी जेब में डाल लेते थे। अब इस संशोधन बिल के पास होने से हमें उम्मीद है कि कुछ अच्छा होगा. गरीब मुस्लिमों की आर्थिक स्थिति में बड़ा बदलाव आएगा।

### पारदर्शिता और सुधार की दिशा में एक कदम- ललिता खीचड़

गौखरी सरपंच ललिता खीचड़ ने इस बिल को पारदर्शिता और सुधार की दिशा में एक कदम बताते हुए कहा कि इससे वक्फ संपत्तियों का




दुरुपयोग रुकेगा और उसका सही इस्तेमाल समाज के कमजोर वर्गों के लिए होगा। उन्होंने कहा कि अब हालात बदलेंगे और गरीब मुस्लिमों के लिए एक नई राह खुलेगी। बता दें कि वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 लोकसभा



में पारित हो गया। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को विधेयक सदन में पेश किया था और चर्चा का जवाब देते हुए उन्होंने बताया था कि यह मुस्लिम समुदाय के हित में है ।

## पोक्सो एक्ट में आरोपी गिरफ्तार, रिमांड पर भेजा

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर की पुलिस ने पोक्सो एक्ट के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। थानाधिकारी ने बताया कि 17 मार्च को अनिल पुत्र शेरसिंह मीणा निवासी गंधेली तह, रावतसर जो कस्बा सरदारशहर से एक नाबालिग को बहला फुसलाकर ले गया। उक्त प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देशानुसार महिला व अपराध के प्रकरण में अपराधियों की गिफ्तारी के लिए डीएसपी रामेश्वरलाल के



सुपर विजन में थानाधिकारी मदनलाल विश्नोई के निर्देशन में मुकदमा में अपहृता नाबालिग को दस्तयाब कर बाद अनुसंधान परिजनों को सुपुर्द किया गया। प्रकरण में अनुसंधान के बाद आरोपी अनिल मीणा उम्र 19 साल पुत्र शेराराम मीणा के खिलाफ जुर्म धारा 137(2), 303(2)642)(एम) बीएनएस 5 एल/ पोक्सो एक्ट व 4 जेजे एक्ट प्रमाणित पाया जाने पर टीम की ओर से उक्त की गिरफ्तारी के लिए अथक प्रयास कर व वैज्ञानिक विधि से ट्रेस कर मुल्जिम अनिल मीणा को गिरफ्तार किया गया। जिसे गुरुवार को न्यायालय में पेश कर रिमांड प्राप्त किया गया।

## मुख्य गिनाणी की समस्या को लेकर कलेक्टर को दिया ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर की मुख्य गिनाणी, सीवरेज डेम व गिनाणी के नालों की सफाई करवाकर नियमित रूप से फिनायल डीडीटी पाउडर छिड़काव के लिए पार्षद लालबहादुर सेवदा के नेतृत्व में जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा को वार्ड के लोगों के साथ ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया गया कि शहर की मुख्य गिनाणी के क्षेत्र में भयंकर बदबू व मच्छरों का आतंक है। सुबह और शाम के समय लोगों का खड़े रहना, खाना खाना यहां तक की सांस लेना भी दुबर हो जाता है। इस क्षेत्र में बहुत ही भयावह स्थित है। पूरा वातावरण दूषित व जहरीला हो गया है। जिसके कारण सभी लोग मौसमी बीमारियों से पीड़ित है। अतः नियमित रूप से फिनायल डीडीटी पाउडर का छिड़काव होना चाहिए। बरसात से पहले मुख्य गिनाणी की व नालों की सफाई होनी चाहिए। ताकि मुख्य बाजार में पानी इकट्ठा होने की समस्या से निजात मिल सकें। मुख्य रूप से कलेक्टर ने हमारी समस्या को सुना ओर गिनाणी नालों के ऊपर चद्दर लगवाने के विषय में भी बात हुई। कलेक्टर ने शीघ्र समस्या समाधान का आश्वासन दिया हैं। ज्ञापन देने वालों



में वार्ड के मोहनलाल कांवलिया, राज कुमार गधैया, विजयकुमार सोनी, लक्ष्मीनारायण सोनी, राजेश चोटिया, अभिषेक चोटिया, बाबूलाल राजपुरोहित, शिवसिंह राजपुरोहित, हरिकृष्ण भोजक, लक्ष्मीनारायण माली, गिरधारीलाल दर्जी, रोहित दर्जी सहित अनेक मोहल्लेवासी मौजूद रहे।

## किसानों का तहसील कार्यालय में धरना जारी



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** भानीपुरा तहसील कार्यालय पर किसान सभा का विरोध प्रदर्शन जारी है। किसान पिचकराई ताल पटवार मंडल में सरसों की गलत क्रॉपकटिंग प्रयोग को निरस्त करने की मांग कर रहे हैं। किसान सभा के नेता कॉमरेड रामकृष्ण छींपा ने कहा कि जब तक प्रयोग निरस्त कर दुबारा नहीं किया जाएगा तब तक तहसील कार्यालय से बाहर नहीं जाएंगे। प्रदर्शनकारी किसान कार्यालय परिसर में ही भोजन बना रहे हैं। धरने में सांवरमल मेघवाल सावर, तहसील मंत्री काशीराम सारण, महेंद्र भाकर, बलवीर भारती और रामदेव भाकर सहित सैकड़ों किसान शामिल हैं। किसानों की मुख्य मांग है कि मौजूदा क्रॉप कटिंग प्रयोग को रद्द कर नए सिरे से किया जाए।

## आगामी गर्मी के मौसम में पेयजल वितरण के लिए करें प्रभावी कार्यवाही - जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री श्री कन्हैयालाल ने गुरुवार को बारां के कलेक्ट्रेट सभागार में बारां एवं झालावाड़ जिले में पेयजल की वर्तमान स्थिति और आने वाले समय में संभावित स्थिति की जानकारी ली एवं अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के सम्बन्ध में दिशा निर्देश दिये। उन्होंने पेयजल प्रबंधन के लिए गंभीरता से कार्य करने तथा पेयजल आपूर्ति में किसी प्रकार की समस्या न आए ये सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जलदाय मंत्री ने बैठक में आमजन द्वारा प्रस्तुत पेयजल सम्बन्धित समस्याओं का त्वरित एवं नियमानुसार निस्तारण करने तथा पेयजल प्रबंधन और वितरण तंत्र को मजबूत करने की बात कही। उन्होंने क्षेत्रवार पेयजल प्रबंधन की जानकारी ली तथा पेयजल स्त्रोतों व विकल्पों के बारे में भी चर्चा की।

### स्वच्छ एवं नियमित पेयजल उपलब्ध करवाना सरकार की है प्राथमिकता

जलदाय मंत्री ने कहा कि आमजन को स्वच्छ एवं नियमित पेयजल उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को सरकार की मंशानुरूप कार्य करने तथा जल जीवन मिशन का कार्य समय पर पूर्ण करने व गुणवत्ताहीन कार्य करने वाले ठेकेदारों पर आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने इस दौरान जल जीवन मिशन के साथ सोनावा, शायगढ़, नागदा-अंता-




बलदेवपुरा, अटरु-शेरगढ़ पेयजल परियोजनाओं के साथ अन्य विभिन्न विकास कार्यों और परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की व आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

### पेयजल आपूर्ति में नहीं आए बाधा, नियमित रूप से की जाए मॉनिटरिंग

जलदाय मंत्री ने हैंडपंप, बावडी एवं कुओं का मरम्मत व मेंटेनेंस के बारे में चर्चा करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति में कोई बाधा न आए इसके लिए नियमित मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने राज्य की बजट घोषणाओं से संबंधित कार्यों की क्रियान्विति समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में मौजूद विधायक राधेश्याम बैरवा, विधायक ललित मीणा, विधायक कंवरलाल मीणा के साथ झालावाड़ डग विधायक कालूलाल मेघवाल ने भी क्षेत्रवार पेयजल आपूर्ति की समस्या एवं प्रोजेक्ट्स संबंधित कार्यों के सफल क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं के बारे में अवगत कराया जिस पर पीएचईडी मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निस्तारण की बात कही तथा जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय कर सभी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग व पूर्ण कार्यों का संयुक्त भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए।

## गोद भराई कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को दिए उपहार



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निस)।** महिला अधिकारिता विभाग की ओर से कार्यालय परिसर में गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके अन्तर्गत विभाग की ओर से गर्भवती महिलाओं को फल, मिठाई व उपहार वितरीत कर गोद भराई की गई। कार्यक्रम में विभाग के उप निदेशक विप्लव न्यौला ने बताया कि पुराने रीति रिवाजों को आगे बढ़ाते हुए विभाग की ओर से यह परम्परा निभाई जा रही है। इसमें गर्भवती महिलाओं को उनके स्वास्थ्य, पोषण व खान-पान से संबंधित जानकारी दी जाती है और उनको उपहार वितरित किए जाते है। जिससे की गर्भवती महिलाओं को इस अवधि के दौरान विषेष महसूस करवाया जा सके और साथ ही पुराने रीति रिवाजों के तहत गोद भराई परम्परा को आगे बढाया जा सके। कार्यक्रम में अतिरिक्त कोषाधिकारी प्रियंका लाम्बा, समेकित बाल विकास सेवाएं उप निदेशक बिजेन्द्र सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी मंजू मील, रा.उ.मा.वि. अम्बेडकर नगर उदावास की अध्यापिका नीतू न्यौला, विभाग की ब्लॉक सुपरवाईजर पूजा कस्वां, शर्मिला, पूजा सामोता, सुनिता कुमारी, विद्या कुमारी, रतना, सरिता दनेवा, मोनिका, जेण्डर स्पेशलिस्ट ममता स्वामी, पन्नाधाय सुरक्षा व सम्मान योजना के कार्मिक और समस्त विभागीय स्टॉफ ने भाग लिया।

## आग से झोपड़ा जलकर राख



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** तहसील के गांव चारणवासी में एक घर में गुरुवार को आग लग गई। आग लगने से झौंपड़े व घरेलू सामान जलकर राख हो गया। गांव के विजय कुमार महिया ने बताया कि गांव के प्रभुराम चौहान के घर में आग लग गई। आग से तीन झौंपड़े, पशु चारा व घरेलू सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर कई लोग मौके पर पहुंचे। लोगों की सहायता से आग से काबू पाया गया। आग लगने से किसी भी तरह की जन हानि नहीं हुई।

## तीन अवैध टोपीदार बंदूक जब्त

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** पुलिस महानिदेशक की ओर से चलाए जा रहे अवैध हथियार के खिलाफ कार्यवाही करते हुए राजलदेसर पुलिस ने गुरुवार को तीन टोपीदार अवैध बन्दूक जब्त की। थानाधिकारी कमलेश कुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रोही आलसर बास में हरलाल बावरी के खेत में उसके पुत्रों के पास अवैध हथियार है। इस सूचना पर राजलदेसर पुलिस ने दबिश दी। जिस पर तलाशी के दोरान खेत में बने ढाणी में छपरा में तीन अवैध टोपीदार बन्दूक जब्त की। पुलिस को देखते ही आरोपी मुकेश बाबरी व राजू बाबरी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने तीन अवैध टोपीदार बंदूक जब्त की जबकि आरोपी की तलाश जारी है।



## इंटेलेक्चुअल मुस्लिम्स सोसाइटी की शिष्टाचार भेंट



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय पर इंटेलेक्चुअल मुस्लिम सोसाइटी, चूरू के जनरल सेक्रेटरी डॉ एफ़ एच गौरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर, चूरू व जिला पुलिस अधीक्षक चूरू से शिष्टाचार मुलाकात की। शिष्टमंडल ने इस दौरान कौम हित के मुद्दों को अवगत कराते हुए उन पर सार्थक चर्चा की, जिस पर जिले के प्रशासनिक हायर अथॉरिटीज ने पॉजिटिव रिस्पांस दिया। प्रतिनिधिमंडल में सोसाइटी के अध्यक्ष शौक़त अली खान झरिया (रिटा. एडिशनल कमिश्नर), वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद अयूब खान (रिटा. एडिशनल पुलिस अधीक्षक), कोषाध्यक्ष मोहम्मद आरिफ खान (प्रिन्सिपल), वरिष्ठ संयुक्त सचिव डॉ क़ादिर हुसैन (चिकित्सा अधिकारी-यूनानी) व समीर खान मुन्याण शामिल रहें।

## तहसीलदार ने किया अस्पताल का औचक निरीक्षण



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** तहसीलदार व कार्यपालक मजिस्ट्रेट जितेन्द्र सिंह ने गुरुवार को राजकीय चिकित्सालय राजलदेसर का औचक निरीक्षण किया। जितेन्द्र सिंह ने चिकित्सालय में लैब, जनरल वार्ड, डीडीसी,पर्ची काउंटर आदि का निरीक्षण किया और वार्ड में भर्ती लोगों से बातचीत की। चिकित्सालय प्रभारी डॉ प्रतिभा मीणा को साफ सफाई में सुधार के लिए निर्देश दिए। जिस पर चिकित्सालय प्रभारी मीणा ने सफाई टेण्डर समाप्त हो जाने का हवाला देते हुए सफ़ाई पूर्ण नहीं होने से अवगत करवाया। तहसीलदार व कार्यपालक मजिस्ट्रेट जितेन्द्र सिंह ने बताया कि राजकीय चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया गया। सफाई व्यवस्था के लिए कहा जिसका टेण्डर का कार्यकाल पूरा हो चुका है, नवीन सफाई के टेण्डर नहीं होने का बताया गया।

## श्रीराम जन्मोत्सव 6 अप्रैल को

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय श्री राम मंदिर में रामनवमी महोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर कमेटी के राजेश मंडावेवाला ने बताया कि रविवार दोपहर 2:15 बजे भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव व महाआरती का आयोजन किया जाएगा और शाम 7:30 बजे से भव्य झांकियां सजाई जाएगी और मेले का आयोजन किया जाएगा।

# सोशल मीडिया पर लूट की झूठी अफवाह फैलाने के आरोप में दो गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़/छापर(नि.सं.)।** छापर पुलिस ने लूट की झूठी अफवाह फैलाने के आरोप में दो जनों को गिरफतार किया है। छापर थाना प्रभारी गीता रानी ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक खबर फैल रही थी कि बस चालक व परिचालक के साथ अज्ञात व्यक्तियों ने लूट कर ली और छापर पुलिस प्रशासन कुछ नहीं कर रहा है। जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना अधिकारी गीता रानी ने मौकेपर पहुंच कर घटना की वास्तविकता जानने पर पता चला कि 26 मार्च को नोखा-हरिद्वार चलने वाली बस के चालक ने लापरवाही से बस चलाते हुए तेहनदेसर टोल प्लाजा के पास टक्कर मार कर क्रेटा गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया था। जिस पर क्रेटा चालक रामनिवास पुत्र बजरंगनाथ सिद्ध निवासी जोगलिया के साथ बस के चालक अनिल कुमार पुत्र रामरतन जाट निवासी पिलानी और परिचालक अशोक पुत्र बलबीर स्वामी निवासी बगड़ जिला झुंझुनूं की वार्ता हुई। जिसमें बस चालक व परिचालक ने क्रेटा गाड़ी का काम करवाने का आश्वासन दिया। जिसके बाद क्रेटा गाड़ी के रामनिवास व बस के चालक और परिचालक की आपस में फोन पर बात चल रही थी। गुरूवार सुबह बस चालक ने आपसी वार्ता करने के लिए रामनिवास को सुजानगढ़ बुलाया। जिस पर रामनिवास सुजानगढ़ आया और बस चालक व परिचालक से वार्ता की। वार्ता के दौरान बस चालक व परिचालक ने रामनिवास को गाड़ी ठीक करवाने के पैसे देने से इंकार कर दिया और लूट का झूठा मुकदमा करवाने की धमकी दी। जिस पर रामनिवास ने सुजानगढ़ के कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी गई। जिस पर बस चालक अनिल कुमार व परिचालक अशोक ने छापर थाना इलाके में अपने साथ घटना होने की झूठी कहानी बना कर सोशल मीडिया पर खबर वायरल करवाई। थाना प्रभारी गीता रानी ने बताया कि प्रकरण की वास्तविकता पता चलने पर क्रेटा चालक रामनिवास, बस चालक अनिल कुमार तथा परिचालक अशोक को रूबरू करवाने और बस चालक व परिचालक की ओर से क्रेटा चालक रामनिवास को मरने मारने की धमकियां देने पर बस चालक अनिल कुमार व परिचालक अशोक को गिरफतार किया गया। थाना प्रभारी गीता रानी के नेतृत्व में कार्यवाही करने वाली टीम में हैड कांस्टेबल श्रवण कुमार, कांस्टेबल प्रताप सिंह, मुकेश कुमार, रामगोपाल, बाबूलाल और रामनिवास शामिल रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया सुशील इंदौरिया का स्वागत



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** भारतीय जनता पार्टी गौरीसर मंडल अध्यक्ष सुशील इंदौरिया सेहला ने मंडल कार्यकर्ता संपर्क अभियान के तहत ग्राम घुसाईसर में कार्यकर्ताओं से मुलाक़ात की। इस दौरान पूर्व जिला प्रवक्ता गिरधारी लाल प्रजापत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ ने उनका स्वागत किया। वही पार्टी कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष इंदौरिया का स्वागत भी किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए इंदौरिया ने सर्वप्रथम हिंदू नववर्ष वर्ष प्रतिपदा और राजस्थान दिवस की सभी को बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री भजनलाल के नेतृत्व में सुशासन के प्रति समर्पित केंद्र व राज्य सरकार की ओर से संचालित विभिन्न जनकल्याणकार 'आपणो अग्रणी राजस्थान' के विजन को साकार करते हुए विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का शुभारंभ कर रही है जिससे न केवल प्रदेश का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा, बल्कि नागरिकों के जीवन स्तर में भी उल्लेखनीय सुधार आएगा हर गांव बने समृद्ध और संपन्न इस कड़ी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त योजना के प्रथम चरण में पाँच हज़ार गांवो में तीन सो करोड़ के विकास कार्य होंगे। साथ ही गत वित्तीय वर्ष में उन्हतर हज़ार युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया गया। राज्य सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लाडो प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत तीस हज़ार महिलाओं के खाते में 100 करोड रुपए की धनराशि हस्तांतरित की है।

## मानव झूठा अंहकार का त्याग करें: स्वामी विजयानंद गिरि



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय सोती भवन में सात दिवसीय दुर्लभ सत्संग प्रवचन गुरुवार शाम को स्वामी विजयानंद गिरि महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ। गुरूवार सत्संग में स्वामी महाराज ने व्यास पीठ से कहा कि मानव अपने मन को मेरा बताता है परंतु यह किसी का नहीं है। यह तो केवल मेरे श्री गोविन्द जी के अधीन है। इस और मानव को अपने अंदर हों रहे अंहकार का त्याग कर देना ही जीवन का मुख्य आधार है। स्वामी विजयानंद गिरि जी उपस्थित श्रोताओं को अपने प्रवचन के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मानव का शरीर भी हमारा नही है यह भी मेरे गोविन्द के अधीन है। उन्होंने इस अवसर पर महिलाओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब शादी होती है और अनजान व्यक्ति के साथ विश्वास कर जाते है। क्योंकि उन पर आप पूरा विश्वास करते हैं किसने देखा कि क्या वह अपनी बहिन बेटी के साथ खरा उतरेगा। इतना विश्वास यदि आप मेरे गोविन्द जी पर कर के देखो अपनी नैया पार कर देगा। हमें पूर्णता के साथ मेरे गोविन्द जी पर विश्वास करना चाहिए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला पुरूष विशेष आरती में शामिल होकर आरती का लाभ उठाया। गौरतलब है कि इस दुर्लभ सत्संग में हरियाणा प्रान्त सहित दूर दूर से श्रद्धालुओ का आने का तांता लगा रहा। मुख्य यजवान सभी सनातन प्रेमी बंधुओ ने सभी का आभार जताया।

## जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर बताई समस्या, समाधान की मांग




जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील की ग्राम पंचायत पुलासर में जिला कलेक्टर अभिषेक सुराना ने जनसुनवाई कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। इस दौरान राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के नगर अध्यक्ष धीरेंद्र सैनी ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर बताया कि अर्जुन कल्लू के पास लगे ट्रांसफार्मर कम वोल्टेज होने के कारण मोहल्ले वासियों को काफी दिनों से परेशानी उठानी पड़ रही हैं। कम वोल्टेज के चलते फ्रिज, कूलर, टीवी, पंखा सहित घरेलू उपकरण काफी बार जल चुके हैं। साथ में बस स्टैंड पर लगी हाई मास्क लाइट काफी दिनों से खराब पड़ी है। जिनके चलते हादसे हो रहे हैं। अंधेरा होने से चोरीयां भी हो रही है। साथ में किसान नेता रुपचन्द सहारण राजास ने जिला कलेक्टर को अवगत करवाया कि मेलुसार ग्राम पंचायत के अंदर राजास बलाल गांव में फसल कटाई प्रयोग गलत हुआ है। उसको लेकर अवगत करवाया गया। जिससे किसानों पर बहुत बड़ी समस्या है। साथ में राजस गांव में काफी दिनों से गांव में पानी की समस्या है। कई बार विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाया है। लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ है। अगर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो आगामी दिनों में आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर सत्यनारायण सैनी, लोकेश शर्मा, अर्जुन सैनी, याकूब खान, दलीप कालेरा आदि उपस्थित रहे।

## झुंझुनू उपखण्ड क्षेत्र के 46 ई मित्र कियोस्क का औचक निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निस)।** सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के झुंझुनू ब्लॉक की ओर से ई-गवर्नेंस सेवाओं में सुधार के लिए मार्च 2025 में उपखण्ड क्षेत्र झुन्झुनूं में संचालित ई-मित्रों की मासिक जांच/अधिक वसूली की जांच के लिए कियोस्कों के औचक निरीक्षण किए गए। ब्लॉक प्रोग्रामर विनोद कुमार सैनी ने बताया कि विभाग की ओर से अलग-अलग टीमे बनाकर कुल 46 कियोस्कों का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें 3 कियोस्कों पर अनियमितता पाई गई। इन 3 कियोस्क पर विभागीय दिशा निर्देशो की अनुपालना नही करने पर मौके पर ही ऑनलाईन शास्ति आरोपित करने की कार्यवाही की गई।

## ट्रेन की टक्कर से युवक की मौत

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** गत रात्रि को सुजानगढ़ रेलवे स्टेशन के पास जोधपुर दिल्ली सुपर फ़ास्ट ट्रैन की टक्कर से एक युवक की मृत्यु हो गई। सूचना पर टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बुलेंस चालक विनोद सैन, सोमवीर, मनोज प्रजापत, शुभान खा, सुभाष आदि की सहायता से क्षत विक्षत शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। मृतक के पास मिले आधार कार्ड और अन्य डाक्यूमेंट्स से पता कर परिजनों को सूचना दी गई। कोतवाली थाना से मुख्यमंत्री एएसआई तेजाराम, रेलवे कर्मचारी, आर पी एफ स्टाफ भी मौक़े पर पहुंचे। मृतक की शिनाख्त हेमराज (25) पुत्र रामचंद्र मेघवाल, निवासी वार्ड 19 बीदासर के रुप में हुई। सूचना पर जीआरपी थाना रतनगढ़ के एएसआई रामनिवास अस्पताल पहुंचे और मृतक के परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक मृतक अविवाहित था।



## शराब ठेकेदार व सेल्समैन को जमकर पीटा

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** उपखंड क्षेत्र के मेगा हाईवे पर मालसर फांटा के पास एक शराब के ठेके के अंदर बैठे हुए ठेकेदार कैलाश भांभू और सेल्समेन कमेर सिंह पर अचानक बुधवार रात्रि 10 बजे पिकअप ओर 2 कैम्पर गाड़ी में सवार होकर आए करीब 8-10 लोगों ने शराब ठेके के ठेकेदार और सेल्समेन के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। जिसके कारण ठेकेदार चूरू के भामासी निवासी 35 वर्षीय कैलाश भांभू पुत्र गिरधारी लाल और तारानगर के दुलेरी निवासी कमेरसिंह पुत्र मेघसिंह गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दोनों को गंभीर अवस्था में सरदारशहर के राजकीय उपजिला अस्पताल लाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने दोनों का प्राथमिक उपचार कर हायर सेंटर रेफर कर दिया। अस्पताल के डॉ अजीत चौधरी ने बताया कि कैलाश भांभू और कमेर सिंह के सिर सहित शरीर पर कई जगहों पर चोटे आई है। मारपीट किस बात को लेकर की गई इस बात की जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है। वहीं घायल कैलाश ने बताया कि देवीलाल सारण, मूलसिंह भुकर और मेघनाथ सिद्ध और सात-आठ अन्य लोग दो कैंपर गाड़ी और एक पिकअप लेकर आए। इससे पहले कुछ लोग शराब लेने के बहाने आए और रैंकिंग की। रात्रि मैं और मेरा सेल्समैन कमेरसिंह ठेके में बैठे थे। इसी दौरान आते ही उक्त लोगों ने हमारे ऊपर हमला कर दिया। वहीं घटना को लेकर पुलिस थाने में मामला दर्ज नहीं हुआ है। वहीं भानीपुरा थानाधिकारी रायसिंह सुथार ने बताया कि मामले की जानकारी मिलने के बाद जानकारी जुटाई जा रही है। मामला दर्ज होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



## वक्फ संशोधन बिल का जमील चौहान ने किया विरोध

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** चूरू जिला मुख्यालय पर मदीना मस्जिद के पास विचार गोष्ठी में चूरू जिला मुस्लिम वक्फ़ बोर्ड सरपरस्त जमील चौहान ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार अपने संख्याबल और एनडीए गठबंधन ने वक्फ संशोधन विधेयक सिर्फ वक्फ को लूटने के लिए यह बिल पास करवाया है। हर धर्म की अपनी अपनी कमेटी होती हैं, संस्था होती है लेकिन सरकार सिर्फ वक़्फ़ पर हमला कर रही है क्योंकि अल्पसंख्यक के प्रति उनकी विचारधारा उन्हें ऐसा कर अपने परंपरागत वोट बैंक को साधना चाहती है। उन्होंने कहा कि विरासत में मिली हमारी संपत्तियों के संरक्षण और सुरक्षा के लिए यह लड़ाई आगे भी मजबूती से लड़ेंगे। अल्लाह की इस मिलकियतों पर सिर्फ मुस्लिम गरीबों और यतीमों का अधिकार है। वक्फ संशोधन बिल का हम पूरी तरह से विरोध करते हैं। विपक्ष के उन तमाम सांसदों का हम शुक्रिया अदा करते जिन्होंने देर रात तक असंवैधानिक और संविधान में दिए अधिकारों पर प्रहार करने वाले लोगों का पुरजोर विरोध किया। इस अवसर पर चूरू जिला अंजुमन अला- शबाब कमेटी, जिला वक्फ सदस्य मुस्ताक अली, मुख्तियार खान, सैय्यद अली, मनफूल अली, नासिर अली, जाकिर हुसैन आदि ने अपने विचार रखे और केंद्र की भाजपा सरकार को तानाशाह बताया और इस फैसले की निंदा की।



## बिजली विभाग के निजीकरण के विरोध में ज्ञापन सौंपा



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** राजस्थान में बिजली विभाग के अंधाधुंध निजीकरण के खिलाफ जन आंदोलन तेज हो गया है। प्रदेशभर के उपखंड कार्यालयों में सहायक अभियंता के माध्यम से अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा विभाग और उपखंड अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रस्तुत किए गए। झुंझुनूं डिस्कॉम से डिस्कॉम महामंत्री देवकरण सैनी के नेतृत्व में यह ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें बिजली विभाग में हो रहे निजीकरण को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि निजीकरण से कर्मचारियों के अधिकारों और उपभोक्ताओं की सेवा में गिरावट आ सकती है, जिससे राज्य के नागरिकों को नुकसान हो सकता है। ज्ञापन सौंपने के मौके पर जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह तंवर, जिला महामंत्री सुरेश कुमार शर्मा, सुनील बुगालिया, मूलचंद महला, गुटु राम सैनी, और जितेंद्र सुखमयी जैसे प्रमुख नेता भी मौजूद रहे। उन्होंने एकजुट होकर सरकार से निजीकरण के खिलाफ सख्त कदम उठाने की अपील की। इस ज्ञापन के माध्यम से कर्मचारियों और नेताओं ने राज्य सरकार से बिजली विभाग के निजीकरण को रोकने की मांग की, ताकि आम जनता को बेहतर और सस्ती सेवा मिल सके और विभाग में कार्यरत कर्मचारियों के हितों की रक्षा की जा सके।

## सरकारी बस परिचालक के साथ दुर्व्यवहार का आरोप

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सीकर डिपो के मुख्य प्रबंधक दीपक कुमावत ने सुजानगढ़ पुलिस को दी गई सूचना में बताया है कि डिपो की बस में कार्यरत महिला परिचालक के साथ प्राइवेट वाहन मालिक की ओर से दुर्व्यवहार किया गया है। सूचना पत्र में बताया गया है कि सीकर आगार की सीकर से देशनोक बस सेवा चालू है, जिसमें महिला परिचालक कार्यरत है। कुमावत ने बताया कि सुजानगढ़ बस स्टैंड पर प्राइवेट वाहन के मालिक की ओर से परिचालक के साथ दुर्व्यवहार किया गया और जबरदस्ती वहां का गेट बंद करके सवारी को वहां में नहीं बैठने दिया गया, जिसका वीडियो भी सामने आया है। पत्र में प्राइवेट वाहन मालिकों के इस अनैतिक व्यवहार पर नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की गई है।

राजस्थान जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
4 अप्रैल, 2025

# मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना बनी जीवनदायिनी, मरीजों को हो रहा फायदा

## राजकीय उपजिला अस्पताल में निशुल्क ऑपरेशन से मरीजों को मिल रही राहत

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से चलाई गई मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना ना सिर्फ मरीजों की जान बचा रही है बल्कि इस योजना के तहत उन्हें लाखों रुपए की बचत भी हो रही है और यह योजना उन लोगों के लिए तो जीवनदान साबित हो रही है जो लोग अपना इलाज बड़े प्राइवेट हॉस्पिटल में करवाने की सोच भी नहीं सकते। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत मैरिज 25 लाख रुपए तक का इलाज निशुल्क करवा सकता है। सरदारशहर के राजकीय उपजिला अस्पताल में अपना इलाज करवाने आए शहर के वार्ड 44 निवासी मोहम्मद आवेश पुत्र मोहम्मद वासीद की चेस्ट फिजिशियन डॉ संदीप चाहर ने न सिर्फ मोहम्मद आवेश की जान बचाई बल्कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत किए गए उपचार के कारण मोहम्मद आवेश को करीब डेढ़ लाख रुपए का फायदा भी हुआ। राजकीय उप जिला अस्पताल के चेस्ट फिजिशियन डॉक्टर संदीप चाहर ने बताया कि मोहम्मद आवेश जब अपना इलाज करवाने के लिए राजकीय उपजिला अस्पताल में आया था उसे



छाती में दर्द और गंभीर सांस की बीमारी थी। उसके बाद मुख्यमंत्री निशुल्क जांच योजना के तहत मोहम्मद आवेश का एक्सरे करवाया गया। जांच रिपोर्ट में पाया गया कि मोहम्मद आवेश की छाती में पूरी तरह से मवाद भर चुका है। डॉक्टरो ने गंभीरता को देखते हुए तुरंत मोहम्मद आवेश की छाती में चेस्ट ट्यूब डालकर करीब 4 लीटर मवाद निकाला। डॉक्टर ने बताया कि अब मैरिज मोहम्मद आवेश पूरी तरह से स्वस्थ है और आने वाले दो या तीन दिनों में उसे छुट्टी दे दी जाएगी। डॉ संदीप चाहर ने बताया कि यह पूरा इलाज मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से चलाई गई आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत निशुल्क हुआ है। मोहम्मद आवेश अगर अपना इलाज किसी प्राइवेट हॉस्पिटल में करवाता तो उसे करीब डेढ़ लाख रुपए खर्च करने पड़ते और राजकीय उपजिला अस्पताल में इनका पूरा इलाज निशुल्क हुआ है। डॉ संदीप चाहर ने कहा कि मुख्यमंत्री की यह योजना गरीबों के लिए बहुत फायदेमंद है। लाभार्थी मरीज के परिजन अब्दुल सत्तार ने बताया कि मोहम्मद आवेश को पहले निमोनिया हुआ और निमोनिया अधिक होने के कारण जब हमने डॉक्टर संदीप चाहर को दिखाया तो उन्होंने कहा कि मोहम्मद आवेश की छाती में पूरी तरह से मवाद भर चुका है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर संदीप चाहर ने बताया कि आपको किसी भी प्राइवेट अस्पताल में जाने की जरूरत नहीं है। यहां पर आपका अच्छा और निशुल्क इलाज हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत यह पूरा इलाज निशुल्क किया गया है और अब हमारा बच्चा मोहम्मद आवेश पूरी तरह से स्वस्थ है। लाभार्थी मरीज के बड़े भाई मोहम्मद अल्ताफ ने बताया कि जब हम मेरे छोटे भाई मोहम्मद आवेश को लेकर राजकीय उपजिला अस्पताल में आए थे तो उसकी स्थिति गंभीर थी। डॉक्टर संदीप चाहर की ओर से मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना के तहत निशुल्क इलाज किया गया और अब मेरा छोटा भाई मोहम्मद आवेश पूरी तरह से स्वस्थ है। उन्होंने कहा कि अगर हम यह इलाज किसी प्राइवेट हॉस्पिटल में करवाते तो करीब डेढ़ लाख रुपए खर्च हो जाते। लेकिन मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत हमारा 1 रुपये भी खर्च नहीं हुआ। उपचार में उपयोग में की गई दवाई भी पूरी तरह से निशुल्क है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की यह बहुत अच्छी योजना है जिसके तहत इस तरह के बड़े इलाज पूरी तरह से निशुल्क होते हैं। राजकीय उपजिला अस्पताल के प्रभारी डॉ चंद्रभान जांगिड़ ने बताया कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत राजकीय उपजिला अस्पताल में लगातार मरीज लाभान्वित हो रहे हैं। राजकीय अस्पताल के डॉक्टर की ओर से पहले भी कई बड़े ऑपरेशन इस योजना के तहत निशुल्क किए गए हैं और मरीजों को लाखों रुपए का फायदा हुआ है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत मोहम्मद आवेश का पूरा इलाज डॉक्टर संदीप चाहर ने निशुल्क किया है। उन्होंने कहा कि गरीब लोगों के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की यह योजना जीवनदायिनी साबित हो रही है और गरीब लोग मुख्यमंत्री कि इस योजना का भरपूर लाभ उठा रहे हैं। बता दे कि मोहम्मद आवेश अब पूरी तरह से स्वस्थ है और मोहम्मद आवेश के परिवार को उसके इलाज के लिए 1 रुपया भी खर्च नहीं करना पड़ा। जिसके चलते मोहम्मद आवेश और उसके परिजन पूरी तरह से खुश नजर आ रहे हैं।

## 11.46 लाख रूपए का अवार्ड पारित

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर न्यायालय मोटर दुर्घटना दावाधिकरण के पीठासीन अधिकारी संतोष कुमार मीणा ने सड़क दुर्घटना मामले में ब्याज सहित कुल 11.46 लाख रूपए का अवार्ड पारित किया। पीड़ित की ओर से पैरवी कर अधिवक्ता अनिल कुमार स्वामी राजपुरा ने बताया कि 21 जनवरी 2018 समन्दरसर गाँव के निवासी मोहनराम अपना टैम्पों लेकर चूरू से राजगढ जा रहा था, जब राजु की ढाणी के पास पहुंचा तो सामने से वाहन चालक जावेद लुहार गाडी को तेज गति व लापरवाही से चलाते हुए मोहनराम के टैम्पों के टक्कर मार दी, जिससे मोहनराम के गम्भीर चोटें आई। गम्भीर चोटों की वजह से मोहनराम की मृत्यु हो गई। उक्त घटना का तारानगर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ। पुलिस ने अनुसंधान कर कार चालक के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया। मृतक मोहनराम की ओर से उसकी पत्नी छग्गु देवी व पुत्र पुत्रियों ने न्यायालय में क्लेम याचिका पेश की। पीठासीन अधिकारी संतोष कुमार मीणा ने पत्रावली का अवलोकन कर पत्रावली पर आए साक्ष्यों के आधार पर प्रार्थी के पक्ष में ब्याज सहित कुल 11.46 लाख रूपए का अवार्ड पारित कर अप्रार्थी बीमा कम्पनी को अदा करने का आदेश प्रदान किया।

## ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर ने किए सालासर बालाजी के दर्शन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** प्रदेश के ऊर्जा विभाग राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने गुरूवार शाम को सालासर पहुंचकर बालाजी मंदिर के दर्शन कर पूजा अर्चना की और देश - प्रदेश में खुशहाली की कामना की। इस दौरान राज्य मंत्री नागर के सालासर पहुंचने पर पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, प्रधान मनभरी देवी, धर्मवीर पुजारी, मांगीलाल पुजारी, हनुमान सेवा समिति अध्यक्ष सत्यप्रकाश पुजारी, पूर्व अध्यक्ष यशोदानन्दन पुजारी, मनोज पुजारी, मनोज बाटड़, मनोज शर्मा, सुरेश पुजारी, भंवरलाल सामोता, कुम्भाराम ढुकिया, श्रवण ढ़िढ़ारिया, विशाल जांगिड़, सोहन लोमरोड़, प्रहलाद जाखड़, बैध भंवरलाल शर्मा आदि ने मंत्री नागर का स्वागत किया।

## कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने धाबास सड़क का किया निरीक्षण



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** कैबिनेट मंत्री, राजस्थान सरकार और झोटवाड़ा विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने धाबास सड़क का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने संबंधित अधिकारियों से विकास कार्यों के प्रगति की जानकारी ली और जनता से संवाद कर उनका कुशलक्षेम जाना। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ की ओर से क्षेत्र में तीव्र गति से करवाए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए उनका धन्यवाद किया।

## एनडीपीएस मामले में दो आरोपियों को 14 साल कठोर कारावास की सजा

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर के अपर जिला व सेशन न्यायाधीश संतोष कुमार मीणा ने अभियुक्त हरियाणा के बलजीत सिंह व जगसीरसिंह को 10 साल पहले दर्ज एनडीपीएस मामले में 14-14 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। सरकार की ओर पैरवी कर रहे अपर लोक अभियोजक एडवोकेट पंकज स्वामी ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों को साहवा सड़क के पास से गिरफ्तार किया था, जिनके पास से 2 क्विंटल मादक पदार्थ ( डोडा पोस्त चुरा) बरामद हुआ विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र दाखिल किया। प्रथम दृष्टया मामला पाते हुए, अदालत ने एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8/15 स्थापक औषधि व मनःप्रभावी पदार्थ अधिनयिम 1985 व धारा 468 , 471 भा.दं.सं. के तहत दंडनीय अपराधों के लिए आरोप तय किये। स्वामी ने बताया कि न्यायालय के समक्ष तर्क दिएए कि अभियोजन पक्ष ने मामले को संदेह से परे साबित किया है। उन्होंने दोषियों को एक अनुकरणीय सजा की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि नशा देश के युवाओं को नष्ट कर रहा है जिस पर अपर जिला व सेशन न्यायाधीश संतोष कुमार मीणा की ओर से आरोपियों को प्रत्येक को धारा 8/15 स्वापक औषधि व मनःप्रभावी पदार्थ अधिनयिम में 14 साल के कठोर कारावास व 1,50,000/रूपए अर्थदण्ड व अदम अदायगी अर्थदण्ड में अतिरिक्त दो वर्ष के साधारण कारावास धारा 468 भा.दं.सं. के लिए 5 साल का कठोर कारावास व 20,000/-रुपये अर्थदण्ड व अदम अदायगी अर्थदण्ड में तीन माह के साधारण कारावास व धारा 471 भा.दं.सं. में 1 साल के कठोर कारावास 20,000/-रूपए अर्थदण्ड व अदम अदायगी अर्थदण्ड में तीन माह के साधारण कारावास की सजा सुना कर जेल भेजा।

## नौ साल से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि शीशराम पुत्र रामकुमार निवासी शिवराना का बास, लक्ष्मणगढ़ जिला सीकर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी 9 साल से वांछित था।

# परंपरागत जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित कर उनकी मरम्मत कराकर जल का संग्रहण करे : सहारण




### विधायक सहारण ने दूधवाखारा में जलग्रहण यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, जल संग्रहण की दिलाई शपथ

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 जलग्रहण घटक के तहत प्रदेश में चल रही जलग्रहण यात्रा बुधवार को गांव दुधवाखारा पहुंची। यात्रा के पहुंचने पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हरलाल सहारण थे। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रधान दीपचंद राहड़, अधीक्षण अभियंता महेंद्र कुमार, अधिशासी अभियंता मजहर हुसैन, अधिशासी अभियंता जगदीश, दूधवाखारा सरपंच सिणगारी देवी, सरपंच प्रतिनिधि प्रो. डीके सिंह कस्वां, लालासर सरपंच गोपाल कस्वां, एईएन नागरमल वर्मा, जेईएन सचिन अग्रवाल व तारानगर जेईएन संजय नायक रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ आगंतुक अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अतिथियों का मार्ल्यापण कर व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित जनों को जल संग्रहण की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विधायक




सहारण ने कहा कि हम अगर बारिश के पानी को इकट्ठा नहीं करेंगे तो आने वाले समय में पानी की भयंकर किल्लत हो जायेगी। उन्होंने कहा कि परंपरागत जल स्रोतों को पुनर्जीवित कर उनकी मरम्मत मरम्मत करवाकर जल का संग्रहण करें। हमारा प्रयास रहे कि छत का पानी घर में तथा खेत का पानी खेत में ही काम आए। प्रधान दीपचंद राहड़ ने कहा कि पानी को रिसाईकिल करने पर फोकस करें। खेतों में टांकों के माध्यम से कृषि को सुदृढ़ करते हुए फसल की उपज बढ़ाएं। अधीक्षण अभियंता महेंद्र कुमार ने कहा कि जलग्रहण गतिविधियों में सभी के प्रयासों से हम जल स्तर को बढ़ा पाएंगे। सरपंच प्रतिनिधि प्रो. डीके सिंह कस्वां व लालासर सरपंच गोपाल कस्वां ने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की आवश्यकता है। हम संकल्पित होकर जल संरक्षण के लिए प्रयास करें। इस दौरान विद्यार्थियों ने जल संरक्षण जागरूकता रैली निकाली। कार्यक्रम में जलग्रहण गतिविधियों के अंतर्गत चित्रकला, वाद विवाद व निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अतिथियों ने प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह् व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान विधायक सहारण ने दुधवाखारा में झाड़वानी जोहड़े का उद्घाटन किया और पौधारोपण भी किया। वहीं खेल मैदान में सार्वजनिक कुंड का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में पंडित च्यानणमल शर्मा ने मंत्रोच्चारण कर भूमि पूजन करवाया। विधायक सहारण ने जल संचय को लेकर जागरूकता रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर देवेंद्र खिचड़, दयाराम कस्वां, राजेंद्र मेहड़ा, महावीर फौजी, देवकरण दायमा, राजवीर सिंह चारण, शंकर लाल शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र ढ़ेबाण ने किया।

## जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने किया सरदारशहर का दौरा



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर की नगर परिषद के सभागार हॉल में चूरू जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने नगर परिषद के सभापति राजकरण चौधरी, आयुक्त मगराज डूडी, एसडीएम डॉ दिव्या चौधरी के साथ नगर परिषद इलाके में विकास कार्य और साफ सफाई सहित अन्य गतिविधियों को लेकर चूरू जिला कलेक्टर ने चर्चा करते हुए प्रत्येक कर्मचारी से वन टू वन वार्ता करते हुए नगर परिषद क्षेत्र में शानदार कार्य करने की बात कहीं। उसके बाद चूरू जिला कलेक्टर ने नेहरू पार्क, बीकानेर रोड पर गिनाणी, सीवरेज प्लांट का निरीक्षण किया। नगर परिषद के आगे धरने पर बैठे हुए चीता सेना के बैनर तले संगठन के अध्यक्ष ओंकार बाली और कांग्रेस नेता जगदीश धनावंशी ने कहा कि चूरू जिला कलेक्टर अभिषेक सुराना पिछले लंबे समय से चूरू जिले में जहां भी जाते हैं तो केवल मलाईदार विभाग जहां पर काफी बजट होता है वहां का ही निरीक्षण करते हुए कमियां निकालते हैं। क्योंकि उसकी मिली भगत के कारण कुछ मिलता होगा। इसीलिए निरीक्षण करते हैं। सीवरेज के प्लाट का बहुत बड़ा बजट है। इसीलिए इसका ही निरीक्षण किया। जबकि रास्ते में उप जिला अस्पताल जहां पर मरीजों को सही तरीके से सुविधा नहीं मिल रही है और पिछले कई दिनों से गांधी चौक पर और भानीपुरा में किसानों का लंबे समय से धरना चल रहा है। यहां पर कोई समानजनक अधिकारी को भेजकर वार्ता तक नहीं करवाई। इससे साबित हो रहा है कि जिला कलेक्टर भ्रष्टाचार करने वालों के साथ मिली भगत करके आम जनता की सुद नहीं ले रहे हैं। कम्युनिस्ट पार्टी के रामकिशन छींपा ने बताया कि भानीपुरा में पिछले चार-पांच दिनों से फसल बीमा कंपनी के खिलाफअनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। वहां पर भी कोई वार्ता के लिए समानजनक अधिकारी नहीं भेजा गया। जिसके कारण इलाके के किसानों में जिला कलेक्टर के खिलाफ आक्रोश है। वहीं जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने बताया कि आगामी बरसात के मौसम को देखते हुए जिले में निरीक्षण किया जा रहा है। सरदारशहर नगर परिषद की ओर से बरसाती पानी के निकासी को लेकर किस तरह समाधान किया जाएगा।

# समुचित प्रबंधन से नागरिकों को दें अच्छी सुविधाएंः सुराणा

### जिला कलक्टर ने सरदारशहर नगरपरिषद कार्यालय व गैनाणी का किया अवलोकन

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने गुरुवार को जिले के सरदारशहर नगर परिषद कार्यालय और परिषद मुख्यालय पर स्थित गैनाणी का निरीक्षण किया और नगरपरिषद कार्यालय में बैठक में अधिकारियों को समुचित दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान संबोधित करते हुए जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि कार्यालय में विभिन्न प्रकरणों में पेंडेंसी को दूर करें तथा समुचित प्रबंधन से अच्छी सुविधाएं नागरिकों को दें। सुराणा ने कहा कि बेहतरीन समय प्रबंधन व सेवाएं प्रदायगी हमारा ध्येय है। हम इसी भावना के साथ आमजन की प्रकरणों में समुचित और समयबद्ध ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करें तथा बेहतरीन सेवाएं दें। इस मौके पर सरदारशहर नगर परिषद





मुख्यालय स्थित गैनाणी तथा बीकानेर रोड स्थित गैनाणी का अवलोकन कर जिला कलक्टर ने कहा कि गैनाणी के पानी को खाली करवाएं और आगामी बरसात के मौसम को देखते हुए अभी से ही सभी व्यवस्थाएं समुचित करें। ऐसा ना हो कि एनवक्त पर किसी प्रकार की परेशानी खड़ी हो। उन्होंने कहा कि गैनाणी के पंप हाउस, मोटर आदि सुचारू हालत में हो, यह सुनिश्चित कर लें। इस दौरान उन्होंने रावतसर रोड स्थित कचरा डंपिंग यार्ड का भी अवलोकन किया और समुचित निस्तारण के निर्देश दिए। सभापति राजकरण चौधरी ने नगरपरिषद की व्यवस्थाओं से अवगत करवाया।

### पूलासर में देखी व्यवस्थाएं

जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने जिले के पूलासर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने जल भराव क्षेत्र का अवलोकन कर कहा कि आगामी बरसात को देखते हुए अभी से ही सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जल भराव से निपटने के लिए रिचार्ज स्ट्रक्चर आदि बनाए जाएं। जिला कलक्टर ने पूलासर में आयोजित ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। एसडीएम डॉ दिव्या ने सभी व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस दौरान तहसीलदार रतनलाल, बीडीओ महेंद्र सोलंकी, नगरपरिषद आयुक्त मगराज डूडी सहित समस्त नगर परिषद स्टाफ मौजूद रहा।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।